अधिकतम 28
15 न्यूनतम
सूर्योदय 6.40
सूर्यास्त 5.33
1,23,320.00
चांदी (प्रति किलो) : 1,68,000
83,978.49
88.78
63.30
58.18

# दैनिक अर्थ प्रकाश

खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

चंडीगढ़, दिल्ली, हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशित पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में प्रसारित




बातों बातों में मन की बात

उपाध्याय गुप्तिसागर मुनि

रुकावटें आती हैं सफलता की राहों में... ये कौन नहीं जानता, फिर भी वह मंजिल पा ही लेता है जो हार नहीं मानता।


वर्ष 40 | चंडीगढ़, मंगलवार, 04 नवंबर, 2025 | कार्तिक शुक्ल पक्ष: चतुर्दशी, विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 304 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12


## न्यूज़ ब्रीफ

### जयपुर में डंपर चालक ने 17 गाड़ियों को कुचला, 13 की मौत



**जयपुर (अप्रस)।** जयपुर में तेज रफ्तार डंपर ने एक के बाद एक 17 गाड़ियों को टक्कर मार दी। हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में कई के शरीर टुकड़ों में बंट गए। किसी का पैर कट गया तो किसी का हाथ। हादसे में 10 घायल हो गए जबकि 6 गंभीर घायलों को एसएमएस अस्पताल ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार दोपहर हरमाड़ा के लोहा मंडी पर हुआ। दोपहर करीब 1 बजे डंपर लोहा मंडी पेट्रोल पंप की तरफ से रोड नंबर -14 से हाईवे पर चढ़ने के लिए जा रहा था। इस दौरान उसने गाड़ियों को टक्कर मार दी। लोगों ने डंपर ड्राइवर को मौके से पकड़ लिया। वह नशे में था। ड्राइवर कल्याण मीणा विराटनगर का रहने वाला है, जिसका हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।




# तरनतारन उपचुनाव में आम आदमी पार्टी दर्ज करेगी ऐतिहासिक जीत: मुख्यमंत्री भगवंत मान

जन-हितैषी नीतियों की बदौलत आम आदमी पार्टी भारी जीत दर्ज करेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि आम आदमी पार्टी तरनतारन उपचुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने के लिए पूरी तरह तैयार है। आप उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में रैलियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का भारी उत्साह से यह स्पष्ट दिख रहा है कि राज्य सरकार की जन-पक्षीय नीतियों के कारण 'आप' तरनतारन में बड़ी जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार



ने समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण पहलकदमियां की हैं, जिसके कारण लोग पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब के सर्वांगीण विकास और इसके लोगों की खुशहाली को सुनिश्चित किया है, जिसके परिणामस्वरूप लोग आप की जीत सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध हैं।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि सुखबीर को यह शेखी मारने का बहुत शौक है कि उनके शासनकाल में बहुत विकास हुआ है, जबकि वे बरगाड़ी की घटना, जहां मासूम लोगों पर गोलियां चलाई गई थी या नशे की समस्या जिसके कारण युवा आए दिन मर रहे हैं, के बारे में बात करने का साहस नहीं रखते क्योंकि ये मुद्दे अकाली दल के खराब कुशासन के गवाह हैं। उन्होंने अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल पर निशाना साधते हुए कहा कि बादलों ने राज्य और इसके लोगों की परवाह किए बिना सिर्फ अपने कारोबार को बढ़ाने के लिए काम किया। भगवंत सिंह मान ने कहा कि 2007-2017 का समय राज्य का सबसे काला दौर था जब परिवहन, केबल, रेत, नशा और अन्य माफिया ने राज्य में अपने पैर पसारे। **शेष पेज-4 पर**

### सुखबीर बादल लोगों को कर रहे गुमराह करने की कोशिश

शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व उपमुख्यमंत्री अपनी राजनीतिक चालों के माध्यम से लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि बादल परिवार ने राज्य और इसके लोगों के खिलाफ घिनौने पाप किए हैं जिन्हें कभी माफ नहीं किया जा सकता। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये नेता सिर्फ बयान जारी करके खुद को पापों से मुक्त नहीं कर सकते क्योंकि लोग अच्छी तरह जानते हैं कि इन नेताओं ने राज्य को बर्बाद करके रख दिया है।

### विपक्षी बेवजह कर रहे बदनाम

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार के खिलाफ कोई ठोस मुद्दा न होने के कारण विपक्षी दल के नेता सिर्फ सरकार को बेवजह बदनाम करने के उद्देश्य से ही इसकी आलोचना कर रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसी बेतुकी बातों पर ध्यान न देकर राज्य सरकार लोगों की भलाई और राज्य के विकास के लिए काम करती रहेगी। उन्होंने कहा कि ये नेता उनकी सरकार द्वारा लिए जा रहे जन-पक्षीय फैसलों को हजम नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण वे अपने निजी स्वार्थों के लिए ऐसे घटिया हथकंडे अपना रहे हैं।

# हरियाणा सरकार 1984 के दंगा पीड़ितों को एचकेआरएन से देगी नौकरी

## हरियाणा कैबिनेट के फैसले: नई टीचर ट्रांसफर पालिसी को मिली हरी झंडी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 1984 में हुए दंगा पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत दी गई। वहीं, बैठक शिक्षकों के लिए राहत भरी साबित हुई, बैठक में नई टीचर ट्रांसफर पालिसी को मंजूरी दी गई है। इसके साथ ही तीन साल पुराने शहीदों के आश्रितों को मिलेगी नौकरी देने को हरी झंडी दी गई।

नायब सरकार वर्ष 1984 में हुए दंगों के पीड़ित परिवारों के एक व्यक्ति को एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी देगी। बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने बताया कि इसकी घोषणा उन्होंने हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान 25 अगस्त, 2025 को सदन में की थी। ऐसे पीड़ित परिवार के एक सदस्य को एचकेआरएन के माध्यम से नौकरी दी जाएगी। मंत्रिमंडल ने यह भी निर्णय लिया है कि उस समय जो हरियाणा के निवासी थे, जिनकी मृत्यु दंगों के दौरान चाहे हरियाणा से बाहर हुई हो, उनके आश्रितों को भी सरकार नौकरी देगी। इस संबंध में जल्द ही विभागीय प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इनको 58 साल की आयु तक नौकरी से नहीं हटाया जाएगा।

मंत्रिमंडल की बैठक में सबसे अहम एजेंडा टीचर ट्रांसफर पालिसी मंजूरी का रहा। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नई टीचर ट्रांसफर पॉलिसी-2025 को मंजूरी दे दी गई। सरकार ने इस पॉलिसी को लागू करने से पहले कई चरणों में अधिकारियों के साथ मंथन किया है तो वहीं विभिन्न अध्यापक संगठनों के साथ भी बैठक करके सुझाव लिए गए हैं। अब सरकार ने कई तरह के संशोधन के बाद पॉलिसी का सरलीकरण किया है। नई पॉलिसी के तहत ज़ोनिंग का कॉन्सेप्ट हटा दिया गया है। अब शिक्षक सीधे कोई भी स्कूल चुन सकते हैं। **शेष पेज-4**



### तीन साल पुराने शहीदों के आश्रितों को भी मिलेगी नौकरी

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा मूल के युद्ध में जान गंवाने वाले शहीद सैनिकों के आश्रितों को अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति के लिए हरियाणा सरकार की नीति में छूट प्रदान की है। अब उन आश्रितों को भी नौकरी मिलेगी जो निर्धारित तीन साल की अवधि के भीतर आवेदन नहीं कर सके। इससे पहले सरकार ने 26 जून, 2025 को मंत्रिमंडल की बैठक में शहीद सैनिकों के 8 आश्रितों को अनुकंपा आधार पर नियुक्ति दी है।

### कारखानों में कर्मचारियों को देना होगा नियुक्ति पत्र

हरियाणा के कारखानों में कार्य करने वाले कामगारों को अब नियुक्ति पत्र देना अनिवार्य होगा। हरियाणा सरकार ने सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में 'कारखाना (संशोधन) अध्यादेश, 2025' को मंजूरी प्रदान की है। नए नियमों के अनुसार अब कारखाना प्रबंधन को हर श्रमिक को नियुक्ति के समय नियुक्ति पत्र अनिवार्य करने का प्रावधान है। उद्योगों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भी प्रावधान किया गया है। इसके अनुसार अब,महिला श्रमिक भी मशीनरी पर आवश्यक सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध होने पर कार्य कर सकेंगी। संशोधन में प्रति तिमाही ओवर टाइम सीमा को 115 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे किया गया है। सभी ओवरटाइम कार्य अब स्वैच्छिक रहेंगे। ओवरटाइम के दौरान सामान्य मजदूरी दर से दोगुनी दर से मुआवजा दिया जाएगा, जिससे श्रमिकों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी। बैठक में हरियाणा दुकान एवं वाणिज्यिक प्रतिष्ठान (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को भी मंजूरी दी गई है। संशोधन के तहत 20 से कम कर्मचारी वाले प्रतिष्ठान/ दुकान पर हरियाणा दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठान लागू नहीं होंगे। पंजीकरण, संशोधन और अन्य कार्य पूरी तरह से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से होंगे। सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र व नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

# हरजिंदर सिंह धामी 5वीं बार बने एसजीपीसी के प्रेसिडेंट

मिट्ठू सिंह को 99 वोटों से हराया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**अमृतसर।** हरजिंदर सिंह धामी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीस) के 5वीं बार प्रेसिडेंट बन गए हैं। उन्होंने अकाली दल (पुनर सुरजीत) के उम्मीदवार मिट्ठू सिंह को 99 वोट से हराया। इसके साथ रघुजीत सिंह विर्क को सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, बलदेव सिंह को जूनियर वाइस प्रेसिडेंट और शेर सिंह मंड को जनरल सेक्रेटरी चुना गया।

बता दें कि चुनाव की शुरुआत में एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने हाथ खड़े करवा चुनाव करवाने की अपील की। लेकिन उनकी इस अपील को खारिज कर दिया गया। जिसके बाद अब वोटिंग के माध्यम से चुनाव प्रक्रिया को शुरू किया गया है।

अकाली दल के नेता दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि ये बहुत बड़ी कामयाबी है। सुखबीर सिंह बादल ने



सभी सदस्यों की राय के बाद एडवोकेट धामी का नाम घोषित किया था। जिसके बाद उन्हें 117 वोटें पड़ी, जबकि मिट्ठू सिंह को सिर्फ 18 वोटें पड़ी। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों का धन्यवाद है कि उन्होंने एक बार फिर ईमानदार शख्सियत को चुना है। बीते साल भी वोटें पड़ीं थी तो विरोधी पक्ष को 33 वोट पड़ी थी और इस बार ये गिनती और कम हो गई है।

मिट्ठू सिंह ने कहा कि जिन्होंने धामी के खिलाफ चुनाव लड़ा था, उन्हें भी अंतिम कमेटी का सदस्य चुना गया है। ये चुनाव गोल्डन टेंपल परिसर में स्थित तेजा सिंह समुद्री हॉल में हुआ।




# आंकड़े बोलते हैं: 'आप' सरकार ने 11.40 करोड़ ज़ीरो बिल जारी किए, 13.50 लाख किसानों को भी मुफ़्त बिजली दी: हरमीत संधू

कहा-मान सरकार की गारंटी ने पंजाब किया रौशन, 11.40 करोड़ ज़ीरो बिलों ने पिछली सरकारों को दिखाया आईना

पंजाब के 90 प्रतिशत परिवारों का बिजली बिल ज़ीरो आना 'आप' सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि: संधू



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 3 नवंबर।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने 'ज़ीरो बिजली बिल' की गारंटी को सफलतापूर्वक लागू करके राज्य के प्रशासनिक इतिहास में एक नया इतिहास लिख दिया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक चुनावी वादा नहीं, बल्कि एक क्रांतिकारी कदम साबित हुआ है, जिसने आम आदमी की ज़िंदगी से एक बड़े वित्तीय बोझ को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। संधू ने कहा कि आज पंजाब के 90 प्रतिशत (90 प्रतिशत) घरों का बिजली बिल ज़ीरो आ रहा है, जो 'आप' सरकार की साफ नीयत और नीति का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

हरमीत सिंह संधू ने आंकड़े जारी करते हुए कहा कि इस योजना की सफलता का सबसे बड़ा सबूत यह है कि जुलाई 2022 में इसके लागू होने से लेकर 31 अक्टूबर 2025 तक, पंजाब सरकार ने कुल 11,39,43,344 (यानी लगभग 11.40 करोड़) 'ज़ीरो बिजली बिल' जारी किए हैं। इसके साथ ही, कुल 13,46,32,343 (13.46 करोड़ से अधिक) उपभोक्ताओं ने सब्सिडी वाली बिजली का लाभ उठाया है। उन्होंने बताया कि अकेले अगस्त-सितंबर 2025 के एक बिलिंग साइकिल में ही 73,87,460 परिवारों के बिजली बिल ज़ीरो आए हैं।

संधू ने कहा कि इस योजना से आम परिवारों को हर महीने 1500 रुपये से 2000 रुपये तक की सीधी बचत हो रही है, जिसका इस्तेमाल वे अपने बच्चों की शिक्षा और परिवार की अन्य ज़रूरतों पर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना एक बार की राहत नहीं, बल्कि सरकार की मजबूत नीति का नतीजा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में, कुल 3,59,59,088 (लगभग 3.60 करोड़) 'ज़ीरो बिल' जारी किए गए थे, और वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी यह सिलसिला जारी रहा और 3,45,77,832 (लगभग 3.46 करोड़) 'ज़ीरो बिल' दिए गए।

'आप' उम्मीदवार ने पिछली अकाली-भाजपा और कांग्रेस सरकारों पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि जब 'आप' सरकार 90 प्रतिशत पंजाबियों के बिल ज़ीरो कर सकती है, तो पिछली सरकारें ऐसा क्यों नहीं कर सकीं? उन्होंने कहा कि सच तो यह है कि उनमें न तो राजनीतिक इच्छाशक्ति थी और न ही जन-समर्थक नीतियां बनाने का विज़न। संधू ने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने सिर्फ पंजाब के खजाने को लूटा और अपने निजी हितों को पूरा किया, लेकिन कभी भी आम आदमी के बिजली बिल के बोझ को कम करने की गंभीरता से कोशिश नहीं की।

हरमीत सिंह संधू ने कहा कि 'रौशन पंजाब' मिशन के तहत मान सरकार सिर्फ घरों को ही नहीं, बल्कि पंजाब की रीढ़ की हड्डी, यानी 'अन्नदाता' को भी मजबूत कर रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि पंजाब के 13.50 लाख (साढ़े तेरह लाख) किसानों को खेती के लिए मुफ़्त बिजली निर्बाध मिलती रहे, ताकि उनकी इनपुट लागत कम हो और आय में वृद्धि हो।

उन्होंने योजना का विवरण देते हुए बताया कि यह सिर्फ 'मुफ़्त' नहीं, बल्कि एक 'स्मार्ट' और सोची-समझी नीति है। 600 यूनिट तक की खपत पर बिल 'शून्य' आता है, जिसमें उपभोक्ताओं को न सिर्फ बिजली की कीमत, बल्कि फिक्स्ड चार्ज, मीटर रेंट या किसी भी अन्य टैक्स का भुगतान भी नहीं करना पड़ता है। इसके अलावा, कमजोर वर्गों के लिए एक 'सेफ्टी नेट' भी है। संधू ने अंत में कहा कि यह 11.40 करोड़ 'ज़ीरो बिल' और 90 प्रतिशत घरों को मिली राहत स्पष्ट करती है कि पंजाब में प्रशासन का एक नया युग शुरू हो चुका है। यह 'पंजाब मॉडल' है, जो खोखले वादों पर नहीं, बल्कि ठोस 'गारंटी' पर आधारित है।

## मान सरकार के 'अपराध पर वार' ने अमन-शांति बहाल की, नौजवानों का भविष्य सुरक्षित हुआ

### हरमीत सिंह संधू का पिछली सरकारों पर हमला, कहा-'आप' ने गैंगस्टरवाद और नशों की कमर तोड़ी

**तरनतारन।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार ने पंजाब से गैंगस्टरवाद और नशों के जाल को तोड़कर राज्य में फिर से अमन-शांति बहाल की है। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों की ढीली नीतियों के कारण यह समस्याएं विकराल रूप ले चुकी थीं, लेकिन मान सरकार ने आते ही 'जुर्म और माफिया' के प्रति 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाकर नौजवानों का भविष्य सुरक्षित किया है। हरमीत सिंह संधू ने कहा कि सरकार द्वारा गठित एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने संगठित अपराध के नेटवर्क को तोड़ने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। इसी सख्ती का नतीजा है कि एनसीआरबी (नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो) के आंकड़ों (2021 की तुलना में 2022) के अनुसार, पंजाब में हत्या, अपहरण और चोरी जैसे गंभीर अपराधों में कमी आई है। 'युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान का ज़िक्र करते हुए संधू ने कहा कि हज़ारों नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और इतिहास में पहली बार, कुछ कुख्यात नशा तस्करों की अवैध संपत्तियों पर बुल्डोज़र चलाया गया। इसके अलावा, पुलिस ने ड्रोन के जरिए होने वाली हथियारों की तस्करी के मॉड्यूल का पर्दाफाश करके और आरडीएक्स, आईईडी व हैंड ग्रेनेड जैसे विस्फोटक बरामद करके राष्ट्र विरोधी तत्वों के मंसूबों पर पानी फेर दिया है। उन्होंने कहा कि अपराध को रोकने के लिए भ्रष्टाचार पर वार करना भी ज़रूरी था। एंटी करप्शन एक्शन लाइन (9501200200) शुरू की गई और अपने ही मंत्रियों पर भी कार्रवाई की गई। मुख्यमंत्री द्वारा ज़िलों के एसएसपी और डीसी की व्यक्तिगत जवाबदेही तय करने से पुलिस प्रशासन पहले से कहीं अधिक सक्रिय और जवाबदेह हुआ है। संधू ने अंत में कहा कि मान सरकार के इस 'अपराध पर वार' अभियान का सबसे बड़ा लाभ पंजाब के युवाओं को मिल रहा है। गैंगस्टरों और नशे का जाल टूटने से, युवाओं को एक सुरक्षित और स्वस्थ माहौल मिला है, जहां वे अपराध की ओर भटकने की बजाय अपने सपनों को पूरा कर सकते हैं।

## हरमीत सिंह संधू ने कहा, 'आप' सरकार ने खेती को बनाया लाभदायक, नौजवानों के लिए खोले तरक्की के रास्ते

पिछली सरकारों ने नौजवानों को भगाया, मान सरकार ने 12-14 लाख कमाने वाले किसान बनाए: संधू



**तरनतारन।** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू ने कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की किसान-हितैषी नीतियों ने पंजाब में कृषि क्रांति की नींव रख दी है। उन्होंने कहा कि यह 'रंगला पंजाब' की असली तस्वीर है कि जो नौजवान पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण खेती छोड़कर विदेशों की ओर भाग रहे थे, वही नौजवान आज लाखों की नौकरियां छोड़कर खेती को एक सफल कारोबार के तौर पर अपना रहे हैं। हरमीत सिंह संधू ने आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि मान सरकार के प्रयासों से अब तक 1,200 से अधिक नौजवान सफल 'कृषि-उद्यमी' (एग्री-एंटरप्रेन्योर) बन चुके हैं। उन्होंने लुधियाना ज़िले के गांव सराभा के किसान हरबीर सिंह का उदाहरण देते हुए कहा कि इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल करने के बाद इस नौजवान ने नौकरी की बजाय खेती को चुना। आज वह सरकार की आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर औसतन 12 से 14 लाख रुपये सालाना शुद्ध मुनाफा कमा रहा है। संधू ने कहा कि यह सब मुख्यमंत्री भगवंत मान की दूरदर्शी सोच और बागबानी विभाग की कड़ी मेहनत से संभव हुआ है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 'राष्ट्रीय बागबानी मिशन' जैसी योजनाओं के तहत पॉलीहाउस स्थापित करने के लिए 50 प्रतिशत तक सब्सिडी मुहैया करवाई जा रही है। किसान हरबीर सिंह ने भी इसी सब्सिडी का लाभ उठाकर बिना बीज वाले खीरे, रंगीन शिमला मिर्च और खरबूजे की खेती शुरू की और बड़ा मुनाफा कमाया। आप उम्मीदवार ने कहा कि बागबानी मंत्री और विभाग की निदेशक के नेतृत्व में विभाग के अधिकारी किसानों को प्रशिक्षण देने से लेकर उनकी समस्याओं के समाधान तक पूरी मदद कर रहे हैं। संधू ने कहा कि हरबीर सिंह जैसे सैकड़ों नौजवानों की सफलता यह साबित करती है कि 'आप' सरकार ने खेती को घाटे का सौदा नहीं, बल्कि सही तकनीक, कड़ी मेहनत और सरकारी सहायता से खुशहाली का रास्ता बना दिया है।

# तरनतारन में 'आप' उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू को मिला भारी समर्थन

संधू ने पूरी लगन से तरनतारन की सेवा करने का लिया प्रण, विपक्षी उम्मीदवारों को बताया 'पैराशूट कैंडिडेट'

हरमीत संधू ने 'लाल लकीर' निवासियों को मालिकाना अधिकार देने के ऐतिहासिक फैसले के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान का किया धन्यवाद



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**तरनतारन, 3 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को तरनतारन में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू के पक्ष में एक विशाल रोड शो किया। विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुए इस रोड शो के दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री और 'आप' उम्मीदवार का भारी उत्साह, फूलों की वर्षा और 'आप जिंदाबाद' के नारों के साथ स्वागत किया।

जनसभाओं को संबोधित करते हुए संधू ने लोगों का उनके प्यार, समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि हर गांव से मिलने वाला यह समर्थन 'आप' की ईमानदार और विकास-उन्मुख राजनीति में लोगों के गहरे विश्वास को दर्शाता है।

संधू ने कहा कि तरनतारन मेरा घर है, और मैं इसके लोगों को अपना परिवार मानता हूं। मैं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़कों और रोज़गार में हर संभव विकास के लिए अथक मेहनत करूंगा। मैं कोई बाहरी व्यक्ति नहीं, मैं आप ही के बीच का एक हिस्सा हूं।

विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए संधू ने कहा कि उन्होंने ऐसे 'पैराशूट उम्मीदवार' खड़े किए हैं, जिनका तरनतारन से कोई संबंध नहीं है, जबकि 'आप' ने मेरे जैसे स्थानीय व्यक्ति को मैदान में उतारा है जो वास्तव में इस क्षेत्र की चुनौतियों और आकांक्षाओं को समझता है।

उन्होंने 'लाल लकीर' इलाकों में रहने वाले निवासियों को मालिकाना हक देने जैसा ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत मान का विशेष धन्यवाद भी किया। उन्होंने इसे उन हज़ारों परिवारों के लिए एक बड़ी राहत बताया जो लंबे समय से न्याय का इंतज़ार कर रहे थे।

संधू ने कहा कि मुख्यमंत्री मान ने हमारे लोगों के दशकों पुराने सपने को पूरा किया है। 'आप' सरकार समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

संधू ने लोगों से 11 नवंबर को 'आप' के चुनाव चिन्ह 'झाड़ू' पर वोट डालने की अपील की, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एक मजबूत, ईमानदार और जन-केंद्रित सरकार खुशहाल तरनतारन बनाने के लिए अपना काम जारी रखे।

# 'आप' को बड़ी मजबूती, भाजपा और कांग्रेस नेता 'आप' में हुए शामिल

### सांसद मीत हेयर ने कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत की मौजूदगी में सभी नेताओं को पार्टी में किया शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**तरनतारन, 3 नवंबर।** तरनतारन उपचुनाव से पहले आम आदमी पार्टी को आज उस समय बड़ी मजबूती मिली, जब भाजपा और कांग्रेस से जुड़े कई स्थानीय नेता 'आप' में शामिल हो गए। भाजपा की ओर से नगर निगम चुनाव लड़ चुके बाबा बिक्रांत, कांग्रेस से नगर निगम चुनाव लड़ने वाले हरप्रीत सिंह और स्थानीय प्रमुख हस्ती मनजीत कौर आज औपचारिक तौर पर आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और पार्टी के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

सांसद मीत हेयर ने कैबिनेट मंत्री डॉ. रवजोत, विधायक गुरदीप रंधावा, विजय सिंगला, गुरप्रीत जीपी और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में इन सभी नेताओं को पार्टी में शामिल करवाया। पार्टी नेताओं ने सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया और पार्टी की विचारधारा से जुड़ने के लिए उनकी सराहना की।

इस अवसर पर मीत हेयर ने कहा कि इन सभी नेताओं के शामिल होने से आम आदमी पार्टी को और मजबूती मिलेगी। जनता अब साफ-सुथरी राजनीति को अपना रही है। हमें विश्वास है कि आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार हरमीत सिंह संधू इस उपचुनाव में बड़े अंतर से जीतेंगे।

मीत हेयर ने आगे कहा कि पंजाब के लोगों ने अब उन पार्टियों को पूरी तरह से नकार दिया है, जिन्होंने पंजाब को सालों तक लूटा और बर्बाद किया है। आम आदमी पार्टी विकास, पारदर्शिता और जनसेवा के रास्ते पर चलते हुए लोगों की उम्मीदों की पार्टी बन गई है।

सभी नए सदस्यों ने आम आदमी पार्टी की नीतियों और मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पूरा विश्वास व्यक्त किया और पार्टी के 'रंगला पंजाब' मिशन को आगे बढ़ाने का वादा किया।

# वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 3.15 लाख पेंशनरों के लिए 'पेंशनर सेवा पोर्टल' की शुरुआत की

पेंशनरों के लिए वन-स्टॉप समाधान – पेंशन वितरण प्रक्रिया होगी स्वचालित

डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट, पारिवारिक पेंशन, एल.टी.सी., शिकायत निवारण और प्रोफाइल अपडेट जैसी सुविधाएँ एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 नवंबर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने आज राज्य के लगभग 3.15 लाख पेंशनरों के लिए पेंशन सेवाओं को अधिक सुचारू, सरल और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से तैयार किए गए 'पेंशनर सेवा पोर्टल' का शुभारंभ किया। इस पोर्टल, https://pensionersewa.punjab.gov.in का उद्देश्य पेंशन वितरण मामलों की प्रक्रिया को स्वचालित बनाना और पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों को विभिन्न ऑनलाइन सेवाएँ प्रदान करना है। पंजाब भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि पोर्टल की शुरुआत में पेंशनरों को छह प्रमुख सेवाएँ प्रदान की जाएंगी, जिन में जीवन प्रमाण' मोबाइल ऐप के माध्यम से डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट जमा करना, उत्तराधिकारी मॉड्यूल के जरिए पेंशन को पारिवारिक पेंशन में परिवर्तित करने के लिए आवेदन देना,लीव ट्रैवल कंसेशन (एल.टी.सी.) के लिए आवेदन करना, शिकायत निवारण मॉड्यूल के माध्यम से पेंशन संबंधी शिकायतें दर्ज करना,प्रोफाइल अपडेट मॉड्यूल के जरिए व्यक्तिगत जानकारी में संशोधन करना,ई-के.वाई.सी. सत्यापन की सुविधा लेना। 'जीवन प्रमाण' मोबाइल ऐप एंड्रॉइड फोन पर https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aadhaar.life और एप्पल फोन पर https://apps.apple.com/in/app/jeevanpramaan/id6736359405 से डाउनलोड की जा सकती है।

वित्त मंत्री ने कहा कि इन सेवाओं का लाभ उठाने की प्रक्रिया सरल और उपयोगकर्ता-अनुकूल है। पेंशनर आधार प्रमाणीकरण सुविधा के माध्यम से ई-के.वाई.सी. पूर्ण कर 'पेंशनर सेवा पोर्टल' पर पंजीकरण कर सकते हैं। इसके बाद वे अपने मोबाइल फोन, पीसी या लैपटॉप के माध्यम से लॉगिन करके घर बैठे ही इन सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि इन सेवाओं का लाभ नज़दीकी सेवा केंद्रों, संबंधित बैंक शाखाओं या ज़िला कोषालय कार्यालयों के माध्यम से भी लिया जा सकता है। इसके अलावा होम डिलीवरी सेवा का विकल्प भी उपलब्ध है। विदेशों में रहने वाले पेंशनरों की स्थिति स्पष्ट करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि फिलहाल यह पोर्टल केवल भारत के भीतर ही लागू है, इसलिए विदेशी पेंशनरों को प्रारंभिक चरण में ई-के.वाई.सी. पूर्ण करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एन.आर.आई. पेंशनरों के लिए ई-के.वाई.सी. सुविधा को जल्द ही सक्षम किया जाएगा। तब तक विदेशी पेंशनर पहले की तरह मैनुअल लाइफ सर्टिफिकेट जमा कराते रहेंगे।

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने स्वीकार किया कि कुछ पेंशनरों को प्रारंभिक रजिस्ट्रेशन के दौरान कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। इस पर तुरंत सहायता और समाधान उपलब्ध कराने के लिए डायरेक्टरेट ऑफ ट्रेज़रीज़ एंड अकाउंट्स, पेंशन और नई पेंशन स्कीम में एक 'वार रूम' स्थापित किया गया है।

इसके साथ ही, शिकायतों के त्वरित निपटान हेतु तीन हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं – 1800-180-2148, 0172-2996385, 0172-2996386 – जो सभी कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक सक्रिय रहेंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि ज़िला कोषालयों, बैंकों और सेवा केंद्रों के कर्मचारियों को इस पोर्टल के संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया है और विस्तृत दिशानिर्देश भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह प्रणाली पहले ही सफलतापूर्वक परीक्षण चरण पूरा कर चुकी है, जिससे राज्यभर में इसके पूर्ण कार्यान्वयन का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

## हमारे पेंशनर हमारा सम्मान: चीमा

वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने ज़ोर देकर कहा 'हमारे पेंशनर हमारा सम्मान हैं।' उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अपने सेवानिवृत्त कर्मचारियों की आवश्यकताओं के प्रति पूरी तरह वचनबद्ध और संवेदनशील है। 'पेंशनर सेवा पोर्टल' इस दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है, जो राज्य के सभी पेंशनरों को समय पर, सटीक और परेशानी-मुक्त सेवाएँ उपलब्ध करवाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस अभिनव पहल से पंजाब के लाखों पेंशनरों को राहत मिलेगी और उनकी ज़िंदगी अधिक सरल और सम्मानजनक बनेगी।

# फिरोजपुर में आशिष चोपड़ा गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

### गिरफ्तार आरोपी गैंगस्टर आशिष चोपड़ा गैंग के शूटर के संपर्क में थे: डी.जी.पी. गौरव यादव

पुलिस टीमों ने गिरफ्तार व्यक्तियों के कब्जे से 205 ग्राम हेरोइन भी बरामद की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**फिरोजपुर, 3 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों के तहत पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स (ए.जी.टी.एफ.) पंजाब ने फिरोजपुर पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में आशिष चोपड़ा गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 205 ग्राम हेरोइन बरामद की है। यह जानकारी पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डी.जी.पी.) गौरव यादव ने आज यहां दी। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान रशपाल उर्फ सेवक निवासी गांव कुंडे (फिरोजपुर) और राजीव उर्फ जस्सा निवासी गांव बड़े (फिरोजपुर) के रूप में हुई है।

डी.जी.पी. गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि दोनों गिरफ्तार व्यक्ति आशिष चोपड़ा गैंग के शूटर यूवी के संपर्क में थे, जो मई 2025 में फिरोजपुर में हुए आशू मौंगा हत्या मामले में वांछित था। डी.जी.पी. ने कहा कि इस मामले से जुड़े सभी संबंधों को स्थापित करने और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए आगे की जांच जारी है। ऑपरेशन से संबंधित विवरण साझा करते हुए, ए.जी.टी.एफ. के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ए.डी.जी.पी.) प्रमोद बान ने बताया कि पुख्ता सूचना पर कार्रवाई करते हुए डी.एस.पी. ए.जी.टी.एफ. राजन परमिंदर की अगुवाई में ए.जी.टी.एफ. की पुलिस टीमों ने फिरोजपुर पुलिस के सहयोग से फिरोजपुर के गांव मघरे में रेलवे क्रॉसिंग के पास दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। फिरोजपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एस.एस.पी.) भूपिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि आरोपी रशपाल सिंह का आपराधिक इतिहास है, जिसमें एन.डी.पी.एस. एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत कई मामले दर्ज हैं। उन्होंने आगे बताया कि मामले की जांच जारी है। इस संबंध में थाना सदर फिरोजपुर में एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा 21, 61 और 85 के तहत एफ.आई.आर. नंबर 319 दिनांक 1 नवंबर 2025 अधीन केस दर्ज किया गया है।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध': 247वें दिन पंजाब पुलिस ने 63 नशा तस्कर किए काबू

'डी-एडिक्शन' अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 15 व्यक्तियों को नशामुक्ति और पुनर्वास उपचार के लिए किया तैयार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य से नशे के पूर्ण उन्मूलन के लिए चलाई जा रही व्यापक मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 247वें दिन पंजाब पुलिस ने आज राज्यभर में 295 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान 60 एफ.आई.आर. दर्ज कर 63 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही, 247 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 35,065 तक पहुंच गई है। इन छापेमार कार्रवाइयों के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 332 ग्राम हेरोइन और 5,623 नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य के पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को पंजाब को नशामुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ चल रही इस जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अध्यक्षता में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का गठन भी किया है। इस अभियान के तहत 55 राजपत्रित अधिकारियों की देखरेख में 800 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 100 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्यभर में 295 छापे मारे। दिनभर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 289 संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की। राज्य सरकार द्वारा नशे के उन्मूलन के लिए तीन-स्तरीय रणनीति – प्रवर्तन (इन्फोर्समेंट), डी-एडिक्शन , और रोकथाम (प्रिवेंशन) – लागू की गई है। इसी रणनीति के तहत पंजाब पुलिस ने आज 'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में 15 व्यक्तियों को नशा छुड़ाने और पुनर्वास उपचार के लिए तैयार किया है।

# आवास निर्माण और शहरी विकास विभाग ने कॉलोनियों के विकास हेतु लाइसेंस जारी करने के लिए तैयार की एस.ओ.पी.

आवेदन प्राप्त होने से 60 दिनों के भीतर जारी होगा लाइसेंस: हरदीप सिंह मुंडियां

समयबद्ध तरीके से कार्य न करने पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई: आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब के आवास निर्माण और शहरी विकास मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां ने आज बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने रियल एस्टेट सेक्टर को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कॉलोनियों के विकास के लिए लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया हेतु एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एस.ओ.पी.) तैयार किया है। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए स. मुंडियां ने बताया कि आवास निर्माण और शहरी विकास विभाग ने अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले इलाकों में कॉलोनियां विकसित करने हेतु लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के लिए तैयार किए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को मुख्य तौर पर एल.ओ.आई. जारी करने (30 दिन) और लाइसेंस जारी करने (30 दिन) के दो चरणों में वितरित हुए किसी भी विकास प्राधिकरण द्वारा आवेदन प्राप्त होने की तारीख से लेकर लाइसेंस जारी करने की कुल समय सीमा 60 दिन निर्धारित की है। उन्होंने बताया कि यह अनुभव किया जा रहा था कि विभाग द्वारा कॉलोनियों के विकास के लिए लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया काफी जटिल और लंबी है, जिसके कारण विभाग के अधीन काम कर रहे विभिन्न विकास प्राधिकरणों द्वारा प्रमोटरों को लाइसेंस जारी करने में अनावश्यक देरी होती थी। इसे ध्यान में रखते हुए विभाग ने लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया संबंधी यह नई एस.ओ.पी. तैयार की है। इसके अनुसार भविष्य में प्रमोटरों को आवेदन देने के 60 दिनों के भीतर संबंधित विकास प्राधिकरण द्वारा लाइसेंस जारी कर दिया जाएगा। स. मुंडियां ने बताया कि एस.ओ.पी. के अनुसार लाइसेंस जारी करने की यह पूरी प्रक्रिया समयबद्ध कर दी गई है। अब किसी भी केस पर कार्य करने वाली हर शाखा जैसे प्लानिंग, अकाउंट, लाइसेंसिंग आदि तथा विभिन्न विभागों जैसे पी.पी.सी.बी., पी.एस.पी.सी.एल., वन विभाग, ड्रेनेज, एन.एच.ए.आई./पी.डब्ल्यू.डी. इत्यादि को केसों का निपटारा करने के लिए स्पष्ट टाइमलाइन दी गई है। प्रत्येक कर्मचारी को इस समय सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा और अनावश्यक देरी होने पर संबंधित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि मान सरकार ने रियल एस्टेट क्षेत्र के राज्य की अर्थव्यवस्था में योगदान और रोज़गार सृजन में इसकी महत्ता को ध्यान में रखते हुए पहले भी कई कदम उठाए हैं। अब लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के सरलीकरण से प्रमोटरों की परेशानी कम होगी और राज्य में रियल एस्टेट सेक्टर को बढ़ावा मिलेगा।

# किसानों की समस्याओं को लेकर ट्रैक्टरों व जेसीबी के साथ सड़कों पर उतरी इनेलो

## फसलों के नुकसान का 50 हजार प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश





**कैथल, 3 नवंबर।** इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी ने किसानों के हितों की रक्षा को लेकर सोमवार को कैथल में एक बड़ा आंदोलन किया। इनेलो नेता व कार्यकर्ता जेसीबी मशीन, टैक्टरों सहित सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया। बाढ़ और जलभराव के कारण खरीफ की फसलों को हुए भारी नुकसान, पशुओं की मौत, खाद की किल्लत, एमएसपी पर धांधली और मुआवजा न मिलने के विरोध में इनेलो कार्यकर्ताओं ने प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा के नेतृत्व में जवाहर पार्क से लघु सचिवालय तक एक विशाल रोष मार्च निकाला। प्रदर्शन में सैकड़ों किसानों ने ट्रैक्टरों, जेसीबी मशीनों और झंडों के साथ भाग लिया। पूरे रास्ते किसान किसानों को न्याय दो, खराबे का मुआवजा दो, डीएपी-यूरिया की किल्लत दूर करो, एमएसपी पर खरीद सुनिश्चित करो जैसे नारे लगाते रहे। प्रदर्शन के कारण शहर के कई मार्गों पर ट्रैफिक प्रभावित हो गया। मार्च के बाद इनेलो प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के नाम तहसीलदार कैथल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में यह स्पष्ट कहा गया कि हरियाणा की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था पूरी तरह से जल पर निर्भर है, लेकिन इस वर्ष जुलाई से सितंबर तक हुई अत्यधिक बारिश और जलभराव की निकासी में सरकार की लापरवाही के कारण किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। ज्ञापन में बताया गया कि प्रदेश के 12 जिलों में साढ़े चार लाख किसानों की लगभग 19 लाख एकड़ फसल बर्बाद हुई है, जबकि करीब 6000 गांव जलभराव और बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। बावजूद इसके सरकार द्वारा अब तक किसी भी प्रभावित किसान को मुआवजा नहीं दिया गया है, न ही जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान किया गया है। प्रदेश महासचिव प्रदीप गिल ने मांग करते हुए कहा कि सरकार किसानों को कम से कम 50 हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से मुआवजा प्रदान करे, ताकि उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके और वे आगामी रबी फसल की बुआई कर सकें। पार्टी ने चेताया कि यदि 10 दिनों के भीतर जलभराव की निकासी नहीं की गई, तो किसान अगली फसल की बुआई नहीं कर पाएंगे, जिससे राज्य की कृषि व्यवस्था बुरी तरह चरमरा जाएगी। प्रदीप गिल ने फसलों की खरीद प्रक्रिया में चल रही अनियमितताओं की भी कड़ी आलोचना की। ज्ञापन में कहा गया कि धान की खरीद में नमी के नाम पर 300 से 400 रुपये प्रति क्विंटल की कटौती की जा रही है। वहीं, बाजरे में समर्थन मूल्य और बाजार भाव के बीच 700-800 रुपये प्रति क्विंटल का अंतर है, लेकिन सरकार की भावांतर योजना के तहत किसानों को केवल 600 रुपये प्रति क्विंटल ही दिया जा रहा है। इस मौके पर प्रदेश महासचिव प्रदीप गिल, युवा नेता अमनदीप माजरा, जाट शिक्षा संस्थान के सचिव रश्मि ढुल, जिला अध्यक्ष अनिल तंवर, जिला संयोजक मोनू बालू, युवा अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा पुजारी, जिला कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रघुबीर शिमला, किसान सैल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र राणा, लीगल सेल के अध्यक्ष शशी वालिया, ओबीसी जलिाध्यक्ष सोनू वर्मा, एससी सैल के जिलाध्यक्ष भूप सिंह नैना, व्यापार सैल के जिलाध्यक्ष प्रवीन चौधरी, सतीश गर्ग, पूनम, नेपाल हाबडी, काला प्योदा, बलजीत मानस, नवदीप सीड़ा, भूप सिंह करोड़ा, रोहित कुंडू, बलकार, सुरजीत पबनावा आदि उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### मुलाना की सर्विस लेन खस्ताहाल, चार महीने से अटकी मरम्मत



**मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)।** मुलाना में सर्विस लेन की खस्ता हालत लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। विभाग द्वारा करीब चार महीने पहले इस लेन को उखाड़ा गया था, लेकिन आज तक उसे दोबारा नहीं बनाया गया। विभाग की अनदेखी के कारण अब सर्विस लेन पर जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं, जिससे रोजाना आवागमन करने वाले लोगों, स्कूली बच्चों और मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो वहां से गुजरना अधिक मुश्किल हो चला है। सर्विस लेन के हालात में दुपहिया वाहन चालकों को बैलेंस करने में बहुत अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोग करण राणा, नवीन, रमेश ने बताया कि इसी सर्विस लेन पर सीएचसी अस्पताल और एक स्कूल भी स्थित हैं, जहां रोज स्कूली बच्चे और मरीजों का आवागमन होता है । लेकिन सर्विस लेन पर बने गड्ढों और उखड़ी हालत के चलते उन्हें भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि विभाग ने सड़क उखाड़ने के बाद उसे छोड़ दिया और अब कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। कई बार शिकायत करने के बावजूद भी मरम्मत कार्य शुरू नहीं हुआ । क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि सर्विस लेन की जल्द से जल्द मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं की संभावना को रोका जा सके। गगन कुमार साइट इंजिनियर एनएचएआई ने बताया कि मुलाना की सर्विस लेन पर जल्द ही कार्य शुरू हो जाएगा। किसी को परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

### एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में धूमधाम से मनाया हरियाणा दिवस



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में युवा एवं सांस्कृतिक विभाग द्वारा एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. श्याम लाल सिंगर ने शिरकत की। डॉ एकता चहल निदेशक युवा एवं सांस्कृतिक विभाग कार्यक्रम की संयोजक रही। इस अवसर पर मुखय अतिथि ने कहा कि हरियाणवी संस्कृति गौरवमयी संस्कृति है और एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हरियाणा की समृद्ध संस्कृति और विरासत को संरक्षित करने के लिए हमें अधिक से अधिक प्रयास करने चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ राहुल नैन ने किया। डीन ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट डॉ रेखा गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। डीन एकेडमिकस प्रो. आर के गुप्ता ने भी अपने वक्तव्य में छात्रों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की प्रशंसा की और आगे बढने के लिए प्रेरित किया। डायरेक्टर कल्चरल शिवम अशोक सिंहान ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद किया और कार्यक्रम की रुपरेखा बताई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ राजीव दहिया, दाखिला निदेशक राजेंद्र गोयत, जन संपर्क अधिकारी डॉ मनोज कुमार, एडमिशन हैड डॉ. सुमन भुक्कल, डॉ महेंद्र मुंडे, प्रो रविन्द्र पांडे, डॉ. मोहम्मद इसाक, प्राध्यापक अमरजीत मोर, डॉ. अनिल कुमार, डॉ सुमन रानी, डॉ हिमानी, डॉ राहुल कुमार प्राध्यापिका कोमल सुनीता एवं विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# 15 नवंबर से शुरू होगा अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव : मुख्यमंत्री नायब सैनी

अर्थ प्रकाश/ साजन शर्मा

- धर्मनगरी कुरुक्षेत्र को मिलेगा रिंग रोड का तोहफा, प्रधानमंत्री मोदी करेंगे 25 नवंबर को दौरा
- कुरुक्षेत्र के विकास के लिए 250 करोड़ रुपये जारी
- 10वां अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव बनेगा ऐतिहासिक



### 48 कोस भूमि तीर्थों पर होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

मुख्यमंत्री ने बताया कि 25 नवंबर से एक दिसंबर 48 कोस भूमि तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। एक दिसंबर को गीता यज्ञ, भागवत कथा होगी। उसी दिन थीम पार्क कुरुक्षेत्र में एक साथ 18000 विद्यार्थी गीता पाठ करेंगे। एक दिसंबर को ही 182 तीर्थों पर दीपोत्सव होगा। उन्होंने बताया कि 28 नवंबर से प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर गीता जयंती कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। एक दिसंबर को जिला मुख्यालयों पर गीता शोभा यात्रा का आयोजन होगा। एक दिसंबर को हरियाणा के प्रत्येक जिले में 1800 विद्यार्थी एक ही समय में गीता वैश्विक पाठ करेंगे।

### 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक ब्रहम सरोवर तट पर होगी महाआरती

नायब सैनी ने बताया कि इस बार एनआईडी, आईएनटी, आयुष विवि, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में गीता सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 26 से 30 नवंबर तक पदम विभूषित रामाभद्रचार्य द्वारा जीओ गीता के तत्वाधान में कथा वाचन किया जाएगा। 30 नवंबर से केयू के सीनेट हॉल में अखिल भारतीय ज्ञानम सम्मेलन आयोजित होगा। जिसमें कई देशों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक ब्रहम सरोवर तट पर महाआरती का आयोजन होगा।

### कुरुक्षेत्र विवि में होगी तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता गोष्ठी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि विदेश मंत्रालय के सहयोग से इस बार इंडोनेशिया, कनाडा, अमेरिका समेत कई देशों में गीता जयंती का आयोजन हो चुका है। इस बार महोत्सव के दौरान कुरुक्षेत्र विवि में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गीता गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कई विदवान ऑनलाइन माध्यम अपने शोध पत्र पेश करेंगे। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के माध्यम से 16 देशों के 25 विदवानों की उपस्थिति में यह आयोजन होगा। विश्व के 51 देशों में गीता जयंती के महोत्सव होंगे। जिनका सीधा प्रसारण किया जाएगा। विदेश मंत्रालय द्वारा विभिन्न देशों में अनुवादित गीता की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

**चंडीगढ़, 3 नवंबर ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा है कि इस बार 15 नवंबर से कुरुक्षेत्र में दसवें अंतराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह पहला मौका है जब यह आयोजन 21 दिन तक चलेगा। सोमवार को चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने गीता जयंती समारोह का औपचारिक ऐलान करते हुए बताया कि इस साल मध्य प्रदेश को पार्टनर स्टेट के रूप में शामिल किया गया है। जिसके चलते समारोह स्थल पर मध्य प्रदेश की अलग से पवेलियन बनाई जा रही है। जहां लोगों को मध्य प्रदेश की सांस्कृति, खान-पान के बारे में जानकारी मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने बताया कि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र को जल्द ही रिंग रोड की सुविधा मिलने वाली है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुरुक्षेत्र को गीता स्थली के रूप में पहचान दिलाने का ऐलान किया था। जिसके बाद सरकार ने वर्ष 2016 से गीता जयंती को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि भगवान कृष्ण द्वारा महाभारत में अर्जुन को गीता का उपदेश दिए जाने के पांच हजार 163 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं। यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हर साल बढ़ रही है। जिसके चलते प्रबंधों का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। सीएम ने बताया कि 24 नवंबर को ब्रहम स्वरोवर पर गीता यज्ञ व पूजन के साथ महोत्सव का शुभारंभ होगा। 25 नवंबर को हरियाणा सरकार द्वारा कुरुक्षेत्र में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी समागम के समापन अवसर तथा गीता जयंती कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होंगे।

### शिलांग में राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला में डा. विजय चावला विषय विशेषज्ञ के रूप में करेंगे शिरकत

**कैथल (अप्रस)।** आरोही स्कूल ग्योंग में कार्यरत हिंदी प्राध्यापक डॉ विजय चावला ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 3,4 एवं 5 की वीणा पाठ्यपुस्तकों के लिए शिक्षक संदर्शिका निर्माण कार्य हेतु रही राष्टीय स्तर की कार्यशाला तक एनसीईआरटी नई दिल्ली द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान शिलांग शहर में आयोजित की जा रही है। डॉ चावला ने बताया कि इस कार्यशाला में कक्षा तीन, चार और पांच की वीणा पाठ्यपुस्तक हेतु तैयार की जा रही शिक्षक संदर्शिका के पाठों को तैयार कर निर्माण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस शिक्षक संदर्शिका में राष्टीय शिक्षा नीति 2020 तथा विद्यालयी शिक्षा हेतु राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 के दिशा निर्देशों का पूर्ण रूप से पालन किया जा रहा है। यह शिक्षक संदर्शिका शिक्षकों के लिए निःसंदेह लाभदायक सिद्ध होगी। शिक्षक इस संदर्शिका का कक्षा-कक्ष में कक्षा 3,4 एवं 5 की वीणा पाठ्यपुस्तकों को पढ़ाने में प्रयोग कर पाएंगे। शिक्षक भाषा एवं पाठ्यचर्या का अन्य विषयों से समेकन के बारे में विस्तार से जान पाएंगे।

# भाजपा की नायब सरकार करवा रही है नॉन-स्टॉप विकास कार्य : गौरव पाडला

कहा- सीएम सैनी हर वर्ग के कल्याण के लिए लागू कर रहे है नई-नई योजनाएं

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 3 नवंबर।** हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार दूर संचार विभाग, संचार मंत्रालय के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि भाजपा की नीतियों और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में तेज़ी से विकास हो रहा है। शहरों की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र की समस्याएं प्राथमिकता पर हल की जा रही हैं, विशेष रूप से मंडियों में किसानों को बेहतर सुविधा, महिलाओं के लिए सुरक्षा और सम्मान, और युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित किए जा रहे हैं। अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए भाजपा नेता गौरव पाडला ने कहा कि हरियाणा के विकास पुरुष मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश में विकास व रोजगार के नए आयाम स्थापित हो रहे हैं।भाजपा शासन में युवाओं को बिना पर्ची-बिना खर्ची रोजगार मिल रहा है, किसानों को उनकी फसलों का वाजिब एमएसपी दाम मिल रहा है और हर वर्ग के उत्थान के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू की गई हैं। आज जनता भाजपा शासन में खुशहाल और आत्मनिर्भर महसूस कर रही है। नायब सिंह सैनी किसान, आढ़ती, मजदूर सहित हर वर्ग के सच्चे हमदर्द व हितैषी है। सीएम के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों, आढ़तियों व मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की नायब सरकार नॉन-स्टॉप विकास कार्य करवा रही है। सीएम सैनी ने प्रदेश के सभी वर्गों किसान, युवा, कर्मचारी, महिलाओं के उत्थान के लिए प्रत्येक रोज नई-नई सौगातें लेकर आ रहे हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच है कि सरकार की नीति एवं योजना के लाभ समाज के अन्तिम व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे।

# लवन गुलिया ने बाक्सिंग में जीता स्वर्ण

## हर रोज कोच जयहिंद की निगरानी में करते हैं छह घंटे अभ्यास

यूथ एशियन गेम्स में गोल्ड जीतना है अगला लक्ष्य

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित डीएवी लाहौर स्कूल के 11वीं कक्षा के प्रतिभावान छात्र लवन गुलिया ने 69वीं अंडर-17 स्कूल नेशनल बाक्सिंग प्रतियोगिता में 80 प्लस किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश और विद्यालय का नाम रोशन किया है। यह प्रतियोगिता अरुणाचल प्रदेश के एटानगर में 3 नवंबर को आयोजित हुई। लवन इससे पहले भी ओपन जूनियर नेशनल बाक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक और चीन में हुई बेल्ट एंड रोड इंटरनेशनल यूथ बाक्सिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल कर चुका है।

लवन ने अपनी सफलता का श्रेय सीनियर कोच डॉ. भगवंत सिंह, कोच जयहिंद व रजत, अपने पिता सरवर गुलिया, मां पिंकी रमन गुलिया और बड़ी बहन सिनायु गुलिया को दिया है। उल्लेखनीय है कि सिनायु भी राष्ट्रीय स्तर की बाक्सिंग चैंपियन हैं। लवन ने बताया कि उसका अगला लक्ष्य यूथ ओलंपिक और विश्व बाक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतना है। इसके लिए वह प्रतिदिन चंडीगढ़ सेक्टर-42 स्टेडियम में कोच जयहिंद की देखरेख में छह घंटे तक कठिन अभ्यास करता है।

सोनीपत जिले के पुरखास गांव निवासी लवन के परिवार में खेलों की गहरी परंपरा रही है। उनके पिता सरवर गुलिया, जो पंजाब पुलिस में इंस्पेक्टर हैं, स्वयं भारत केसरी व अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में पदक विजेता रह चुके हैं। पिता ने प्रारंभ में लवन को पहलवान बनाना चाहा था, किंतु कोरोना काल के दौरान कुश्ती अभ्यास छूट जाने पर मामा नरेंद्र उर्फ धौला उसे बाक्सिंग कोच डॉ. भगवंत व जयहिंद के पास ले गए। उसी दिन से लवन ने बाक्सिंग को अपना जीवन बना लिया और पिता की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए लगातार राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्णिम प्रदर्शन कर रहा है।

# सांसद खेल महोत्सव के विजेताओं को दी जाएगी दो करोड़ रुपए की ईनाम राशि : सांसद जिंदल

तीन चरणों में आयोजित होगा सांसद खेल महोत्सव, 33 लाख प्रतिभागियों ने करवाया पंजीकरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**कैथल, 3 नवंबर।** सांसद नवीन जिन्दल के मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहा सांसद खेल महोत्सव ऐतिहासिक और भव्य आयोजन बनने जा रहा है। जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस महोत्सव में सांसद नवीन जिन्दल ने विजेताओं के लिए दो करोड़ रुपए की ईनाम राशि अलग अलग श्रेणी में देने की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने यह घोषणा करते हुए कहा है कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान सशक्त बनाना है। इसके साथ साथ खेल प्रतिभाओं को पहचान देना, ग्रामीण युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना, नशे से दूर करना और फिटनेस के प्रति जागरूकता लाना है। उन्होंने बताया कि दो करोड़ रुपए की इनाम राशि सांसद खेल महोत्सव के विजेताओं को खेलों में उनके द्वारा प्राप्त किए गए स्थान के अनुसार वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि नवीन जिन्दल का मानना है कि खेल महोत्सव आत्मविश्वास, अनुशासन और टीम भावना का प्रतीक हैं। इस महोत्सव में कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार होंगे। यह खेल महोत्सव का आयोजन तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में ब्लॉक स्तर पर प्रतियोगिताएं 14 नवंबर से 22 नवंबर तक आयोजित होंगी। द्वितीय चरण में विधानसभा स्तर की प्रतियोगिताएं 1 दिसंबर से 6 दिसंबर तक होंगी। तृतीय चरण में लोकसभा स्तर की प्रतियोगिताएं 15 दिसंबर से 24 दिसंबर तक संपन्न होंगी। इन प्रतियोगिताओं में क्रिकेट, बॉडी बिल्डिंग, रस्सीकूद, तीरंदाजी, हॉकी, जूडो, कुश्ती, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, रस्साकशी, कबड्डी, पोलो, खो-खो, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स और हेल्थ-वेलनेस शामिल होंगे।

## रुहानियत की अविरल धारा - 78वां निरंकारी संत समागम

# मध्यम मार्ग अपनाते हुए संतुलित जीवन जियें : माता सुदीक्षा

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार



**समालखा, 3 नवंबर।** सांसारिक जिम्मेदारियों को निभाते हुए आध्यात्मिकता को जीवन में अपनाने से जीवन सहज, सुंदर एवं सफल बन जाता है।'' सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने 78वें निरंकारी संत समागम के तीसरे दिन रविवार को उपस्थित विशाल जनसागर को अपने दिव्य प्रवचनों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करते हुए उपरोक्त भाव व्यक्त किए। इस सन्त समागम में विश्वभर से आए लाखों श्रद्धालु सत्गुरु के पावन दर्शनों से आत्मविभोर हो रहे हैं, मुर्शद और मुरीद का यह संगम दिव्यता, भव्यता और आत्मिकता का अद्वितिय नजारा है। सतगुरु माता जी ने आगे फरमाया कि केवल भौतिकता में आसक्त रहना अथवा आध्यात्मिक उन्नति के लिए घर परिवार की जिम्मेदारियों से किनारा कर लेना, ये दोनों ही जीवन के चरम छोर हैं। संतों ने हमेशा अलिप्त भाव से संसार में रहकर परमार्थ के मार्ग को अपनाते हुए संतुलित जीवन जीने की बात कही है। जीवन में यदि हम निराकार परमात्मा की उपस्थिति का अहसास करते हुए हर कार्य करते हैं तो वह कार्य निर्लेप भाव से युक्त सेवा ही हो जाता है, जिससे जीवन के दोनों पहलुओं की पूर्ति हो जाती है। सतगुरु माता जी ने वसुधैव कुटुंबकम की भावना का जिक्र करते हुए कहा कि संत अपने जीवन में आत्मभाव जागृत करके पूरी मानवता के प्रति प्रेम भाव धारण करते हैं। संत सबको एक नजर से देखते हुए किसी की जाति-पाति, अच्छाई-बुराई, गरीबी-अमीरी अथवा अन्य कोई भी भेदभाव मन में नहीं रखते हैं और जहां भेदभाव नहीं, वहां नफरत भी नहीं रहती; रहता है तो केवल प्रेम। सतगुरु माता जी ने अंत में कहा कि प्रेम देना भी है और स्वीकार भी करना है पर वास्तव में प्रेम बांटने के लिए होता है, केवल बटोरने के लिए नहीं। प्रेम वह भाव है जो जितना देते हैं उतना ही मन खुश रहता है, उसमें वापस पाने की अपेक्षा नहीं रखी जाती। संतों का भाव तो देने का होता है न कि लेने का। ठीक इसी तरह संतुलित भाव को अपनाने से मन में शिकवे की जगह निरंतर शुकराने का भाव उत्पन्न होने लगता है। सतगुरु माता जी के विचारों से पूर्व आदरणीय निरंकारी राजपिता रमित जी ने संत समागम में उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि यदि कोई सांसारिक प्रेम में डूब जाता है तो वह अपने प्रेमी को ईश्वर का दर्जा देता है और आनंदित रहता है, तो अगर किसी के हृदय में सत्गुरु और परमात्मा के प्रति इलाही प्रेम हो तो वह भक्ति बनकर आनंदित हो उठता है, नाचने-गाने लगता है।

**कायरोप्रॅक्टिक शिविर एवं स्वास्थ्य:** मिशन के स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा संत समागम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी व्यापक प्रबंध किया गया है। समागम परिसर में 8 एलोपैथिक तथा 6 होम्योपैथिक डिस्पेन्सरियों की सेवा निरंतर जारी रही। साथ ही 15 प्राथमिक चिकित्सा केन्द्र एवं 1 कारोप्रॅक्टिक शिविर का भी आयोजन किया गया। गंभीर रोगग्रस्त मरीजों के लिए 120 बेड का एक अस्थायी अस्पताल भी कार्यरत रहा। इसके अतिरिक्त मिशन द्वारा 12 एवं हरियाणा सरकार द्वारा 30 एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गई। कायरोप्रॅक्टिक शिविर में अमेरिका एवं यूरोप से 7 डाक्टरर्स एवं भारत से 4 डाक्टरर्स की टीम समागम के दौरान सेवारत रही। इस चिकित्सा द्वारा करीब 2300 मरीज लाभान्वित हुए। डिस्पेन्सरीज एवं अस्पताल में डाक्टरर्स एवं अन्य मेडिकल स्टाफ को मिलाकर 1000 से भी अधिक सेवादारों ने अपनी सेवायें दी, जिसका लाभ 10000 से भी अधिक जरुरतमंद श्रद्धालुओं ने लिया।

# पीर मुछल्ला में गाय की टक्कर से एक्टिवा सवार महिला गंभीर रूप से घायल, कंधे की दो हड्डियां टूटीं

नगर परिषद पर लापरवाही के आरोप, आवारा पशुओं की समस्या फिर सुर्खियों में

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





**जीरकपुर, 3 नवंबर।** पीर मुछल्ला क्षेत्र में सोमवार रात एक्टिवा पर घर लौट रही महिला को सड़क पार कर रही गाय ने जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे में उसकी कंधे की दो हड्डियां टूट गई। घायल महिला रेखा वर्मानी निवासी निर्मल टावर को तुरंत पंचकूला सेक्टर-6 सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने दो महीने बेड रेस्ट की सलाह दी।

रेखा वर्मानी सेक्टर-11 में बुटीक चलाती हैं और उसी से परिवार का पालन-पोषण होता है। उन्होंने बताया कि रात करीब 8ः30 बजे जैसे ही वह पीर मुछल्ला मोड़ के पास पहुंचीं, जहां डिवाइडर पर ग्रिल टूटी हुई थी, वहीं से अचानक गाय सड़क पर आ गई और टक्कर मार दी। राहगीरों ने सहायता कर उन्हें घर पहुंचाया।

रेखा का कहना है कि नगर परिषद को कई बार शिकायतों के बावजूद क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या जस की तस है। उन्होंने कहा कि लोग काऊ टैक्स भी भरते हैं, फिर भी व्यवस्था सुधार नहीं रही। उन्होंने प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई की मांग की।

**स्थानीयों की शिकायतः** पीर मुछल्ला के लोगों ने नगर परिषद को लिखित शिकायत दी है कि कुछ लोग अपनी गायों को पूरे दिन खुला छोड़ देते हैं और रात को सड़क पर बैठने के लिए छोड़ देते हैं। शिकायत के अनुसार, पिछले सप्ताह जब नगर परिषद टीम उन्हें पकड़ने गई तो कुछ लोगों ने टीम से दुर्व्यवहार किया। क्षेत्रवासियों ने आवारा पशुओं को तुरंत पकड़ने और ऐसे लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।

**नगर परिषद का जवाबः** नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी परमिंदर सिंह भट्टी ने कहा कि टीम लगातार अभियान चला रही है। पीर मुछल्ला में भी टीम भेजी जाएगी और यदि कोई व्यक्ति जानबूझकर अपनी गायें छोड़ता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन में माता-पिता से बिछड़ा बच्चा, रेलवे कर्मचारियों ने मिलाया

**जम्मू (अप्रस)।** रेलवे यात्रा के दौरान एक बच्चा अपने माता-पिता से बिछड़ गया और गलती से दूसरी ट्रेन में चढ़ गया। इस बीच रेलवे कर्मचारियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्चे के मां-बाप को ढूंढ निकाला और बच्चे को सुरक्षित रूप से उनको सौंप दिया। रेलवे की तरफ से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि जम्मू मंडल के टिकट जांच कर्मचारी अपनी ड्यूटी के दौरान कई सराहनीय कार्य करने के अलावा, यात्रियों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। इसी तत्परता के साथ सोमवार को ट्रेन संख्या 26404 के टिकट जांच कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान उत्कृष्ट कार्य किया। यह घटना श्रीनगर से श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली ट्रेन संख्या 26404 में घटी। जम्मू मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक उचित सिंघल ने बताया कि ट्रेन की जांच के दौरान टिकट जांच कर्मचारी आकिब अहमद (मुख्यालय बडगाम) और रेमाना रऊफ (मुख्यालय श्रीनगर) को कोच संख्या सी/4 में एक अज्ञात लड़का मिला।

# पटियाला–जीरकपुर हाईवे किनारे कूड़े के ढेर में भीषण आग, आधे घंटे में काबू

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 3 नवंबर।** पटियाला-जीरकपुर हाईवे के पास सोमवार को कूड़े और कबाड़ के ढेर में अचानक भीषण आग लग गई। आग तेजी से बढ़ी और पास की झाड़ियों तक फैल गई। हवा के कारण धुआं हाईवे पर फैल गया, जिससे वाहनों की रफ्तार रुक-रुक कर चलने लगी और लंबा जाम लग गया। राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत और धुएं से दृश्यता कम होने की समस्या का सामना करना पड़ा।

स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर लगभग आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। इस दौरान लोगों ने बाल्टियों और पाइप से पानी डालकर आग फैलने से रोकने में मदद की।

पास के लोगों के अनुसार, कूड़े में आग लगने के बाद यह सूखी घास और कबाड़ तक पहुंच गई, जिससे लपटें तेज हो गईं। धुएं के कारण कुछ वाहन चालक नियंत्रण खोने से बचे। पुलिस ने हाईवे पर पहुंचकर ट्रैफिक को नियंत्रित किया और लोगों से सावधानी बरतने की अपील की।

दमकल अधिकारियों के मुताबिक, आग संभवतः फेंकी गई जलती सिगरेट या किसी ज्वलनशील पदार्थ से लगी। अधिकारियों ने खुले में कूड़ा फेंकने और अस्थायी डंपिंग से बचने की अपील की है।

स्थानीय निवासियों ने मांग की कि इस जगह पर कबाड़ और कूड़ा हटाया जाए तथा नियमित सफाई करवाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।

# रिटायर्ड ब्रिगेडियर के रिटेल स्टोर से कैश काउंटर चोरी, सेल्समैन पर मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

जीरकपुर। जीरकपुर में रिटायर्ड ब्रिगेडियर के रिटेल स्टोर से कैश काउंटर व सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की वारदात को उनके स्टोर पर काम करने वाले सेल्समैन ने अंजाम दिया है। स्टोर पर लगे सीसीटीवी कैमरे में यह वारदात कैद हुई है। आरोपी की पहचान अजय राणा निवासी प्रेम नगर लालडू के रुप में हुई है। उसके खिलाफ रिटायर्ड ब्रिगेडियर जसवीर सिंह जसवाल की शिकायत पर बीएनएस की धारा 331(4), 305 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में जसवीर सिंह निवासी सिल्वर सिटी ग्रीन ने बताया कि वह आर्मी से बतौर ब्रिगेडियर रिटायर्ड हुए हैं। सिंघपुरा रोड पर उनका जेजे एंड कंपनी नाम से रिटेल स्टोर है। यह स्टोर वह और अनका बेटा देखते हैं। उन्होंने स्टोर पर 7 कर्मचारी रखे हुए हैं। अजय राणा निवासी लालडू जोकि उनके स्टोर पर पिछले 6 महीने से सेल्समैन का काम करता था। 22 अक्टूबर को वह उनके स्टोर को 8 बजे बंद करके गया था। राणा को कई फोन किए लेकिन उसने नहीं उठाए। स्टोर पर जाकर देखा तो ताला लगा हुआ था और उन्होंने जब ताला खुलवाया तो देखा अंदर कैश काउंटर ही गायब था और कुछ सामान चोरी हो गया था। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चैक किए तो दिखाई दिया कि राणा कैश काउंटर एक थैले में डालकर ले जा रहा है। उन्होंने बाद में पुलिस को शिकायत दी जिसके बाद मामला दर्ज किया गया।

# आगजनी की घटना के बाद भी बिना फायर एनओसी के हो रहे शादी समरोह

मैरिज पैलिस को जांच पूरी होने तक कोई काम ना करने के दिए आदेश

पुलिस ने दो मैरिज पैलिसों के खिलाफ केस किया दर्ज

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 3 नवंबर।** बीती रात मैरिज पैलिस में हुई आगजनी की घटना के बाद दो मैरिज पैलिसो के मालिकों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। दमकल विभाग द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दोनों मैरिज पैलिसों के दमकल विभाग की एनओ सी नही थी। हैरानी की बात यह है के यहां पंचकुला बैरियर के नजदीक चार मैरिज पैलिस पास पास मौजूद है। लेकिन किसी भी मैरिज पैलिस के पास दमकल विभाग की एनओसी नही है। जिसे लिए सीधे तौर पर दमकल विभाग, प्रसाशन व मैरिज पैलिस खुद जिम्मेवार है। बता दें के शहर में दो दर्जनों से ज्यादा मैरिज पैलिस हैं लेकिन आधे से जायदा मैरिज पैलिस के पास एनओसी नही है। बीती रात हुई घटना के बाद दमकल विभाग की अनदेखी के चलते एसडीएम डेरा बस्सी के आदेशों पर औरा गार्डन व सेखों मैरिज पैलिस के संचालकों व मालिकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 125 व 324 (5) के तहत केस दर्ज किया है। जिसके चलते दमकल विभाग ने दोनों मैरिज पैलिस को जांच पूरी होने तक कोई काम ना करने के आदेश दिए है। औरा गार्डन में होने से सारे फंक्शन भी बदल दिए गए है। फिलहाल दमकल विभाग द्वारा पंचकुला बैरियर के नजदीक मौजूद चारों मैरिज पैलिस को नोटिस भेज दिया है। लेकिन आज भी सेखों पैलिस शादी समारोह की तैयारिया चल रही थी और उसके सामने मौजूद ग्रेस मैरिज पैलिस में तो शादी का फंक्शन चल रहा था जबकि मैरिज पैलिस के पास अभी भी दमकल विभाग की एनओसी नहीं है, यहां तक के उनके पास पार्किंग की सुविधा भी प्रॉपर नही है। शादी में आई गा?ियां स्लिप रोड पर लगी हुई थी। जिस तरफ ना तो पुलिस ध्यान दे रही है और ना ही प्रसाशन ध्यान दे रहा है।

बीती रात औरा गार्डन मैरिज पैलिस में हुई घटना के बाद औरा में होने वाले सारे फंक्शन रद्द करके उनकी स्थान बदल दिया गया है। लेकिन सेखों मैरिज पैलिस में अभी समरोह की तैयारियां चल रही हैं और सामने मौजूद ग्रेस पैलिस में सोमवार को भी फंक्शन चल रहा था। जबकि उनके पास दमकल विभाग की एनओ सी भी मौजूद नही है। बावजूद इसके सैंक? लोगों की जान से खिलवा? किया जा रहा है। बता दें के बीती रात जिस समय आगजनी की घटना हुई थी यदि औरा गार्डन मैरिज पैलिस में जरूरत के सभी आग बुझाओ यंत्र मौजूद होते तो शायद आग को उसी समय रोका जा सकता था और इतनी ब?ी घटना रोका जा सकता था।

## पेज एक के शेष

### तरनतारन उपचुनाव में..

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह रिकॉर्ड पर है कि अकाली शासन के दौरान संरक्षण मिलने के कारण नशों की समस्या इतने बड़े स्तर पर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार नशों के अभिशाप के माध्यम से युवाओं के कत्लेआम के दोषी जरनैलों के प्रति कोई नरमी नहीं बरतेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ये नेता न सिर्फ राज्य भर में नशे के कारोबार को संरक्षण देते थे, बल्कि सुनने में यह भी आता है कि वे अपनी सरकारी गाड़ियों में नशा बेचते/सप्लाई भी करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक राजनीतिक पार्टियां उनसे ईर्ष्या करती हैं क्योंकि वे यह हजम नहीं कर पा रही हैं कि एक साधारण परिवार से संबंधित व्यक्ति राज्य को प्रभावी ढंग से चला रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों का पारंपरिक राजनीतिक पार्टियों से उनके जन-विरोधी और पंजाब-विरोधी रुख के कारण विश्वास उठ गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य के लोग इन पार्टियों को कभी माफ नहीं करेंगे, जिन्होंने राज्य को बर्बाद किया है या श्री हरिमंदिर साहिब पर टैंकों-तोपों से हमला किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक पार्टियों ने राज्य और इसके लोगों को बेरहमी से लूटा है, जिसके कारण पंजाबियों ने उन्हें सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया। उन्होंने कहा कि इन पार्टियों के कहे-कहाए नेता जिनमें पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल और चरनजीत सिंह चन्नी, अकाली नेता सुखबीर सिंह बादल, बिक्रम मजीठिया और अन्य शामिल हैं, को लोगों ने राजनीति के अखाड़े से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब ये नेता सत्ता के लिए हल्ला कर रहे हैं और अपने विरोधियों को पछाड़ने के लिए जूझ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पूरी भर्ती प्रक्रिया के लिए पुख्ता विधि अपनाई गई है जिसके कारण इन 56,000 से अधिक नौकरियों में से एक भी नियुक्ति संबंधी किसी ने भी अदालत में चुनौती नहीं दी। उन्होंने कहा कि यह पंजाब सरकार के लिए बड़ी गर्व की बात है कि इन युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी गई हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से युवाओं का राज्य सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है जिसके कारण अब राज्य के युवा विदेश जाने का विचार छोड़कर यहीं सरकारी नौकरियों के लिए तैयारी कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के 90 प्रतिशत घरों के बिजली बिल जीरो आ रहे हैं, जिससे जनता को बड़ी आर्थिक राहत मिली है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को धान की खेती के लिए निर्विघ्न बिजली आपूर्ति दी जा रही है जिसके कारण उन्हें झोने की बिजाई संबंधी कोई समस्या नहीं आ रही। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने समाज के हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा है जिसके कारण पंजाब लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सड़क सुरक्षा बल के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बल ने अपनी शुरुआत से अब तक सैकड़ों जानें बचाई हैं। उन्होंने कहा कि सांसद के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान प्राप्त आंकड़ों के अनुसार पंजाब में सड़क दुर्घटनाओं में हर साल 5,000 से अधिक जानें चली जाती थी। उन्होंने कहा कि एस.एस.एफ. के गठन से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में 48 प्रतिशत की कमी आई है जो अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एमिनेंस के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है और यह गर्व की बात है कि पंजाब ने भारत सरकार द्वारा करवाए गए राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण में केरल को पछाड़कर पहला स्थान हासिल किया है।

### हरियाणा सरकार...

**आबादी वाले स्थानों पर कब्जाधारी बनेंगे मालिकः** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने बताया कि बैठक में यह फैसला लिया गया कि गांवों में आबादी वाली जगह पर जिन लोगों ने कब्जा कर रखा है, उन्हें मालिकाना हक दिया जाएगा। इसके लिए सरकार ड्रोन से सर्वे कराकर कानूनी तौर पर उन्हें मालिक बना देगी। सरकार ने विकास के कामों के लिए लोगों से जमीन खरीदने के नियम में संशोधन को मंजूरी दी है। अब अगर कोई जमीन मालिक अपनी जमीन सरकार को देना चाहता है, तो वह खुद या किसी और के जरिए ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी सहमति दे सकता है। पहले नियम था कि जमीन मालिक कलेक्टर रेट से तीन गुना ज्यादा कीमत तक ही जमीन देने का प्रस्ताव दे सकता था। **उद्योगों के लिए सेल्फ-सर्टिफिकेशनः** उन्होंने कहा कि बैठक में हरियाणा मंत्रिमंडल ने ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत इंडस्ट्री जोन में उद्योग स्थापित करने के लिए सेल्फ-सर्टिफिकेशन से कागजात लिए जाएंगे। पारदर्शी व्यवस्था हमारी सरकार का मुख्य उद्देश्य रहा है।


## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा मण्डल के निम्नलिखित स्टेशनों पर ठेके आवंटित करने हेतु ई–नीलामी रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से बोली आमंत्रित की जा रही है। आवंटित की जाने वाले ठेको का विवरण निम्नलिखित है।

| | क्र. सं. | नीलामी कैटलॉग सं. | कार्य का विवरण | नीलामी तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| Parking | 1. | UMB-Mix-35-2025 | बरवाला रेलवे स्टेशन के परिचालित क्षेत्र में कुल 300.3 वर्ग मीटर क्षेत्रफल का व्यापक पार्किंग स्थल। | 10.11.25 12:00:00 |
| | 2. | UMB-Parkg-14-25 | खन्ना रेलवे स्टेशन पर कुल 528.06 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के चार पहिया वाहन पार्किंग स्थल का आवंटन। | 10.11.25 15:00:00 |
| | 3. | UMB-Parkg-14-25 | अंब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर 1785.44 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार 'पिकअप / ड्रॉप' लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 10.11.25 15:00:00 |
| | 4. | UMB-Parkg-14-25 | आनंदपुर साहिब रेलवे स्टेशन पर 2384.74 वर्ग मीटर पार्किंग क्षेत्र के साथ सभी वाहनों (गैर वाणिज्यिक और वाणिज्यिक) के लिए व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकार 'पिकअप / ड्रॉप' लेन (प्रवेश से निकास) का आवंटन। | 10.11.25 15:00:00 |
| | 5. | UMB-Parkg-15-25 | ई–रिक्शा/थ्री व्हीलर (786 वर्ग मीटर), टैक्सी (1651 वर्ग मीटर), टू व्हीलर पार्किंग (1744 वर्ग मीटर), फोर व्हीलर पार्किंग (7145 वर्ग मीटर) के लिए क्षेत्र के व्यापक पार्किंग सह प्रवेश नियंत्रण अधिकारों का आवंटन, चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन (डिवीजन अंबाला) के स्थान द्वितीय प्रवेश (पंचकूला साइड) पर कुल 11,326 वर्ग मीटर क्षेत्र का पार्किंग स्थल। | 17.11.25 11:00:00 |
| Catering | 6. | UMB-Mix-35-2025 | बरवाला रेलवे स्टेशन के PF नंबर 1 पर विशेष लघु खानपान इकाई (आकार 10' x 6') का आवंटन। | 10.11.25 12:00:00 |
| | 7. | UMB-Mix-35-2025 | खन्ना रेलवे स्टेशन के PF संख्या 1 पर 10' x 6' आकार की विशेष लघु खानपान इकाई (स्टॉल) का आवंटन। | 10.11.25 12:00:00 |
| | 8. | UMB-Mix-35-2025 | पटियाला रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर एसएमयू स्टॉल नंबर 12। | 10.11.25 12:00:00 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3409/2025



## PUBLIC NOTICE

Mrs. Preeti W/o Mr. Rakesh Kumar is owner in respect of Plot (Property ID No. 176C789U333), OB-3.12 Biswa as 26/2525 Share of 15B-03B Vide Khewat No. 1414, Khatont No. 2269, Khasra No. 13169/4431/4432 (15-3) of 157 Sq Yards situtated at Bahadur Chand Colony, Within M.C. Limits, Tehsil and Distreit, Karnal, Haryana 132001. For the said plot original SPA no. 13603/4 dated 25/05/2004 and sale deed number 9910/1 dated 01/12/2005 are lost or misplaced & missing complaint to that effect has been lodged with Civil Line Police Station, Karnal bearing Application No. 132310532501518 dated 03/11/2025 by Mrs. Preeti hence the Present Paper Notice.
Mrs. Preeti has mortgaged the said property with Karur Vysya Bank Ltd, Karnal Branch. Haryana.
Any person/ persons have or clatming any right, claim, title, demand or estate interest in respect of the said property/ Land of the property or to any part thereof in respect of lost/ misplaced documents, should intimate us in writing with conclusive proof within 07 days of this publication. Any intimation done by any individual or any other authority after the notice period will be subject to the charge of the Karur Vysya Bank Ltd, Karnal Branch, Haryana.

**Ajitpal Mann**
**Advocate, District Court, Karmal**
**Mob- 9416204457**



## सार्वजनिक सूचना

मैं मनजीत सिंह (आधार नंबर 5721 8433 3557) पुत्र श्री जसविंदर सिंह निवासी वार्ड नंबर 3, कुम्हारों का मोहल्ला, ऐलनाबाद तहसील ऐलनाबाद जिला सिरसा का रहने वाला हूं और अपने हलफ से ब्यान करता हूं कि मेरे पिताजी जसविंदर सिंह (आधार नंबर 7682 2457 5167) का स्वर्गवास दिनांक 22-06-2024 को हो चुका है। मेरे पिताजी अपने जीवनकाल में अपनी वसीयत लिखकर गए हैं जिसके अनुसार उनकी चल व अचल संपत्ति के मैं व मेरा भाई विक्रमजीत सिंह (आधार नंबर 7956 7870 2267) दोनों बराबर-बराबर के वारसान है। इसके अलावा कोई अन्य कानूनी वारिस ना है। मेरे पिताजी के नाम जायदाद वाक्या वार्ड नंबर 3, ऐलनाबाद, तहसील ऐलनाबाद, जिला सिरसा में है जिसका प्रॉपर्टी आईडी नंबर 6M8DYNY3 है। उसका विरासत का इंद्राज नगरपालिका विभाग में उपरोक्त वारिसों के नाम अनुसार दर्ज व मंजूर किया जावे। उपरोक्त वारसान के अलावा अन्य कोई वारिस पाया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी मेरी खुद की होगी।

–शपथकार



### संशोधनी संख्या. 2

मुद्रण की गलती के कारण, **ईओआई सूचना संख्या. एनएफआर-एसएमएमएमए-पीआर-2025 तारीखः 28-10-2025** की बोली दस्तावेज के दफा संख्या. 6.5 के अधीन पैरामीटर पर क्रम संख्या. 1 में उल्लेखित गत वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक टर्णओवर अब इस तरह से पढ़ना होगाः **पिछले तीन पूरे हुए वित्तीय वर्ष का क्यूम्यलेटिव टर्णओवर।**

अन्य समस्त नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ यात्रियों की सेवा में



## दि बैंक ऑफ इंडिया इम्पलॉइज को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग फर्स्ट सोसाइटी लि., सेक्टर 48-सी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक सूचना

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सदस्यों/आवेदकों ने वित्त विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार हिस्से/फ्लैट के हस्तांतरण और हस्तांतरण विलेख के निष्पादन के लिए एनओसी स्वीकृति जारी करने के लिए समिति की प्रबंधन समिति/रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव सोसाइटीज, यूटी., चंडीगढ़ के समक्ष आवेदन किया हैः

| मूल आवंटी का नाम | | |
|---|---|---|
| हस्तांतरी | आवेदक का नाम | संपत्ति |
| श्री विनोद जोशी | श्रीमती शशि जोशी | फ्लैट सं. 2256, जी.एफ. सेक्टर 48-सी, चंडीगढ़ श्रेणी-बी |

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में समिति के उक्त उल्लिखित फ्लैट में शीर्षक अधिकार अथवा हित के हस्तांतरण में कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को संबंधित दस्तावेजों के साथ लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है जिसमें असफल रहने पर उक्त कथित फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।
आगे, बाद में किसी रूप में कोई दावा विचारणीय नहीं होगा।

अध्यक्ष



## सार्वजनिक सूचना

हम, चारू पुनियानी पत्नी तरुण पुनियानी, रंजना पुनियानी पत्नी हरीश पुनियानी, प्रिया पुनियानी पत्नी भरत पुनियानी संपत्ति के संबंध में मालिक हैं Property i.e., Part of bearing Khasra No. 15/14/1/2/3, 14/1/2/1, 14/1/2/4, 14/1/2/2, Measuring 2701.88 Sq. Yards, situated at Sastri Nagar Raod, village Kutana, Tehsil and District Rohtak as per sale deed no. 7083 dated 18.10.2023, transfer deed no.10608 dated 18.01.2024, transfer deed no. 10642 dated 19.01.2024 and transfer deed no. 10609 dated 18.01.2024. हमने रोहतक में कहीं भी बिक्री विलेख संख्या 3368/1 दिनांक 25.07.2000, बिक्री विलेख संख्या 3369/1 दिनांक 25.07.2000, बिक्री विलेख संख्या 3512/1 दिनांक 01.08.2000, बिक्री विलेख संख्या 3513/1 दिनांक 01.08.2000 को खो दिया है। रोहतक में एक डीडीआर भी पंजीकृत है। हम यह भी घोषणा करते हैं कि हमने उक्त संपत्ति पर किसी भी प्रकार का ऋण, सीसी सीमा या ओडी सीमा नहीं ली है। यदि किसी को इस संपत्ति में कोई समस्या मिलती है, तो कृपया इस प्रकाशन के 7 दिन के भीतर एडवोकेट भूपेंद्र कुमार, फोन नंबर 8295949981 # 1591, सेक्टर 16-17, हिसार से संपर्क करें।




## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लाल सिंह पुत्र कश्मीर सिंह निवासी वार्ड न. 7 (प्रॉपर्टी आई.डी.न 6A92PRB2) असंध का देहांत दिनांक 26/09/2020 हो गया है। उनके देहांत के बाद उनके पांच वारिस 1 गुरजीत सिंह (पुत्र) 2 गुरजंट सिंह (पुत्र) 3 संदीप कौर (पुत्री) 4 लखविन्द्र कौर (पत्नी) 5 सिन्द्र कौर (माता) कानूनी वारिस है। इसके अलावा अन्य कोई कानूनी वारिस नहीं है। उनके देहांत के बाद वारिसान तसदीक कर दिया जाएगा। अगर किसी को कोई आपत्ति है तो 30 दिन के अंदर अंदर नगर पालिका में संपर्क करे।



### सार्वजनिक सूचना



**संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में श्री नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष**

विषयः क्र.सं. 6858, बुक सं. 1, वॉल सं.–, पृष्ठ सं.–, दिनांक 29.02.2016 पर पंजीकृत, बिक्री विलेख के आधार पर 10.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल 2337, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ के स्वामित्व हस्तांतरण के संबंध में।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकार्ड के अनुसार, श्री डॉ. मनिंदर चौहान 10.00% हिस्से के विस्तार तक रिहायशी स्थल सं. 2337, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ के स्वामी/लीजी है।

श्री भजन सिंह, यशपाल सिंह द्वारा सूचित किया गया है कि श्री डॉ. मनिंदर चौहान 10.00% हिस्से के विस्तार उक्त कथित संपत्ति के स्वामी हैं, ने 29.02.2016 को भजन सिंह, यशपाल सिंह के पक्ष में 10.00% हिस्से के विस्तार तक बिक्री विलेख निष्पादित की है और जो कार्यालय सब रजिस्ट्रार, यूटी, चंडीगढ़ में क्र.सं. 6858, बुक सं. 1, वॉल सं.–, पृष्ठ सं.–, दिनांक 29.02.2016 पर पंजीकृत है। अब, भजन सिंह, यशपाल सिंह ने बिक्री विलेख दिनांक 29.02.2016 के आधार पर अपने पक्ष में उक्त कथित संपत्ति के 10.00% हिस्से के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त नामतः आवेदकों के पक्ष में कथित संपत्ति में कथित हिस्से के हस्तांतरण के विरूद्ध कोई आपत्ति है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में (मजीस्ट्रेट/नोटरी द्वारा पूर्ववत सत्यापित शपथपत्र के साथ समर्थित) लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित संपत्ति में कथित हिस्सा उक्त नामतः लाभार्थियों के नामों में उक्त अनुसार हस्तांतरित कर दिया जाएगा एवं बाद में कोई दावा विचारणीय नही होगा।

**नवीन, डेनिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का निर्वहन करते हुए**



## ਗਰੇਟਰ ਲੁਧਿਆਣਾ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ਗਲਾਡਾ ਕੰਪਲੈਕਸ, ਰਾਜਗੁਰੂ ਨਗਰ, ਫਿਰੋਜ਼ਪੁਰ ਰੋਡ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ




ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਚ.ਐਮ 274 ਦੰਡਾਰੀ ਕਲਾ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੀ ਅਲਾਟਮੈਂਟ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਨਾਥ ਕਪੂਰ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਧਨੀ ਰਾਮ ਕਪੂਰ ਵਾਸੀ ਪਿੰਡ ਐਚ.ਐਮ 274 ਦੰਡਾਰੀ ਕਲਾ ਪੰਜਾਬ ਹਾਊਸਿੰਗ ਬੋਰਡ ਕਲੋਨੀ ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੇ ਨਾਮ ਪੱਤਰ ਨੰ 10936 ਮਿਤੀ 04-05-1978 ਰਾਹੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਸੀ। ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਨਾਥ ਕਪੂਰ ਦੀ ਮਿਤੀ 27-11-2023 ਨੂੰ ਮੌਤ ਹੋ ਗਈ ਸੀ। ਹੁਣ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਵਾਰਸ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਸਤੀਸ਼ ਕਪੂਰ ਪੁੱਤਰ ਸ੍ਰੀ ਰਾਮ ਨਾਥ ਕਪੂਰ ਵਾਸੀ ਐਚ.ਐਮ 274, ਦੰਡਾਰੀ ਕਲਾ ਪੰਜਾਬ ਹਾਊਸਿੰਗ ਬੋਰਡ ਕਲੋਨੀ ਲੁਧਿਆਣਾ ਵਲੋ ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਕਰਨ ਦੇ ਦਸਤਾਵੇਜ ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ ਗਲਾਡਾ ਵਿਖੇ ਜਮਾ ਕਰਵਾਏ ਹਨ।

ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਦੀ ਮਲਕੀਤੀ ਕਰਨ ਸਬੰਧੀ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਕੇਸ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਐਨ.ਓ.ਸੀ ਕਰਨ ਤੋ ਪਹਿਲਾ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਵਿਅਕਤੀ ਨੂੰ ਇਸ ਤੇ ਕੋਈ ਇਤਰ- [illegible]

ਸੁਪਰਡੰਟ, ਮਿਲਖ ਦਫਤਰ, ਗਲਾਡਾ, ਲੁਧਿਆਣਾ।



## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ, ਮੁਹਾਲੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



ਸਿਵਲ ਵਿੰਡੋ ਐਪਲੀਕੇਸ਼ਨ ਨੰ: 445067 ਮਿਤੀ 27-05-2025 ਰਾਹੀਂ ਬਿਨੈਕਾਰਾਂ ਵਲੋਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਮਕਾਨ ਨੰ: ਐਚ.ਈ 191, ਫੇਜ਼-7, ਸੈਕਟਰ-61, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਅਲਾਟੀ Manjit Singh Lambha S/o Bhagat Singh Lambha R/o HE-191, SECTOR 61 MOHALI ਦੀ ਮਿਤੀ 08-11-2023 ਨੂੰ ਮੌਤ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। [illegible]

1. ਜਸਵੀਰ ਕੌਰ — ਪਤਨੀ
2. ਹਰਵਿੰਦਰ ਸਿੰਘ — ਪੁੱਤਰ
3. ਪ੍ਰਿਤਪਾਲ ਕੌਰ — ਪੁੱਤਰੀ

[illegible]



## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



[illegible]



## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ, ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



[illegible]



## ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਮ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ। (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



[illegible] Roop Lal Saini [illegible] Narain Singh Sidhu, Municipal Councilor, Sector-56, SAS Nagar [illegible]
1. Roop Lal Saini — Husband
2. Sunita Saini — Daughter
3. Manjit Singh Saini — Son
4. Karamjit Singh Saini — Son

[illegible]



## ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ ਸੈਕਟਰ-62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ.ਨਗਰ (ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ)



[illegible] Rahul Dhawan S/o Ved Parkash R/o House no-401, Phase-3B1, Sector-60, Mohali [illegible] Ved Parkash Dhawan S/O Arjan Dass Dhawan R/O House no-401, Phase-3B1, Sector-60, Mohali [illegible]

नगर निगम की मासिक सदन बैठक

# सेक्टर 26 ट्रांसपोर्ट एरिया की सड़कों व पार्किंग की रीकार्पेटिंग समेत सभी प्रस्तावों को मंजूरी





फोटो: अजीत कौशल

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** नगर निगम की सोमवार को आयोजित निगम सदन की 354वीं बैठक में सभी 8 प्रस्तावों को सदन की हरी झंडी मिल गई। हालांकि शुरु-शुरू में पक्ष -विपक्ष के बीच कुछ झड़पें होती रहीं। किंतु लगभग सभी प्रस्ताव ध्वनिमत के साथ पारित कर दिये गये। सबसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव यह रहा कि चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित ट्रांसपोर्ट एरिया की सड़कों/पार्किंग्स के फिर से कारपेटिंग के कार्यों की शुरुआत करने का प्रस्ताव पारित कर दिया गया। 170.92 लाख के इस प्रोजेक्ट को सदन की मंजूरी मिल गई। बता दें कि चंडीगढ़ के सेक्टर 26 स्थित ट्रांसपोर्ट एरिया की सड़कों/पार्किंग्स के फिर से रीकार्पेटिंग का काम अब युद्धस्तर पर आरंभ कर दिया जायेगा। इसके लिए तकनीकी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद टेंडर काल कर दी जायेगी।

इसके बाद शहर की अन्य सड़कों की रीकार्पेटिंग के काम होंगे। इन सड़कों की रीकार्पेटिंग पहले वर्ष 2019 में की गई थी। उसके बाद लंबे अरसे के उपरांत अब इसे दिसंबर के पहले पूरा कर लेने की योजना तैयार की गई।

### डोर-टू-डोर कचरा उठाने वालों के साथ एमओयू साइन

इसके अलावा शहर में आवासीय इकाइयों से डोर-टू-डोर कचरा एकत्र करने वालों के साथ नये समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। नगर निगम ने 926 व्यक्तिगत कचरा संग्रहकर्ताओं के माध्यम से घर-घर से कचरा एकत्र करने की सुविधा उपलब्ध करायी है, जिन्हें एक समझौता ज्ञापन के तहत संलग्न किया गया है। प्रारंभिक समझौता ज्ञापन दो वर्षों (1 जनवरी 2021 से 31 दिसतंबर 2022) तक की अवधि के लिए निष्पादित किया गया था। इसके बाद अनुबंध की अवधि को समय-समय पर विस्तार का प्रावधान किया जायेगा।।

### पार्षद के अवकाश मंजूर

इसके अलावा एमसीसी वार्ड 19 की पार्षद श्रीमती नेहा के अवकाश आवेदन का प्रस्ताव भी मंजूर कर दिया गया। मनोनीत पार्षद सतिंदर सिंह सिद्धू द्वारा उठाये गये सवालों के जवाब संबंधी प्रस्ताव भी शामिल हैं।

### मेयर के विदेश दौरे का प्रस्ताव पारित

मेयर हरप्रीत कौर बबला के मास्को में विगत देश और चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। इसमें मेयर हरप्रीत कौर बबला दुबई में आयोजित एशिया पैसेफिक सिटी सम्मित (एपीसी 2025 में भारत और चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व किया था।) इसके पूर्व मास्को में आयोजित एक समारोह में भी देश और शहर का प्रतिनिधित्व किया था। यह प्रस्ताव भी ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इसे लेकर विपक्ष के पार्षदों ने तरह-तरह के सवाल खड़े किये थे। किंतु आज इन सभी प्रस्तावों को सदन की मंजूरी प्रदान कर दी गई।

## पक्ष-चिपक्ष के बीच हाथापाई की नौबत

आधे घंटे तक चलता रहा हंगामा, मुश्किल से स्थिरता नियंत्रण में आयी

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की सोमवार 3 नवंबर को आयोजित 354वीं सदन बैठक की शुरुआत ही आज जबरदस्त हंगामे के साथ हुई। हालांकि विपक्ष में कांग्रेस के कुछ पार्षद बैठक में शामिल नहीं रहे। किंतु पीछे उन्होंने सत्ता पक्ष की नाम में दम करके रखा। सत्ता पक्ष की पार्षद एवं कांग्रेस से पूर्व डिप्टी मेयर रह चुकी गुरबक्श रावत ने अपने वार्ड के किसी समारोह की एक फोटो लहराते हुए कहा कि हैरानी है कि एरिया काउंसलर के वार्ड में कोई काम होता है, उस पर सिर्फ नगर सांसद मनीष तिवारी और नगर प्रशासन के मुख्य सचिव का नाम ही बोर्ड पर लिखा जाता है। जबकि इससे पूर्व एरिया के पार्षद के नाम भी लिखे जाते थे, फिर मेयर और निगम के कमिश्नर के। किंतु जब से मनीष तिवारी शहर के सांसद निर्वाचित हुए हैं, तब से सारी प्रणाली और प्रक्रिया बदल गई है।

उन्होंने अपने एरिया में एमपी लैड फंड से लांच किए गये सीसीटीवी कैमरे के लिए रोड की एक साइड में बड़ा साथ एक बोर्ड लगा रखा है। उस पर केवल नगर सांसद का नाम ही लिखा गया है, और नगर प्रशासन के मुख्य सचिव का नाम लिखा हुआ है। इसमें एरिया पार्षद का नाम ली लिखना चाहिए था। इसके बाद श्रीमती रावत के समर्थन में भाजपा के कनवरजीत राणा और सौरभ जोशी आ गये। फिर कांग्रेस पार्षद एवं पंजाब विश्व विद्यालय के पूर्व छात्र नेता सचिव गालब ने एतराज जताया। उसके बाद मनोनीत पार्षद गीता चौहान भी रावत के समर्थप में आ गयीं।

देखते-देखते मेयर के आसन के निकट पक्ष-विपक्ष का टकराव हो गया। सचिव गालब आक्रमक रुख अपनाते हुए आगे बढ़े फिर जोशी के बचाव में आये कनवर राणा के साथ उनकी गुत्थम-गुत्थी हो गई। काफी देर तक हंगामा चलता रहा।

### भाजपा ने शुरुआत की: सचिन

फिर सचिन गालब ने जवाब में कहा कि ऐसी परंपराएं भाजपा शासन के साथ ही आरंभ हुई। उनका कहना था कि शहर में जब भी प्रधानमंत्री मोदी की विजिट होती है, उस समय नगर सांसद को आमंत्रित नहीं किया जाता है, जबकि पूर्व में यह यह परंपरा थी। यदि नगर सांसद ने अपने सांसद निधि से कोई कार्य करवा दिये तो उस पर इतना हंगामा क्यों? फिर उनके समर्थन में आम आदमी पार्टी की प्रेमलता, योगेश ढींगरा सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर बंटी और डिप्टी मेयर तरुणा मेहता भी आ गयीं। फिर तो दोनों पक्षों के बीच शोरशराबा काफी देर तक चलता रहा। बड़ी मुश्किल से माहौल शांत किया गया। बाद में सत्ता पक्ष के महेश इंदर सिंह और अनूप गुप्ता, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर संधू भी पहुंच गये। एक दूसरे के खिलाफ हाय तौबा चली।

### योगेश ढींगरा ने मेयर पर कंसा तंज

आप के योगेश ढींगरा ने सवाल किया कि मेयर साहिबा केवल वीआईपी इलाकों की सड़कों की मरम्मत आदि करवा रही हैं। किंतु आमजन के लिए रिहायशी क्षेत्रों में निर्मित सड़कों पर बड़े-बड़े खड्डे पड़े हैं, उनका ध्यान नहीं रहा। जवाब में मेयर ने कहा कि 'आप' के कुलदीप कुमार पिछली बार मेयर थे, उन्होंने क्यों नहीं बनवायी सड़कें। उनसे ही जाकर आप पूछे। आप मुझसे ऐसे सवाल क्यों कर रहे हैं। बता दें कि यही सवाल सौरभ जोशी ने भी आप को निशाना साधते हुए कही थी। उनका कहना था कि अपने पूर्व मेयर ने तो ऐसे सवाल कभी किये नहीं जाते रहे। पर इस बार काम की बातें पूछी जाती हैं।

### हर वार्ड में होंगे विकास कार्य

जवाब में कमिश्नर और मेयर ने कहा कि अब हर वार्ड के लिए 25-25 लाख रुपये वार्ड के विकास कार्यों के लिए दिये जा रहे हैं। इन्हें मौजूदा समय में दो भागों में विभाजित किया गया है। पहले भाग में कुछ वार्डों के लिए प्रस्ताव पारित कर दिये गये हैं, उन पर अब टेंडर काल की जा रही है। इसी प्रकार दूसरे भाग में शेष वार्डों के विकास संबंधी प्रस्ताव पारित कराकर उनका प्रक्रिया भी आरंभ की जायेगी।

### सफाई की जगह गंदगी: प्रेमलता

आप की प्रेमलता ने मेयर को घेरते हुए कहा कि आप शहर की स्वच्छता और सफाई की बात करती हैं, किंतु मेरे वार्ड के आसपास के क्षेत्रों में गंदगी के ढेर लगे होते हैं। उन पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। जवाब में मेयर ने कहा कि गंदगी तो मेयर के वार्ड में भी है। किंतु वह इतना शोर नहीं मचातीं हैं। निगम की तरफ से सबसे बड़े बजट की योजना यानि सड़कों की रीकार्पेटिंग का काम किया जाना है। फिर बाद में दूसरे कार्यों पर ध्यान दिया जायेगा। पहले सेक्टर 26 की ट्रांसपोर्ट एरिया की सड़कों की रीकार्पेटिंग की शुरुआत होगी, फिर अन्य छोटी सड़कों की। मेयर ने प्रेमलता पर निशाना साधते हुए कहा कि सबसे बड़ा पायलट प्रोजैक्ट 24 गुना 7 वाटर सप्लाई का काम भी शुरू करायेंगे। मेयर ने कहा कि आज से नगर निगम सदन की कार्यवाही की लाइव टेलीकास्ट शुरू हो गई है। पूरे शहर के लोग आप को देख और सुन रहे हैं। इसलिए कुछ ऐसी अभद्र और अमर्यादित बात नहीं होनी चाहिए कि सदन की गरिमा को आंच आये।

# चंडीगढ़ की तैयारियां जोर पर, आईआईटीएफ-2025 में दिखेगी शहर की नवाचार व प्रगतिशील पहचान

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 3 नवम्बर।** आगामी इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर आईआईटीएफ-2025 में चंडीगढ़ प्रशासन अपनी प्रगतिशील सोच और नवाचार-आधारित विकास मॉडल को प्रदर्शित करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस संबंध में सोमवार को उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सचिव उद्योग सह उपायुक्त श्री निशांत कुमार यादव ने की।

बैठक में बताया गया कि इस बार चंडीगढ़ की ओर से पाँच विभाग – पर्यटन विभाग, सिटको, संग्रहालय, नगर निगम (एनयूएलएम) और जेल विभाग – मेले में भाग लेंगे। ये सभी विभाग चंडीगढ़ की विशिष्ट पहलों, उत्पादों और सेवाओं को प्रदर्शित करेंगे।

उपायुक्त श्री यादव ने बैठक के दौरान स्थानीय एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों) की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच स्थानीय उद्यमियों को पहचान और व्यावसायिक अवसर प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एमएसएमई उद्यमियों को हरसंभव सहयोग और सुविधा दी जाए, ताकि वे मेले में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि चंडीगढ़ पैवेलियन को इस तरह डिजाइन किया जाए जिससे शहर की आधुनिकता, सुशासन और नवाचार की छवि स्पष्ट रूप से झलके। प्रदर्शनों को जनोन्मुख और रचनात्मक बनाया जाए ताकि आगंतुकों पर चंडीगढ़ की विशिष्ट पहचान की गहरी छाप पड़े।

गौरतलब है कि इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर-2025 14 नवम्बर से 27 नवम्बर 2025 तक नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर के राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और विभिन्न औद्योगिक संस्थानों की भागीदारी होगी।

कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने पीएचडीसीसीआई के सहयोग से पीएमआईएस के तहत प्लेसमेंट ड्राइव का किया आयोजन

# प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से अधिक उम्मीदवारों को आगे की नियुक्ति प्रक्रियाओं के लिए चुना

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) की रीजनल एनसीएलटी और कॉर्पोरेट अफेयर्स कमेटी की ओर से भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय के अधीन रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज, चंडीगढ़ के सहयोग से पीएचडी हाउस, सेक्टर 31 में प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत पीएमआईएस प्लेसमेंट ड्राइव-चंडीगढ़ का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत 12 महीने की इंटर्नशिप सफलतापूर्वक पूरी करने वाले उम्मीदवारों के लिए एंप्लॉयमेंट के अवसर उपलब्ध कराना था। प्लेसमेंट अभियान में 33 प्रशिक्षित अभ्यर्थियों और 7 प्रतिष्ठित संगठनों ने भाग लिया, जिससे संभावित नियोक्ताओं और कुशल अभ्यर्थियों के बीच बातचीत के लिए एक मूल्यवान मंच उपलब्ध हुआ। इस दौरान 18 से अधिक उम्मीदवारों को आगे की नियुक्ति प्रक्रियाओं के लिए चुना गया।

चंडीगढ़ की डिप्टी रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज (आरओसी) दीपमाला बागड़ी ने पीएचडीसीसीआई के प्रयासों की सराहना की और इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह की पहल प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उद्योग के साथ जोड़कर इंटर्नशिप और फुल टाइम एंप्लॉयमेंट के बीच के अंतर को कम करने में मदद करती है। पीएचडीसीसीआई की रीजनल एनसीएलटी एवं कॉर्पोरेट अफेयर्स कमेटी के संयोजक सीएस राहुल जोगी ने कहा कि इस तरह की पहल इंडस्ट्री-गवर्नमेंट कोलैबोरेशन को मज़बूत करने और युवाओं के लिए व्यवस्थित रोज़गार संबंध बनाने की पीएचडीसीसीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने स्किल बेस्ड ग्रोथ और सस्टेनेबल एंप्लॉयमेंट के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए पीएमआईएस ढाँचे के तहत निरंतर जुड़ाव के महत्व पर ज़ोर दिया।

चंडीगढ़ की सीनियर रीजनल डायरेक्टर भारती सूद ने कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और पीएचडीसीसीआई के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की और इस बात पर जोर दिया कि यह अभियान रोजगार, कौशल वृद्धि और उद्यमिता को बढ़ावा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप है। सत्र का समापन सभी हितधारकों की पारस्परिक सराहना के साथ हुआ, जिसमें पीएमआईएस ढांचे के तहत युवाओं के लिए क्षमता निर्माण और रोजगार सृजन को समर्थन देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई।

सीबीएसई मोहाली क्षेत्रीय कार्यालय में वित्तीय अनियमितताएं उजागर

# ऑडिट रिपोर्ट में 22.96 लाख की अनियमित भुगतान पर आपत्ति

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 3 नवम्बर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के मोहाली स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में कई वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं का खुलासा हुआ है। यह तथ्य प्रधान लेखा परीक्षक (केंद्रीय), चंडीगढ़ द्वारा मार्च-अप्रैल 2025 में की गई ऑडिट जांच में सामने आया है। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, यह जांच वर्ष 2020 से 2024 की अवधि के लिए की गई, जिसमें बजट उपयोग, अग्रिम राशि समायोजन, और कर्मचारियों को दिए गए भत्तों से संबंधित कई गंभीर गड़बड़ियां पाई गई। रिपोर्ट के अनुसार, मोहाली स्थित क्षेत्रीय





| वर्ष | बजट (लाख में) | व्यय ( लाख में) |
|---|---|---|
| 2020-21 | 3374 | 1576 |
| 2021-22 | 7693 | 1013 |
| 2022-23 | 2627 | 621 |
| 2023-24 | 4054 | 842 |

कार्यालय को चार वर्षों में करोड़ों रुपये का बजट आवंटित हुआ, लेकिन उसका उपयोग बहुत कम हुआ। ऑडिट में कहा गया है कि बजट का कम उपयोग विभागीय योजना और कार्यान्वयन में गंभीर खामियों की ओर संकेत करता है। बता दें कि सीबीएसई, चंडीगढ़ का रीजनल ऑफिस मोहाली में 2020 में स्थापित हुआ।

### अग्रिम राशि के समायोजन में 374 दिन तक की देरी

ऑडिट के दौरान पाया गया कि कई कर्मचारियों को दैनिक व्यय या विशेष कार्यों के लिए अग्रिम राशि दी गई, जिसे नियमानुसार 15 दिनों के भीतर समायोजित किया जाना चाहिए था लेकिन जांच में पता चला कि इन अग्रिमों का समायोजन 17 से लेकर 374 दिनों तक की देरी से किया गया। यह देरी सामान्य वित्तीय नियम 2017 के नियम 322 और 323(2) का उल्लंघन है। ऑडिट ने कहा कि यह स्थिति कार्यालय की आंतरिक नियंत्रण

### 17.61 लाख का लेट सिटिंग भत्ता नियम विरुद्ध

रिपोर्ट में बताया गया कि कार्यालय ने कर्मचारियों को लेट सिटिंग अलाउंस के रूप में 17.61 लाख रुपये का भुगतान किया जबकि छठे कें द्रीय वेतन आयोग के अनुसार, केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को ओवरटाइम अथवा ऐसे किसी अन्य भत्ते का भुगतान केवल संचालनात्मक या औद्योगिक कर्मचारियों को ही किया जा सकता है। इस प्रकार, यह भुगतान नियमों के विपरीत पाया गया। ऑडिट ने इन भुगतानों की वसूली करने की

### 5.35 लाख का बोनस भुगतान भी नियम विरुद्ध

ऑडिट में यह भी पाया गया कि कार्यालय ने अपने कर्मचारियों को 5.35 लाख का गैर-उत्पादकता आधारित बोनस दिया। वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग के परिपत्र दिनांक 6 मई, 2019 के अनुसार, यह बोनस केवल केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को दिया जा सकता है, स्वायत्त निकायों जैसे सीबीएसई पर लागू नहीं होता। ऑडिट ने इसे भी अनियमित भुगतान बताते हुए वसूली की सिफारिश की है।

### ऑडिट शुल्क 1.28 लाख निर्धारित

रिपोर्ट के अनुसार, यह ऑडिट भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के अधिनियम 1971 की धारा 19(1), 19(2) एवं 20(1) के अंतर्गत किया गया। इसके लिए 1.28 लाख का ऑडिट शुल्क क्षेत्रीय कार्यालय से वसूल किया जाएगा।

# चंडीगढ़ कोर्ट की पार्किंग में हुई जमकर मारपीट महिलाएं भी भिड़ीं; लोग वीडियो बनाते रहे

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** सेक्टर-43 स्थित जिला अदालत की पार्किंग में सोमवार को घरेलू विवाद के मामले में सुनवाई के लिए आए दो पक्षों के बीच जोरदार झगड़ा हो गया। देखते ही देखते बहस हाथापाई में बदल गई, जिसमें लात-घूंसे और थप्पड़ शामिल थे।

जानकारी के अनुसार, झगड़ा डड्डूमाजरा कॉलोनी के रहने वाले एक पक्ष और सेक्टर-38 के मूल निवासी (जो अब दिल्ली में रहते हैं) के बीच हुआ।

विवाद की जड़ यह है कि सेक्टर-38 के परिवार ने अपनी बेटी की शादी डड्डूमाजरा कॉलोनी में की थी, लेकिन घरेलू कलह के कारण बेटी काफी समय से दिल्ली में अपने माता-पिता के साथ रह रही है।

मौके पर मौजूद लोग झगड़े का वीडियो बनाते रहे, लेकिन किसी ने भी इसे रोकने की कोशिश नहीं की। झगड़े के दौरान महिलाओं ने भी हिस्सा लिया और एक-दूसरे के बाल खींचे। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचना पड़ा और काफी मशक्कत के बाद दोनों पक्षों को काबू में किया गया।

पुलिस ने दोनों पक्षों को पूछताछ के लिए थाने ले जाया। पुलिस का कहना है कि झगड़े की मुख्य वजह पारिवारिक विवाद है और मामले की जांच जारी है।

# पंजाब यूनिवर्सिटी में फिर भड़का विरोध: एफिडेविट के खिलाफ छात्रों का मरण व्रत, पुलिस से झड़प के बाद गेट बंद

सांसद भी पहुंचे समर्थन में

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ में सोमवार दोपहर एक बार फिर तनाव का माहौल देखने को मिला। एफिडेविट नीति के खिलाफ चल रहे छात्रों के आंदोलन ने उस समय तूल पकड़ लिया जब पुलिस और छात्रों के बीच गेट नंबर दो पर झड़प हो गई। छात्रों ने नारेबाजी करते हुए ÷चंडीगढ़ पुलिस गो बैक÷ के नारे लगाए और विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार को बंद कर दिया।

जानकारी के अनुसार, यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज़ के छात्र अभिषेक डागर पिछले चार दिनों से मरण व्रत पर बैठे हैं। वे स्टूडेंट ऑर्गेनाइजेशन ऑफ पंजाब यूनिवर्सिटी (सोपू) के नेता और कौंसिल के महासचिव हैं। पुलिस ने उन्हें स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल ले जाने की कोशिश की, जिस पर छात्रों ने विरोध जताया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच धक्का-मुक्की हुई।

छात्रों ने आरोप लगाया कि कुछ पुलिस कर्मियों ने शराब पी रखी थी और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। मौके पर अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया और हालात पर काबू पाने की कोशिश की गई। इस बीच, छात्रों के समर्थन में कई राजनीतिक नेता कैंपस पहुंचे। फरीदकोट से सांसद सरबजीत सिंह खालसा, चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और फतेहगढ़ साहिब के सांसद मलविंदर सिंह कंग ने धरने पर बैठे छात्रों से मुलाकात की और प्रशासन के रवैये की निंदा की।

जून 2025 में पंजाब यूनिवर्सिटी प्रशासन ने आदेश जारी किया था कि सभी नए छात्रों को प्रवेश के समय एक हलफनामा (एफिडेविट) देना होगा, जिसमें 11 शर्तें शामिल हैं – जिनमें प्रमुख शर्त यह है कि छात्र किसी भी प्रकार के प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लेंगे और उनके खिलाफ कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होगा। छात्र संगठनों का कहना है कि यह आदेश उनके लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है और 'असहमति की आवाज़÷ को दबाने की कोशिश है। छात्रों ने बताया कि इस आदेश को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में भी चुनौती दी गई है, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन अब तक कोई स्पष्ट संवाद नहीं कर रहा।

वहीं आम आदमी पार्टी नेताओं ने कहा कि पंजाब सरकार को भ्रामक प्रचार से बचना चाहिए और अन्य विश्वविद्यालयों में भी पीयू की तरह लोकतांत्रिक सीनेट व सिंडिकेट की व्यवस्था लागू करनी चाहिए। फिलहाल पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस में तनाव बना हुआ है, और छात्र नेताओं ने साफ कहा है कि जब तक एफिडेविट आदेश वापिस नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

### सीनेट मुद्दे पर राजनीतिक प्रतिक्रिया

भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि पार्टी पंजाब विश्वविद्यालय के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सीनेट व सिंडिकेट के भंग होने के प्रभाव का गंभीरता से मूल्यांकन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार प्रशासनिक सुधारों की दिशा में काम कर रही है, लेकिन कोई भी निर्णय 'पंजाब-हितैषी' तरीके से लिया जाएगा।

### पीयू में छात्रों ने चार घंटे बंद रखा गेट नंबर दो

एफिडेविट वापसी की मांग को लेकर एंटी एफिडेविट फ्रंट ने आज दोपहर दो बजे के करीब पंजाब यूनिवर्सिटी का गेट नंबर-2 बंद कर दिया। इसी को लेकर पुलिस और छात्रों के बीच गरमा-गर्मी और धक्का-मुक्की हो गयी। चार घंटे के बाद सांय छह बजे छात्रों ने खुद ही गेट खोल दिया। पीयू प्रशासन की ओर से कोई बड़ा अधिकारी छात्रों को मनाने नहीं आया हालांकि छात्रों को संदेश अवश्य भेजा गया कि एफिडेविट को वापस लेने पर पीयू प्रशासन कानूनी राय ले रहा है, कुछ तकनीकी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे वापस ले लिया जायेगा। पूर्व छात्र नेता अर्चित गर्ग ने हाईकोर्ट में एफिडेविट के खिलाफ याचिका दायर कर रखी है। बाद में छात्रों ने गेट नंबर दो से लौट कर कुलपति कार्यालय के सामने फिर से स्थायी धरना लगा दिया है। एसएफएस नेता संदीप ने कहा कि गेट बंद करना, एक दिनी एक्शन था अब वे वीसी आफिस के सामने मांगे पूरी होने के बाद ही उठेंगे।

### दिल्ली तक जाएगी पीयू की आवाज: दीपेंद्र हुड्डा



रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने पीयू में छात्रों के अधिकारों पर हो रहे कथित हमलों को लेकर कहा कि छात्रों से एफिडेविट मांगना लोकतंत्र का गला घोंटने जैसा है। विश्वविद्यालयों का भगवाकरण और छात्रों की आवाज को कुचलना किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हुड्डा सोमवार को पंजाब यूनिवर्सिटी कैंपस पहुंचे, जहां उन्होंने स्टूडेंट्स कौंसिल सचिव अभिषेक डागर से मुलाकात की, जो पिछले छह दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। पत्रकारों से बातचीत में दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों से एंटी-प्रोटेस्ट एफिडेविट लेना एक अलोकतांत्रिक और दमनकारी कदम है। उन्होंने कहा कि यह एफिडेविट छात्रों की आज़ादी और अभिव्यक्ति की ताकत को छीनने की कोशिश है। उन्होंने कहा कि सीनेट भंग करना, छात्रों की चुनी हुई आवाज़ों को नकारना और एसओपी के नाम पर विरोध पर रोक लगाना, ये सब एक विचारधारा विशेष के विस्तार का हिस्सा प्रतीत होता है। दीपेंद्र हुड्डा ने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने यह रवैया नहीं बदला तो वह स्वयं इस मुद्दे को लोकसभा के शीतकालीन सत्र में उठाएंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की आवाज चंडीगढ़ तक नहीं रुकेगी, अब यह दिल्ली तक जाएगी। संसद में इसकी गूंज पूरे देश को सुनाई देगी। दीपेंद्र ने कुलपति प्रो रेणु विग से भी मुलाकात की। उन्होंने कहा कि संवाद ही एकमात्र रास्ता है जिससे यह गतिरोध खत्म हो सकता है। वाइस चांसलर ने छात्रों से बातचीत करने और लीगल ओपिनियन लेकर सकारात्मक समाधान निकालने का आश्वासन दिया है।

सम्पादकीय

# महिला वन डे वर्ल्ड की चैंपियन बेटियों को देश का सलाम

क्रिकेट को भद्रजनों का खेल कहा जाता है। हालांकि कुछ दिन पहले तक यह महज पुरुषों का ही खेल था। लेकिन रविवार की रात जो हुआ, उसके बाद क्या यह कहा जा सकता है कि क्रिकेट महज पुरुषों का खेल है। देश की बेटियों ने क्रिकेट के इतिहास में वह कर दिखाया है, जिसका इंतजार देश को बीते 52 साल से था। महिला वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया ने फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 52 रनों से मात देकर यह साबित कर दिखाया कि आज पूरे विश्व में क्रिकेट में अगर भारतीय पुरुषों का वर्चस्व है तो महिला क्रिकेट में देश की बेटियों ने बादशाहत हासिल कर ली है। वे अब विश्व चैंपियन हैं। बीते 52 साल में पहली बार वनडे में वे चैंपियन बनी हैं और जिस देश ने अभी-अभी दिवाली मनाई हो, वहां एक बार फिर दिवाली के दिए जल उठे। टीम इंडिया की यह जीत बताती है कि अब देश सच में बदल गया है। सिर्फ पांच साल पहले की बात है, जब महिला क्रिकेट के टी 20 विश्व कप मुकाबले में टीम इंडिया फाइनल में हार गई थी। उस समय इससे ज्यादा निराशाजनक कुछ नहीं समझा गया था, तमाम बातें भी उठी थीं। लेकिन टीम इंडिया की लक्ष्मीबाईयों ने रण नहीं छोड़ा और डटी रहीं। आज उसी जज्बे को उसका सर्वोच्च हासिल हुआ है। मालूम हो, महिला क्रिकेट में टीम इंडिया साल 2005 और 2017 के बाद अब तीसरी बार फाइनल में पहुंची थी। यानी हार कर फिर खड़े होने का यह सिलसिला पुराना था, जाहिर है जब कोई इतनी शिद्दत से जीत के अपने लक्ष्य का पीछा करेगा तो एक दिन सबसे बड़ी कामयाबी हासिल कर ही लेगा। और इस बार यही हुआ। इस जीत ने देश में महिला क्रिकेट को नए पंख लगा दिए हैं और देश की बेटियों को वह साहस प्रदान कर दिया है, जिसकी उन्हें सख्त जरूरत थी।

**गौरतलब है कि महिला क्रिकेट की इस नई तस्वीर में रंग भरने का काम किया साल 2021 में बीसीसीआई के सचिव बने जय शाह ने। वे इस समय आईसीसी के चेयरमैन हैं। यह उनके प्रयासों का प्रतिफल है कि आज देश की महिला क्रिकेट टीम इस बुलंदी पर पहुंच चुकी है। शाह ने उस समय महिला क्रिकेट में बदलाव शुरू किए थे। उनकी नीतियों की वजह से ही आज महिला क्रिकेटरों की मैच राशि पुरुष क्रिकेटरों की तुलना में कहीं ज्यादा है। महिला क्रिकेट को सशक्त बनाने की दिशा में साल 2023 में महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत मील का पत्थर साबित हुई। इस लीग के दौरान भारतीय महिला क्रिकेटरों को ऑस्ट्रेलिया, इंगलैंड, न्यूजीलैंड आदि देशों की टीमों के साथ खेलने का मौका मिला और उनके अनुभव का विस्तार होता गया।**

गौरतलब है कि महिला क्रिकेट की इस नई तस्वीर में रंग भरने का काम किया साल 2021 में बीसीसीआई के सचिव बने जय शाह ने। वे इस समय आईसीसी के चेयरमैन हैं। यह उनके प्रयासों का प्रतिफल है कि आज देश की महिला क्रिकेट टीम इस बुलंदी पर पहुंच चुकी है। शाह ने उस समय महिला क्रिकेट में बदलाव शुरू किए थे। उनकी नीतियों की वजह से ही आज महिला क्रिकेटरों की मैच राशि पुरुष क्रिकेटरों की तुलना में कहीं ज्यादा है। महिला क्रिकेट को सशक्त बनाने की दिशा में साल 2023 में महिला प्रीमियर लीग की शुरुआत मील का पत्थर साबित हुई। इस लीग के दौरान भारतीय महिला क्रिकेटरों को ऑस्ट्रेलिया, इंगलैंड, न्यूजीलैंड आदि देशों की टीमों के साथ खेलने का मौका मिला और उनके अनुभव का विस्तार होता गया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया की जीत का आधार बनीं स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिक्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़ एवं अन्य खिलाड़ियों ने जिस प्रकार जी जान लगा दी, वह काबिलेतारीफ है।

दरअसल, दूसरे क्षेत्रों की तरह खेल में महिलाओं के योगदान को कमतर आंका जाता है। और ऐसा सिर्फ भारतीय महिला क्रिकेटरों के साथ ही नहीं होता, दुनिया की दूसरी महिला क्रिकेटरों के साथ भी यही हो रहा है। इस समय भी लगता है, देश के एक वर्ग ने ही खुशियां मनाई हैं, क्योंकि जिस प्रकार पुरुष क्रिकेट के फाइनल के वक्त देश में सन्नाटा हो जाता है, वह अब नहीं था। बेशक, इसके बावजूद देश की बेटियों ने उस सन्नाटे को अपनी ललकार और जीत के बाद हर्ष निनाद से तोड़ दिया। चैंपियन टीम इंडिया को जीत में करीब 39 करोड़ रुपये की राशि मिली है। यह टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी राशि है। बीसीसीआई ने यह समझा है कि किस प्रकार महिला क्रिकेट को प्रोत्साहित करके वह एक तीर से कई निशाने साधेगा। टीम इंडिया में अनेक खिलाड़ी सामान्य परिवारों से निकल कर यहां पहुंची हैं, उन्होंने संसाधनों के लिए संघर्ष किया है वहीं पुरुषवादी इस सोच का भी सामना किया है कि महिलाएं क्रिकेट नहीं खेल सकती। अब ऐसे लोगों से पूछा जा सकता है कि आखिर महिलाएं क्रिकेट क्यों नहीं खेल सकती? हम उनका मनोबल बढ़ाएंगे तो वे भी महिला क्रिकेट में भगवान या कहें देवियों का दर्जा हासिल कर सकती हैं। निश्चित रूप से देश में जब देव दिवाली मनाई जा रही हो, तब इन भद्र देवियों ने क्रिकेट में विश्व चैंपियन बनकर यह प्रदर्शित कर दिया है कि अब महिला क्रिकेट में नया सिक्का उनके नाम से ही चलेगा। इस महान कामयाबी के लिए उन्हें अनंत शुभकामनाएं।

# वादे और दावे के बीच झूलती बिहार की राजनीति




बिहार में चुनावी घमासान की हवा चल रही है। प्रमुख राजनीतिक दल इस हवा के रुख को अपनी ओर मोड़ने का जी तोड़ प्रयास भी कर रहे हैं, लेकिन इसके बाद भी अभी तक कोई भी ऐसी आश्वस्ति पीलक्षित नहीं हो रही है कि हवा किस ओर बह रही है। राजनीतिक दलों द्वारा किए जा रहे दावे और वादे सत्ता की राह को आसान बनाने की मात्र कवायद ही कही जा सकती है। बिहार की राजनीति में चार प्रमुख राजनीतिक दल जोर लगा रहे हैं, बाकी के सभी इनके सहारे सत्ता का स्वाद चखने के लिए लालायित हैं। यह प्रमुख दल अपने ही दल के अंदर उठ रहे भीतरघात के लावे से परेशान हैं। जहां तक राष्ट्रीय जनता दल की बात है तो उनके घर के अंदर से ही विरोध की चिंगारी सुलग रही है। जो भविष्य में बड़ी आग का रूप भी ले सकती है। तेजप्रताप यादव नए दल के साथ चुनावी मैदान में उतरकर तेजस्वी के सपनों को मिटाने का अभियान छेड़े हुए हैं, वहीं उनके पिता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के शासन करने का अंदाज एक बड़ी चुनौती बन रहा है। भारतीय जनता पार्टी एक प्रकार से इसी को चुनावी मुद्दा बनाने का प्रयास कर रही है। भाजपा की ओर से कहा जा रहा है कि बिहार को विकास चाहिए या फिर जंगलराज चाहिए। लालू प्रसाद यादव के शासन बारे में सर्वोच्च न्यायालय की ओर से इस आशय की टिप्पणी की गई थी कि बिहार में जंगलराज है। राष्ट्रीय जनता दल की ओर से अपनी सरकार के बारे में बताने के लिए कुछ भी नहीं है, इसलिए राजद के पास केवल भाजपा का विरोध करना ही प्रचार करने का एक मात्र विकल्प है। यह वोट प्राप्त करने का माध्यम तो बन सकता है, लेकिन इसे स्पष्ट रूप से नकारात्मक राजनीति का पर्याय ही माना जाएगा। नकारात्मक राजनीति किसी भी प्रकार से उचित नहीं मानी जा सकती।

बिहार की राजनीति में वोट चोरी का मामला भी जोर शोर से उठाया गया। इसका लाभ भी विपक्ष उठा सकता था, लेकिन ऐसा लगता है कि इस मुद्दे को उठाने में विपक्ष ने जल्दबाजी कर दी। चुनाव आयोग की ओर से वोट चोरी के बोर में पक्ष रखने के बाद यह मुद्दा गहरी खाई में समा गया। कांग्रेस और राजद की ओर से जिस प्रकार की राजनीति की जा रही है, वह यही संकेत करती है कि इनको सत्ता प्राप्त करने की जल्दी है। हमारे देश में एक कहावत तो सबने सुनी ही होगी कि जल्दी फायदा कम, नुकसान ज्यादा करती है। उत्तर प्रदेश में अखिलेश यादव और राहुल गांधी की दोस्ती का परिणाम सभी देख चुके हैं। अब बिहार में राहुल और तेजस्वी एक साथ हैं।

राजनीतिक वातावरण में हमेशा से यही प्रचलित धारणा बनी हुई है कि दुश्मन का दुश्मन भी एक दोस्त की तरह ही होता है। कांग्रेस, भाजपा को राजनीतिक विरोधी ही मानती है, इसके साथ ही राजद के विचार भी भाजपा के विपरीत ही हैं। इसलिए बिहार में आज कांग्रेस और राजद एक साथ हैं। विपक्ष की ओर से राजद के नेता तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा भी घोषित कर दिया है। उन पर परिवारवाद की राजनीति का तमगा भी लगा है। इसके कारण भी राजद के अन्य वरिष्ठ नेता मैदान में खुलकर नहीं आ रहे हैं। राजद के कई नेताओं का अंदाज तेज प्रताप को समर्थन देने जैसा ही है। इस प्रकार की राजनीति भितरघात की श्रेणी में आएगी। अगर बिहार में तेजप्रताप अपना राजनीतिक कौशल दिखा पाते हैं तो यह स्वाभाविक तौर पर कहा जा सकता है कि फिर तेजस्वी की राह कांटों भरी ही होगी। दोनों भाइयों के बीच यह राजनीतिक घमासान मात्र नेतृत्व की ही लड़ाई है। यह भी सबको समझ में आ रहा है। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर का चुनावी मैदान में आना राजनीतिक सौदेबाजी करने जैसा ही माना जा रहा है। प्रशांत किशोर जितना जोर दिखाएंगे, उतना ही वह बिहार की राजनीति को प्रभावित करेंगे। यह प्रभाव किसके लिए खतरा बनेगा, यह अभी से कह पाना संभव नहीं है, लेकिन बिहार की राजनीति स्थिति को देखकर यही कहा जा रहा है कि प्रशांत किशोर का फोकस उन वोटों पर अधिक है, जो राजद या कांग्रेस को मिलते हैं। कर्पूरी ठाकुर के परिजन को अपनी पार्टी से उम्मीदवार बनाना भी संभवत~ इसी रणनीति का ही हिस्सा है।

जहां तक भाजपा और नीतीश कुमार की जदयू की बात है तो यही कहा जा सकता है कि यह दोनों ही विकास के नाम पर वोट मांग रहे हैं। बिहार को विकास की जरूरत भी है। भाजपा और जदयू को लगता है कि विकास के नाम पर उसे फिर से सत्ता प्राप्त हो जाएगी। इसके विपरीत विपक्ष की ओर से कांग्रेस और राजद की ओर से आम जन के निजी स्वार्थों को कुरेदकर उनको आर्थिक लाभ देने के वादे किए जा रहे हैं। ऐसे वादे लोग को त्वरित लाभ तो दे सकते हैं, लेकिन यह स्थायी समाधान नहीं है। नौकरियां देना भी असंभव है, इसलिए स्वरोजगार देने का प्रयास करना चाहिए। केन्द्र सरकार इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रही है। जिसके अच्छे परिणाम भी आ रहे हैं। कई लोगों ने अपना जीवन स्तर भी सुधारा है। युवाओं को नौकरी करने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनाने का प्रयास करने की आवश्यकता है। बिहार के युवा इस बारे में सोचें, यही बिहार की राजनीति का आधार बने। राजनीतिक दलों को इस बारे में भी सोचना चाहिए।

राजनीति को जन भावनाओं के अनुसार ही होना चाहिए। इसके लिए परिवारवाद नहीं, लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए हर राजनीतिक दल को प्रयास करना चाहिए। हालांकि हमारा आशय परिवार के सहारे राजनीति में कदम रखने वाले राहुल और तेजस्वी के राजनीतिक अस्तित्व पर सवाल खड़े करने का नहीं है। हो सकता है कि वे देश की भावी राजनीति के सूत्रधार बनें, लेकिन फिलहाल उनके खाते में ऐसी कोई राजनीतिक उपलब्धि नहीं है, जिसके आधार पर उनका राजनीतिक आंकलन किया जाए। विपक्ष की दूसरी कठिनाई यह है कि इनके पास प्रचार करने वाले जमीनी नेताओं की कमी है, जबकि भाजपा और जदयू में ऐसे नेताओं की लम्बी सूची है। जिसके कारण यह सभी जगह अपना प्रचार करने की योजना बना सकते हैं। अब देखना यह है कि बिहार की जनता किसको पसंद करेगी और किसको नापसंद, यह आने वाले समय में पता चल जाएगा।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

# रोपड़ में दो सगे भाईयों की हत्या

चंडीगढ़। पंजाब में गत रात्रि से विभिन्न घटनाओं में 5 खाड़कुओं सहित 8 लोग मारे गये। जबकि पुलिस ने 5 खाड़कुओं को गिरफ्तार किया। रोपड़ जिला के गांव कलवाना में खाड़कुओं ने दो सगे भाईयों राम स्वरूप व धर्मवीर को गोली मार कर हत्या कर दी। इसी जिला में खाड़कुओं ने भगत सिंह नामक एक व्यक्ति को मार डाला। बठिंडा जिला के गांव रामूबाला के निकट मूठभेड़ में दो खाड़कू मलकीयत सिंह व रणजीत सिंह मारे गये। इसी जिला के गांव पुल्लां में खालिस्तान कमांडो फोर्स (पंजवाड गुट) से संबंधित खूंखार खाड़कू करनैल सिंह मारा गया। मजीठा पुलिस जिला के गांव धंसल में एक खाड़कू उस समय मारा गया, जब वह साइकिल पर बम लेकर कही जा रहा था तो रास्ते में बम फट गया।

## चंडीगढ़, पंचकूला, मनीमाजरा, मोहाली में बद का मिला-जुला असर

चंडीगढ़। केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के खिलाफ तथा बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के भारत बंद के आह्वान का संघीय शासित प्रदेश चंडीगढ़ व इसके आसपास के इलाकों मनीमाजरा, पंचकूला व मोहाली में मिलाजुला असर पड़ा है। इन क्षेत्रों से हमारे विभिन्न संवाद सहयोगियों की रिपोर्ट के मुताबिक बन्द समर्थकों ने बंद को सफल बनाने के लिए बाजारों में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के वक्त बाजार मुकम्मल बन्द देखें गए। लेकिन जुलूस के गुजरने के बाद कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें खोले रखी। बस सेवा रोज की तरह जारी रही तथा यात्रियों की भीड़ भी देखी गयी। स्कूल कालेज खुले रहे लेकिन उनमें उपस्थिति काफी कम थी। शहर के सिनेमा घरों में दर्शकों की भीड़ देखी गई। बैंक व सरकारी संस्थान भी खुले रहे। सुबह 10 से 12 बजे के बीच कई बैंकों के दरवाजे बंद देखें गए लेकिन काम काज चलता रहा। सेक्टर-17 यजपाल मल्होत्रा के मुताबिक भाजपा के वरिष्ठ नेताओं सत्यापाल जैन, जय राम जोशी व यश महाजन आदि के नेतृत्व में बन्द समर्थकों ने समूचे शॉपिंग काम्पलेक्स में जुलूस निकाला। इस दौरान वहा पर शत प्रतिशत दुकानें, रेस्तरां, होटल बंद रहे। बैंकों के दरवाजें भिड़े देखे गए। बन्द समर्थक नारेबाजी करते हुए झंडे उठाए हुए थे तथा उत्तेजित दिख रहे थे। जुलूस के इर्द गिर्द पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था काफी मजबूत थी। बन्द समर्थकों की संख्या दो हजार के करीब बताई जाती है। करीब 12 बजे तक सेक्टर 17 की मार्किट पुनः 60 प्रतिशत तक खुले चुकी थी। किसी भी अप्रिय घटना का समाचार नहीं है।

इसी प्रकार सेक्टर 22 में जुलूस के वक्त समूचा बाजार बन्द देखा गया लेकिन बाद में पचास से साठ प्रतिशत तक दुकाने खुली देखी गई इसके अलावा सेक्टर 34, 37, 18, 19 व 15 आदि मार्किटों में भी बन्द का मिलाजुला असर होने की खबरें है। बन्द का असर रेहड़ी मार्किटों व कालोनियों तक में देखने को मिला। लेकिन अधिकांशतः कारोबार सामान्य व आम जैसा रहा। मोहाली में बंद का कोई खास असर देखने को नहीं मिला। वहां मामूली बन्द रहा। हमारे संवाददाता के मुताबिक मनीमाजरा में भी बन्द का आंशिक असर पड़ा है। कस्बे के एक बाजार में दुकानें बन्द देखी गई। जबकि बाकी बाजारों में कारोबार सामान्य चलता रहा। भाजपा कार्यकर्ता बाजार में दुकानदारों को दुकानें बंद करने के लिए कहते समझाते देखें गए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1619 फ्रेडरिक पंचम यूरोपीय देश बोहेमिया के राजा बने।
1737 टिएट्रो डि सान कार्लो नेपल्स का उद्घाटन किया गया।
1819 माओरी चीफ्स होंगी हाका और रीवा ने 13,000 एकड़ (5260 हेक्टेयर) जगह चर्च मिशनरी सोसाइटी को केरियारी, न्यूजीलैंड में बेची।
1840 अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में विलियम हेनरी हैरिसन ने मार्टिन वॉन ब्यूरन को हराया।
1845 अमेरिका में पहला एक समान चुनाव दिन मनाया गया।
1847 स्कॉटिश चिकित्सक जेम्स यंग सिम्पसन ने क्लोरोफॉर्म के श्वेत सौंदर्य गुणों की खोज की।
1853 क्रीमियन युद्ध - ओलेनेटाज़ा का युद्ध~ रूसियों पर तुर्की की विजय हुई।
1856 जेम्स बुकानन अमेरिका के 15वें राष्ट्रपति बने।
1861 वाशिंगटन विश्वविद्यालय को सिएटल में स्थापित किया गया।
1875 मैसाचुसेट्स राइफल एसोसिएशन बोस्टन में स्थापित किया गया।
1875 अमेरिका के बोस्टन में मैसाचुसेट्स राइफल एसोसिएशन की स्थापना हुई।
1879 अफ्रीकी अमेरिकी आविष्कारक थॉमस इल्किन?स ने फ्रिज का आविष्कार किया।
1911 अफ्रीकी देश मोरक्को और कांगो को लेकर फ्रांस तथा जर्मनी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर हुए।
1912 यूएसएस नेवादा पर निर्माण, यूनाइटेड स्टेट्स नेवी का पहला 'सुपर-ड्रेडनॉट' था, जैसे ही कील रखी गई थी।
1921 एक अज्ञात सैनिक के अवशेष रोम के अल्टारे डेला पटेरिया में एक अनन्तकाल के साथ दफनाए गए थे।
1921 टोक्यो में जापानी प्रधान मंत्री हारा ताकाशी की हत्या की गयी
1922 अपने कार्यबल के साथ एक ब्रिटिश पुरातत्वविद् हॉवर्ड कार्टर ने एक ऐसा कदम उठाया है, जो मिस्र में राजाओं की घाटी में स्थित राजा तूतनखामेन की कब्र की ओर जाता है।
1924 संयुक्त राज्य अमेरिका में पहली महिला गवर्नर वाशिंगटन के नेल्ली टेयलो रॉस को चुना गया।
1924 इटली के संगीतकार जियाकोमो पोचीनी का निधन हुआ। उन्होंने 36 वर्ष की आयु में एडगर नामक अपनी पहली रचना प्रस्तुत की।
1946 राष्ट्र संघ की वैज्ञानिक और सांस्कृतिक मामलों की संस्था युनेस्को का गठन 43 देशों के सहयोग से हुआ।
1950 संयुक्त राष्ट्र ने स्पेन के राजनयिक अलगाव को समाप्त किया।
1952 अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी की स्थापना की गयी।
1952 अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी यानि एनएसए अस्तित्व में आई।
1970 साल्वाडोर अलेंदे ने चिली के राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभाला, जो ओपिनियन के माध्यम से लैटिन अमेरिकी देश के राष्ट्रपति बनने वाले पहले मार्क्सवादी थे।
1991 पूर्व फिलीपीन फर्स्ट लेडी इमेल्डा मार्कोस को कोराजोन एक्विनो द्वारा एप्रिसिएशन माफी दी गई थी और निर्वासन से लौटने की अनुमति दी गई थी।
1995 इसराइल के प्रधानमंत्री की हत्या हो गई।
2005 यू.के. में ओल्ड बेली ने सांप्रदायिक घृणा फैलाने के लिए 15 साल की सजा के साथ पांच सफेद नस्लवादियों को दोषी ठहराया है।
2008 बराक ओबामा अमेरिका के निर्वाचित होने वाले पहले अफ्रीकी अमेरिकी बने।

## बोल ब्यूटीफुल

**आशुतोष:** यह त्रासद नहीं है कि अनंत सिंह जैसों को राजनीतिक दल चुनाव लड़वाते है। त्रासद यह है कि जनता उनको जिताती है। जिस दिन ऐसे अपराधियों की जमानत जब्त होने लगेगी, उस दिन से राजनीतिक दल भी ऐसों को टिकट देने की बेशर्मी नहीं करेंगे।



**धर्मेंद्र सिंह:** बहुबलियों के वर्चस्व के लिए सभी जिम्मेदार है। बिहार की सरकार, बिहार की जनता, बिहार की पार्टियां, बिहार की जाति व्यवस्था, बिहार की मानसिकता, बिहार की पुलिस व्यवस्था और वे सभी जो उन्हें छोटे सरकार की उपाधि देते है।

**ऋचा अनिरुद्ध:** प्रदूषण के मामले में दिल्ली का अब कुछ नहीं हो सकता। न किसी सरकार के बस का कुछ है और न कोई सरकार कुछ करना चाहती है। दिखावे के लिए गाड़ियों को बंद किया जाएगा, मगर उससे कोई खास लाभ नहीं। मुख्यमंत्री बदलते रहेंगे, पर दिल्ली-एनसीआर के हालात नहीं बदलेंगे।



**आर.के. विज:** जयपुर के एक स्कूल में मात्र 12 साल की बच्ची द्वारा आत्महत्या करना बेहद दुखद घटना है। इस मामले की तह तक जाना होगा।

# राफेल से उड़ान भरकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सिर्फ इतिहास नहीं रचा है बल्कि महिलाओं और आदिवासी समाज को गौरव से भर दिया

29 अक्टूबर 2025 का दिन भारतीय वायुसेना और पूरे राष्ट्र के लिए एक विशेष दिन के रूप में याद किया जाएगा। भारत की राष्ट्रपति और सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने हरियाणा के अंबाला वायुसेना स्टेशन से राफेल लड़ाकू विमान में उड़ान भरकर इतिहास रच दिया। यह वही अंबाला एयरबेस है, जहां फ्रांस से आए राफेल विमानों की पहली खेप उतरी थी। लगभग 30 मिनट तक चली इस उड़ान में राष्ट्पति ने करीब 200 किलोमीटर की दूरी तय की, जो 15,000 फीट की ऊँचाई और लगभग 700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पर संपन्न हुई। विमान को 17 स्क्वाड्रन के कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन अमित गहाणी ने संचालित किया।

राष्ट्रपति ने उड़ान के बाद अपने विचार व्यक्त करते हुए आगंतुक पुस्तिका में लिखा– 'राफेल विमान में उड़ान भरना मेरे लिए अविस्मरणीय अनुभव है। इससे मुझे राष्ट्र की रक्षा क्षमता पर गर्व की नई अनुभूति हुई है।' इस प्रकार, यह केवल एक प्रतीकात्मक उड़ान नहीं थी, बल्कि राष्ट्र के आत्मविश्वास, सामरिक शक्ति और नागरिक गर्व का सशक्त संदेश थी।

हम आपको बता दें कि राफेल भारत की सामरिक शक्ति का आधुनिक प्रतीक है। 4.5 पीढ़ी का यह मल्टीरोल लड़ाकू विमान वायुसेना की परिचालन क्षमता को कई गुना बढ़ाता है। राष्ट्रपति का राफेल में उड़ान भरना एक औपचारिक या औपचारिकता-भर कदम नहीं, बल्कि यह संकेत है कि राष्ट के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति देश की रक्षा तैयारियों पर पूर्ण विश्वास व्यक्त कर रहा है।

भारत की राष्ट्रपति, जो संवैधानिक रूप से सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर हैं, उनका ऐसे लड़ाकू विमानों में उड़ान भरना सैन्य बलों के मनोबल को बढ़ाता है। साथ ही यह एक स्पष्ट संदेश है कि भारत अपने रक्षात्मक ढाँचे को लेकर न केवल सजग है, बल्कि उस पर गर्व भी करता है। राफेल जैसे अत्याधुनिक विमान में राष्ट्पति की उपस्थिति से अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भी यह संदेश जाता है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा और वायु सामर्थ्य के मामले में किसी भी चुनौती से पीछे हटने वाला नहीं है।

इसके अलावा, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का व्यक्तित्व स्वयं में संघर्ष, सादगी और उपलब्धि का प्रतीक है। ओडिशा के एक छोटे आदिवासी परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुँचना अपने आप में प्रेरक कथा है। जब वह सुखोई-30 एमकेआई (2023) के बाद अब राफेल जैसे उच्च तकनीकी लड़ाकू विमान में उड़ान भरती हैं, तो यह दृश्य करोड़ों महिलाओं और आदिवासी युवाओं के लिए आत्मबल और आत्मविश्वास का स्रोत बनता है।



विशेष रूप से महिलाओं के लिए यह संदेश अत्यंत सशक्त है कि राष्ट की सुरक्षा, तकनीकी शक्ति और निर्णय क्षमता के क्षेत्र में अब लैंगिक भेद की दीवारें टूट चुकी हैं। एक महिला राष्टपति का अत्याधुनिक लड़ाकू विमान में उड़ान भरना इस बात का प्रमाण है कि महिलाएँ अब केवल 'संवेदनशीलता' का प्रतीक नहीं, बल्कि 'साहस' और 'संकल्प' की मिसाल भी हैं।

आदिवासी समाज के लिए यह गौरव का क्षण है। दशकों से समाज के हाशिए पर रहे तबकों के लिए यह दृश्य 'राष्ट्रीय मुख्यधारा में समान भागीदारी' की अभिव्यक्ति है। जब देश की सर्वोच्च नेता आदिवासी समुदाय से आती हैं और आधुनिकतम सैन्य तकनीक के बीच आत्मविश्वास से भरी दिखाई देती हैं, तो यह सामाजिक मनोविज्ञान को गहराई से प्रभावित करता है। इससे यह संदेश जाता है कि अब कोई भी पृष्ठभूमि प्रगति और नेतृत्व की राह में बाधा नहीं बन सकती।

इसके अलावा, राष्ट्रपति का यह कदम केवल सैन्य प्रतीक नहीं, बल्कि एक राष्ट्रनैतिक वक्तव्य भी है। यह भारत की आत्मनिर्भरता और तकनीकी प्रगति के मार्ग पर विश्वास का उद्घोष है। 'नारी शक्ति' और 'जनजातीय गौरव' को केंद्र में रखकर यह दृश्य भारत के बदलते समाज की नई कहानी कहता है– जहाँ संवैधानिक गरिमा, तकनीकी श्रेष्ठता और सामाजिक समावेशन का संगम दिखाई देता है।

साथ ही, भारतीय वायुसेना के लिए यह अवसर आत्मगौरव का भी है। एक राष्टपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू का राफेल में उड़ान भरना वायुसेना के प्रशिक्षण, अनुशासन और तकनीकी दक्षता पर सर्वोच्च विश्वास का प्रमाण है। यह संदेश सैन्य परंपरा की निरंतरता और आधुनिकता के मेल का है– जहाँ संवैधानिक संस्थाएँ और सशस्त्र बल एकजुट होकर राष्ट सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू का यह कदम भारत के उन तमाम युवाओं को भी प्रेरित करेगा जो रक्षा सेवाओं में योगदान देने का सपना देखते हैं। जब देश की प्रथम नागरिक स्वयं युद्धक विमान में उड़ान भरती हैं, तो यह युवाओं के भीतर 'कर्तव्य', 'साहस' और 'सेवा' के आदर्श को पुनः जीवंत करता है।

बहरहाल, द्रौपदी मुर्मू का राफेल में उड़ान भरना मात्र एक प्रतीकात्मक घटना नहीं, बल्कि एक युगबोध है। यह उस भारत की कहानी है जो अपनी परंपरा को सम्मान देता है, आधुनिकता को अपनाता है और समावेशन को अपनी शक्ति बनाता है।

## सरकारी कर्मचारी से मारपीट की घटना पर कर्मचारी संगठनों ने किया कड़ा विरोध

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** बंगाणा के पीडब्ल्यूडी कार्यालय में वरिष्ठ सहायक के साथ मारपीट की घटना पर ि?ला ऊना के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के नेताओं ने क?ा विरोध जताया है। हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी संघ, ि?ला ऊना के प्रधान रजनीश शर्मा, महासचिव राजेश कुमार, वरिष्ठ उप-प्रधान तारा सिंह, पूर्व प्रधान रमेश ठाकुर, शहरी इकाई के जिला प्रतिनिधि मुकेश धीमान व सुरेन्द्र कौंडल, विकास खण्ड हरोली, गगरेट, बंगाणा, अम्ब के कर्मचारी नेताओं ने भी इस घटना की क?ी निंदा की है और दोषी के खिलाफ क?ी कार्रवाई की मांग की है। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि सरकारी कर्मचारी पर डयूटी के समय हमला लोकतांत्रिक व्यवस्था पर हमला है। उन्होंने मांग की है कि दोषी को तुरन्त गिरफ्तार किया जाए। कर्मचारी संगठनों ने प्रशासन से भी मांग की है कि कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की हिमुडा परियोजनाओं की समीक्षा, दिए दिशा-निर्देश

# चंडीगढ़ के निकट विकसित होगी नई टाउनशिप

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां हिमाचल प्रदेश आवास एवं शहरी विकास प्राधिकरण (हिमुडा) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश में कार्यान्वित की जा रही और प्रस्तावित परियोजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने हिमुडा को राज्य के लोगों की सुविधा और आवास की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए चंडीगढ़ के निकट नई टाउनशिप विकसित करने की संभावनाओं का पता लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिमला शहर के निकट प्रस्तावित जाठिया देवी टाउनशिप की भी समीक्षा की और हिमुडा को परियोजना को गति प्रदान करने के लिए शीघ्र एक सलाहकार नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जाठिया देवी सैटेलाइट टाउन शिमला शहर में भी?भा? को कम करने और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि टाटा इंजीनियरिंग सर्विसेज कंपनी द्वारा क्षेत्र के



सौंदर्यीकरण और आवासीय सुविधा के साथ लोगों के लिए विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सैटेलाइट टाउन की रूपरेखा को तैयार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने शिमला शहर के विकासनगर में बनने वाले वाणिज्यिक परिसर के निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए 20 करो? रुपये जारी करने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रस्तावित परिसर शहर के सबसे आधुनिक भवनों में से एक होगा, जिसमें सरकारी कार्यालय, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आगामी आवासीय परियोजनाओं की भी समीक्षा की और राज्य के लोगों की सुविधा के लिए परियोजनाओं को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए। नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी, हिमुडा के उपाध्यक्ष यशवंत छाजटा, अतिरिक्त मुख्य सचिव राजस्व के.के. पंत, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, हिमुडा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेन्द्र वशिष्ठ, निदेशक नगर एवं ग्राम नियोजन हेमिस नेगी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित थे।

### क्रिकेटर रेणुका ठाकुर को एक करोड़ देने की घोषणा

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विश्व विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य हिमाचल की बेटी रेणुका ठाकुर को एक करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान करने की घोषणा की। वे जिला शिमला के रोहडू से संबंध रखती हैं। मुख्यमंत्री ने दूरभाष के माध्यम से रेणुका ठाकुर को टीम सहित पहला विश्व कप जीत कर इतिहास रचने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने सेमिफाइनल और फाइनल क्रिकेट मैच देखे और इन मैचों में भारत की महिला टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पूरे हिमाचल को रेणुका ठाकुर की इस उपलब्धि पर गर्व है और उन्होंने प्रदेश के साथ-साथ देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा समर्पण से ल?कियां अपने जीवन के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रेरणा प्राप्त करेंगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम गत सायं दक्षिण अफ्रीका की टीम को हराकर महिला विश्व कप-2025 की विजेता बनी।



वक्फ बोर्ड के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपने अंतरिम अध्यक्ष नसीर अहमद रावत के नेतृत्व में आज शिमला में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से मुलाकात की। यह एक शिष्टाचार भेंट थी। उन्होंने नसीर को बोर्ड का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त करने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।



## किडनैपिंग के आरोपियों का 48 घंटे बाद भी नहीं लगा सुराग, लोगों में रोष

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा ऊना जिला में बीते शनिवार रात घटी किडनैपिंग और मारपीट की घटना ने अब तूल पकड़ लिया है। चंडीगढ़-धर्मशाला नेशनल हाईवे पर देहलां के समीप हुई इस घटना में एक युवक को गन प्वाइंट पर अगवा कर बुरी तरह पीटा गया था। घटना के 48 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस की ओर से किसी आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर भाजपा और भारतीय जनता युवा मोर्चा ने मोर्चा खोल दिया है।

सोमवार को भाजयुमो पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता पीड़ित युवक के साथ डीसी कार्यालय ऊना पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने डीसी और एसपी ऊना के खिलाफ नारेबाजी करते हुए आरोप लगाया कि पुलिस कांग्रेस नेताओं के दबाव में काम कर रही है और मामले में निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो रही। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि घटना को 48 घंटे से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यह पुलिस की लापरवाही और निष्क्रियता को दर्शाता है। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि पुलिस अपराधियों को बचाने की कोशिश कर रही है और पीड़ित युवक को ही पूछताछ के नाम पर प्रताड़ित किया जा रहा है। भाजपा जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा कि यह वही युवक है जिसने कुछ दिन पहले पुलिस को अवैध हथियारों से संबंधित सूचना दी थी। उन्होंने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस की सूचना लीक होने के कारण ही अपराधियों को पीड़ित की पहचान और लोकेशन का पता चला, जिसके बाद उन्होंने उस पर हमला कर दिया।

## माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2025 के लिए ऑडिशन आरंभ

**सुरीले साजों और सुरमयी लहरियों से गूंजा अंब कॉलेज का सभागार**

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**अंब/ऊना।** हिमाचल में धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई दिशा देने वाले माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव के दूसरे संस्करण की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इसी कड़ी में महोत्सव की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए ऑडिशन सोमवार को अंब कॉलेज के सभागार में उत्साहपूर्ण माहौल में आरंभ हुए।

पहले दिन ऊना, चंबा और कांगड़ा जिलों से पहुंचे युवा कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से पूरे सभागार को सुर, ताल और उमंग के रंगों में रंग दिया। सुरमयी गायन, भावपूर्ण नृत्य और मधुर साजों की धुनों ने वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

उपायुक्त जतिन लाल ने बताया



कि 3 नवम्बर के बाद आगामी 4 और 6 नवम्बर को भी ऑडिशन अंब कॉलेज के सभागार में आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार की प्रस्तुतियों में लोक संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संदेशों पर विशेष बल रहेगा।

उन्होंने बताया कि ऑडिशन प्रक्रिया के लिए जिला लोक संपर्क अधिकारी ऊना की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें जिला भाषा अधिकारी ऊना, अंब कॉलेज की संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापिका तथा तहसीलदार अंब सदस्य हैं।

उपायुक्त ने बताया कि नामी कलाकारों एवं राष्ट्रीय स्तर की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों और पुरस्कार विजेताओं को ऑडिशन से छूट प्रदान की गई है। अन्य कलाकार एसडीएम कार्यालय, अंब में आवेदन कर सकते हैं या अपना आवेदन ई-मेल पते matashrichintpurnimahotsav@gmail.com पर भेज सकते हैं।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने वाला यह महोत्सव इस वर्ष 14 से 16 नवम्बर तक श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 26 से 28 सितम्बर तक अंब मैदान में आयोजित महोत्सव का प्रथम संस्करण अत्यंत सफल रहा था। इस आयोजन ने न केवल श्रद्धालुओं और पर्यटकों का मन मोहा, बल्कि प्रदेश के धार्मिक-सांस्कृतिक कैलेंडर में एक विशिष्ट पहचान भी बनाई।

### स्मारिका में शामिल करें अपना लेख

माता श्री चिंतपूर्णी महोत्सव-2025 को यादगार बनाने के लिए एक विशेष स्मारिका प्रकाशित की जा रही है, जिसमें माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर के गौरवशाली इतिहास, ऊना जिले की सांस्कृतिक परंपराओं, साहित्यिक चेतना तथा लोक विरासत पर आधारित लेख शामिल किए जाएंगे। इच्छुक लेखक अपने लेख 9 नवम्बर तक उपरोक्त ई-मेल पते पर भेज सकते हैं।

## भारतीय सेना देश का गौरव : संजय अवस्थी

**पूर्व सैनिक लीग के सामुदायिक भवन के प्रथम तल के कार्य का किया शिलान्यास**

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**अर्की।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भारतीय सेना देश का गौरव है और प्रत्येक देशवासी को भारतीय सेना पर गर्व है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बातल में 20 लाख रुपए की राशि से निर्मित होने वाले पूर्व सैनिक लीग अर्की के सामुदायिक भवन के प्रथम तल की आधारशिला रखने के उपरांत उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं अन्य को सम्बोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि सैनिकों के हौसले से ही देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और करो?ों लोग खुली हवा में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का दायित्व है कि देश की सेवा के बाद सेवानिवृत्त होकर घर लौटने वाले सैनिकों का सम्मान करें। उनकी समस्याओं के निवारण में सहायक बनें और उनके



विभिन्न कार्यों को अभिलम्ब पूर्ण करें।

उन्होंने पूर्व सैनिक लीग अर्की के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सैनिकों ने अपना बहुमूल्य समय देश की सेवा में दिया और अब सेवानिवृत्ति के उपरांत भी सामाजिक कार्यों में अपना सहयोग दे रहे हैं। उन्होंने आशा जताई कि पूर्व सैनिक लीग अर्की के प्रयासों से प्रेरणा लेकर युवा भारतीय सेना का अभिन्न अंग बनने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, वीर नारियों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के संवेदनशील नेतृत्व में भूतपूर्व सैनिकों, सेवारत सैनिकों, वीर नारियों के उत्थान के लिए अनेक सकारात्मक कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि बातल चौक के सौंदर्यीकरण का कार्य शीघ्र आरंभ होगा। इस कार्य के लिए 24 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। विधायक ने इस अवसर पर उत्तर भारत के मास्टर बॉडीबिल्डिंग पुरुष वर्ग में पहला स्थान हासिल करने वाले राजेश भट्टी को सम्मानित भी किया। पूर्व सैनिक लीग अर्की के अध्यक्ष कैप्टन पदम देव ठाकुर ने इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत किया और लीग की गतिविधियों से अवगत करवाया। विधायक ने युद्ध स्मारक पर छत निर्माण कार्य के लिए 75 ह?ार रुपए देने की घोषणा भी की। संजय अवस्थी ने बातल एवं तदोपरांत लोक निर्माण विभाग अर्की के विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनी और इनके समाधान के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत देवरा के प्रधान रूप सिंह, ग्राम पंचायत दानोघाट की प्रधान मंजू, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, नगर पंचायत अर्की की पूर्व अध्यक्ष सीमा शर्मा, कांग्रेस पार्टी के गुरदासु, प्यारेलाल, कमलेश शर्मा, डी.डी. शर्मा, कपिल ठाकुर, सुरेंद्र पाठक व धनीराम ठाकुर, पूर्व सैनिक लीग अर्की के कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर मस्तराम वर्मा, उपमण्डलाधिकारी अर्की निशांत तोमर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश शर्मा, प्रदेश विद्युत बोर्ड के अधिशाषी अभियंता संदीप कुमार, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता विवेक कटोच सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं एक्स सर्विस मेन लीग अर्की के सदस्य व ग्रामीण इस अवसर पर उपस्थित थे।

## न्यूज ब्रीफ

### राजकीय महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण पखवाड़े का आयोजन



**सोलन (यशपाल कपूर)।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के भूगोल विभाग द्वारा दिनांक 13 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ हुए अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण पखवाड़े का आयोजन किया गया जिसकी इस वर्ष की थीम % फंड रेसिलियंस नौट डिजास्टर% थी। इसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों जैसे आपदा से संबंधित प्रदर्शनी , जागरूकता अभियान और सेमिनार का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय सोलन की प्राचार्या डॉक्टर मनीषा कोहली थी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को आपदा जोखिम के न्यूनीकरण व आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना था ताकि आपदा के समय वे समाज में एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका का निर्वहन कर सकें । इस में भूगोल विभाग के छात्रों द्वारा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न भागों में हाल ही में घटित आपदाओं विशेष रूप सै भूस्खलन , का भौगोलिक विश्लेषण प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होंने आपदाओं के कारणो , प्रभावों और प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की । अंतिम दिन आयोजित सेमिनार में विभिन्न आपदाओं को केस स्टडी द्वारा पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया ।आयोजन की मुख्य अतिथि डॉक्टर मनीषा कोहली ने प्रोफेसर निवेदिता पाठक और डॉक्टर एन आर कश्यप को छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक इस प्रकार की गतिविधियों के आयोजन के लिए बधाई दी ।उन्होंने छात्रों द्वारा किए गए शोध कार्य की प्रशंसा करते हुए इस तरह के प्रयासों को और भी बड़े स्तर पर किए जाने की अनुशंसा की । उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शोध कार्य नई शिक्षा नीति का एक अभिन्न अंग है । इस अवसर पर डॉ मंजू, डॉ अनिल ठाकुर, प्रोफेसर प्रमोद, प्रोफेसर प्रीति व स्टाफ के अन्य सदस्यों ने अपनी उपस्थिति से छात्रों का उत्साह वर्धन किया।

### 435 ग्राम चरस सहित 30 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू 3 नवंबर (अशेष शर्मा)।** पुलिस थाना कुल्लू की टीम द्वारा राउगी नाला के समीप नाकाबंदी के दौरान तुले राम (30 वर्ष) पुत्र प्रभु राम



निवासी गांव जाना डाकघर अरचण्डी तहसील एवं जिला कुल्लू के कब्जा से 435 ग्राम चरस बरामद की गई है । इस संदर्भ में तुले राम के विरूद्ध पुलिस थाना कुल्लू में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 20 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करने के उपरांत बरामद नशे की खरीद-फरोख्त की श्रृंखला व स्रोत का पता लगाने के लिए पुलिस द्वारा गहन पूछताछ व अनुसंधान जारी है ।

## सिंचाई एवं जल प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश फसल विविधिकरण प्रोत्साहन परियोजना (जायका) चरण - ॥ के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई ऊना द्वारा डठवा?ा-बरेडा में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में खंड परियोजना प्रबंधक डॉ गुलशन मनकोटिया की अध्यक्षता में सिंचाई के सिद्धात एवं जल प्रबंधन की उपयोगी विधियों के विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

डा. गुलशन मनकोटिया ने कार्यशाला में उपस्थित किसानों को जल उपयोग दक्षता ब?ाने, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली (ड्रिप एवं स्प्रिकलर), वर्षाजल संचयन तथा फसल अनुसार जल की आवश्यकता के वैज्ञानिक निर्धारण पर जानकारी दी। इस दौरान किसानों को किचन गार्डन (रसोई वाटिका) के महत्व के बारे में बताया गया तथा उन्हें जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ताकि सभी परिवारों को ताजी एवं पौष्टिक सब्जियां घर पर ही उपलब्ध हो सकें।



कृषि विशेषज्ञ रशम सूद ने कहा की जल प्रबंधन की वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाकर कृषि उत्पादन में वृद्धि तथा भूजल संरक्षण दोनों संभव हैं। इसके साथ ही किसानो को रबी सीजन की सब्जियों के बीज भी वितरित किये गए तथा उनकी खेती की आधुनिक तकनीकें और पोषण प्रबंधन के तरीके बताए गए। इस अवसर पर ब?ी संख्या में ग्रामीण किसानों व महिलाओं ने भाग लिया। कृषक विकास संघ के प्रधान जीत सिंह व उपस्थित सभी किसानों ने जैविक कृषि एवं सिंचाई व जल प्रबंधन जैसी महत्वपूर्ण जानकारी देने पर जायका परियोजना का आभार व्यक्त किया।

## भाजपा की जिला स्तरीय संगठनात्मक बैठक आज होगी : राकेश ठाकुर

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा

**हमीरपुर, 3 नवंबर।** भारतीय जनता पार्टी 04 नवंबर 2025 को हमीरपुर स्थित बाईपास रोड पर एक निजी होटल में ज़िला-स्तरीय संगठनात्मक बैठक करने जा रही है। यह मीटिंग भाजपा प्रदेश सचिव और ज़िला हमीरपुर प्रभारी अमित ठाकुर ने बुलाई है, और इसकी अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष राकेश ठाकुर करेंगे।



जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि इस संगठनात्मक बैठक का मुख्य उद्देश्य हाल की पार्टी गतिविधियों की समीक्षा करना, विभिन्न मंडलों और मोर्चों के कामकाज का आकलन करना और भाजपा प्रदेश और राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा करना है। उन्होंने आगे कहा कि यह मीटिंग सभी ज़िला-स्तरीय पदाधिकारियों, तथा मोर्चा और प्रकोष्ठ संयोजकों के लिए संगठनात्मक प्रगति पर विचार-विमर्श करने और पार्टी के आने वाले कार्यक्रमों और अभियानों के लिए एक प्रभावी कार्य योजना बनाने का एक मंच होगा।

राकेश ठाकुर ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसी बैठकें यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं कि पार्टी का संदेश और इसके कार्यक्रमों की रूपरेखा हर बूथ और गांव तक प्रभावी ढंग से पहुंचे।

## नगर निगम में समाधान सेल का गठन शिकायतों के त्वरित समाधान की नई पहल

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा

**सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, निर्माण कार्य, जलभराव आदि से संबंधित शिकायतें दे सकेंगे**

**ऊना।** नगर निगम ऊना ने नागरिक शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निपटारे के उद्देश्य से ÷समाधान सैल÷ का गठन किया है। इस सैल के माध्यम से नगर निगम क्षेत्र के नागरिक अपनी स्थानीय समस्याएं जैसे सफाई व्यवस्था, जल निकासी, स्ट्रीट लाइट, निर्माण कार्य, जलभराव आदि से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत कर सकेंगे।

नगर निगम ऊना के संयुक्त आयुक्त एवं नोडल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र की समस्याओं के समयबद्ध निवारण के लिए यह सैल एक सशक्त व्यवस्था के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि ÷समाधान सैल÷ की संपूर्ण निगरानी एवं समन्वय वे स्वयं करेंगे, ताकि प्रत्येक शिकायत का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके।

उन्होंने बताया कि इस सैल की सुनवाई सहायक अभियंता अंकुश राणा के पास होगी। नागरिक निर्धारित समय पर नगर निगम कार्यालय के कक्ष नंबर-3 में अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकते हैं।

संयुक्त आयुक्त ने नगर निगम ऊना के नागरिकों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र की समस्याओं के समाधान हेतु ÷समाधान सैल÷ का अधिक से अधिक उपयोग करें, जिससे नगर क्षेत्र की स्वच्छता, सुचारू व्यवस्थापन एवं नागरिक सुविधाओं में और अधिक सुधार लाया जा सके।

**समीक्षा** | सांसद ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता

## विकास लक्ष्यों को समय पर पूरा करें अधिकारी : सांसद कंगना

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 3 नवंबर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की त्रैमासिक बैठक में मंडी लोकसभा की सांसद कंगना रनौत ने अधिकारियों से विकास लक्ष्यों को समय पर पूरा करने का आह्वान किया।

केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से क्रियान्वित हो रही योजनाओं में जहां कमी है इनका शीघ्र समाधान किया जाना चाहिए ताकि लाभार्थियों और आम जनता को समय पर एवं वांछित लाभ मिल सके।

बैठक की गंभीरता को रेखांकित करते हुए, रनौत ने बैठक में उठाए गए बिजली, पानी और सड़क संबंधी बुनियादी ढाँचे से जुड़े मुद्दों से निपटने के लिए विशिष्ट निर्देश जारी किए। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इन मुद्दों का मौके पर जाकर निरीक्षण करने और स्थानीय समुदायों को



प्रभावित करने वाली समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए नुक्कड़ नाटक तथा लघु वृतचित्र के माध्यम से प्रचार कर लोगों को प्रेरित करें। उन्होंने नशे की बुराई से निपटने के लिए प्रभावी रूप से कदम उठाने के निर्देश दिए।

उन्होंने शिक्षा विभाग से योग, शास्त्रीय संगीत, गीता और पुराण जैसे विषयों को पाठ्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया ताकि बच्चे अपनी पुरातन एवं पारंपरिक ज्ञान परम्परा के बारे में भी पारंगत हो सकें।

उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने सांसद सहित सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी का स्वागत किया और आश्वासन दिया कि समिति के सुझावों पर पूरी निष्ठा से अमल किया जाएगा।

## जरूरतमंद किसानों के लिए डीजल से भरा टैंकर वितरित किया

**चंडीगढ़, 3 नवम्बर।** प्रॉपर्टी फेडरेशन चंडीगढ़ (रजि.) और नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स, चंडीगढ़ (रजि.) के सदस्यों ने गर्वपूर्वक 3,300 लीटर डीजल से भरे एक टैंकर का योगदान तेरा ही तेरा मिशन के श्री एच. एस. सबरवाल को दिया है, ताकि इसे पंजाब के जिला फिरोजपुर स्थित गाँव बनिशिंगवाला के जरूरतमंद किसानों में वितरित किया जा सके, यह सराहनीय पहल संगठनों की समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, जो उन किसानों के लिए सार्थक सहयोग का प्रतीक है जो कृषि और आजीविका संबंधी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। इस पहल का नेतृत्व श्री अनिल वोहरा (चेयरमैन) और श्री कमलजीत सिंह पंछी (दोनों संगठनों के अध्यक्ष) ने किया। इस अवसर पर नरेश बंसल (सलाहकार), मनदीप सिंह (उपाध्यक्ष), मानव बेदी (सचिव), नवदीप शर्मा (सचिव) तथा श्री विकास बड्डा (वित्त सचिव) ने सक्रिय भागीदारी की।

### 60वें हरियाणा दिवस के समापन समारोह पर मुख्यमंत्री बोले - हरियाणा विकास, संस्कृति और समृद्धि का प्रतीक बना

# हरियाणा लिख रहा समृद्धि की नई परिभाषा : नायब

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला, 3 नवंबर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की 59 वर्षों की विकास यात्रा इस बात की गवाही देती है कि हरियाणा ने सम्पन्नता और खुशहाली तक का लंबा सफर तय किया है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा समृद्धि की एक नई परिभाषा लिख रहा है।

उन्होने कहा कि प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में हम हरियाणा को इनोवेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्क्लुसिव ग्रोथ की तरफ ले जा रहे हैं। हमारा लक्ष्य है हरियाणा का संतुलित विकास। चाहे वह शहर हो या गांव, गरीब हो या अमीर, हर किसी को विकास का लाभ मिले।

मुख्यमंत्री सोमवार को यवनिका गार्डन, सेक्टर-5 में 60वें हरियाणा दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव एवं प्रदर्शनी के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तीन दिनों तक चले इस उत्सव में हमने अपने राज्य की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और विकास यात्रा को न केवल देखा, बल्कि महसूस भी किया। हमारे कलाकारों ने लोक गीतों और नृत्यों के माध्यम से हरियाणा की जीवंत परंपराओं को प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सम्मानित होने वाले कलाकारों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह तीन दिवसीय आयोजन केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है। यह हरियाणा की आत्मा का उत्सव है। विद्यार्थियों ने नवाचार और तकनीकी प्रदर्शनियों के जरिए राज्य के भविष्य की झलक दिखाई। इन सबने इस उत्सव को जन-जन का उत्सव बना दिया और हमारी संस्कृति और लोक परंपराओं को मंच पर जीवंत कर दिया और इस उत्सव को यादगार बना दिया।

### देश की जी.डी.पी. में प्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा देश के क्षेत्रफल का मात्र 1.34 प्रतिशत और जनसंख्या का 2.09 प्रतिशत है। लेकिन आज देश की जी.डी.पी. में प्रदेश का योगदान 3.6 प्रतिशत है। हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय ब? राज्यों में सर्वाधिक, लगभग 3 लाख 53 हजार रुपये है, जबकि 1966 में यह मात्र 343 रुपये थी। उस समय प्रदेश का निर्यात मात्र 4 करोड़ 50 लाख रुपये था, जो अब बढ़कर 2 लाख 75 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। प्रति व्यक्ति जी.एस.टी. संग्रहण में भी हम बड़े राज्यों में अग्रणी हैं। विश्व की 250 फॉर्च्यून-500 कंपनियों के कार्यालय हरियाणा में स्थित हैं। उन्होने कहा कि हरियाणा पहला राज्य है, जहां 24 फसलों की खरीद एम.एस.पी. पर की जाती है। गन्ने का भाव सर्वाधिक 415 रुपये प्रति क्विंटल है। इसी प्रकार हमने सर्वाधिक सामाजिक पेंशन 3 हजार 200 रुपये मासिक की है।

उन्होने कहा कि इस बार का नवंबर उत्सवों का माह बन गया है। पिछले तीन दिन पूरे प्रदेश में हरियाणा दिवस की धूम रही है। दो दिन बाद ही 5 नवंबर को प्रथम पातशाह श्री गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व है। इस बार अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव भी 15 नवंबर से शुरू हो रहा है और 5 दिसंबर तक चलेगा। 21 दिन तक चलने वाले इस उत्सव में संस्कृति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अलग ही संगम देखने को मिलेगा। मैं इन सब पर्वों की आप सबको अग्रिम रूप से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी माह हिंद की चादर नवम पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। 25



## गांव खैरपुर में समस्त संगत ने श्रद्धा से निकाली प्रभात फेरी

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता

**न्यू- चंडीगढ़।** धन- धन श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व को समर्पित, गाँव खैरपुर न्यू- चंडीगढ़ में समस्त संगत द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें शामिल संगतों ने वाहेगुरु सिमरन और शबद गायन करके गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रभात फेरी का आयोजन कई दिनों से किया जा रहा है। गाँव खैरपुर न्यू- चंडीगढ़ की संगत बड़े उत्साह के साथ भाग ले रही है। यह प्रभातफेरी गाँव के गुरुद्वारा साहिब से शुरू हुई, जिसका सभी गाँव खैरपुर न्यू- चंडीगढ़ की निवासियों ने अपने-अपने घरों में गर्मजोशी से स्वागत किया।

संगतों को विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और चाय, पकौड़े और फलों का विशाल लंगर परोसा गया। इस अवसर पर, प्रभात फेरी का नेतृत्व करने वाले सिंहों और महिलाओं को शेरपा से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर भाई गुरमुख सिंह फौजी, भाई गुरमान सिंह, भाई मेजर सिंह फौजी, भाई अरमान सिंह, भाई रणजीत सिंह, भाई लवप्रीत सिंह, बीबी खुशप्रीत कौर, बीबी राजविंदर कौर, बीबी नरिंदर कौर, बीबी जसवीर कौर, रीना, सुनीता रानी, माता सरबजीत कौर और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला

## लॉ की डिग्री कर रही युवती ने फंदा लगाकर की जीवनलीला समाप्त

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** थाना 11 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत रहने वाली और लॉ की डिग्री कर रही एक युवती ने घर में फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने परिवार वालो की मदद से युवती को फंदे से उतार कर तुरंत सेक्टर 16 के सरकारी अस्पताल में पहुंचाया। यहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता वकील पठान ने पुलिस को बताया कि उसके 4 बच्चे है। उसकी 33 वर्षीय बेटी लॉ की डिग्री कर रही

**पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया मामला दर्ज**

थी।रविवार को वह अपने घरेलू काम के लिए बाजार में गया था।कुछ समय बाद शिकायतकर्ता को उसके बेटे का फोन आया कि उसकी बेटी पंखे से फंदा लगाकर लटकी हुई है।शिकायतकर्ता तुरंत अपने घर पहुंचा और देखा कि उसकी बेटी फंदे से झूल रही थी। घर में हड़कप मच गया।उसने पड़ोसियों की मदद से चुन्नी को काटकर तुरंत स्थानीय अस्पताल सेक्टर 16 में पहुंचाया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में भेज दिया है द्य। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा। जांच जारी है।जब कमरा चेक किया तो कमरे से 4 डायरी,एक रजिस्टर,दो फोन और सुसाइड नोट मिला।

सुसाइड नोट में हरियाणा के मेवात के रहने वाले वाशिम का नाम लिखा हुआ था। पुलिस ने सुसाइड नोट को अपने कब्जे में लेकर सीएफएसएल को भेज दिया।शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी युवक ने उसकी बेटी को शादी का झांसा दिया।डराया धमकाया पैसे लिए गए।जिसके खिलाफ बनती कारवाई की जाए। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए उक्त आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## डॉ.विनोद कुमार शर्मा साहित्य गौरव सम्मान 2025 से अलंकृत



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. विनोद कुमार शर्मा की साहित्य साधना और लगन को देखते हुए साहित्य कलश परिवार पटियाला ने प्रभात परवाना, बारादरी, पटियाला में कवि सम्मेलन एवं साहित्यिक समारोह में हर्ष कुमार %हर्ष% साहित्य गौरव सम्मान 2025 एवं 2100 रूपये राशि सहित अभिनन्दन पत्र ससम्मान भेंट किया।

साहित्य कलश पटियाला ने यह सम्मान भेंट करते हुए कहा कि डॉ विनोद शर्मा को सम्मानित करते हुए वे स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने डॉक्टर शर्मा के सुखमयी साहित्यिक जीवन की कामना की। डॉ. विनोद शर्मा ने सागर सूद संजय सम्पादक एवं संस्थापक साहित्य कलश पब्लिकेशन का इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। डॉ. विनोद कुमार शर्मा प्रतिष्ठित कवि हैं। जिनकी रचनाएं भारतीय संस्कृति और मूल्यों को दर्शाती हैं। उन्हें वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड, इंटरनेशनल आइकन अवार्ड, एशिया बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड, यू एस ए बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड एवं राष्ट्रीय स्तर के कई अवार्ड प्राप्त हो चुके हैं।

## श्री दिगंबर जैन मंदिर में जैन कार्निवल का भव्य आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** श्री दिगंबर जैन मंदिर, सेक्टर 27, चंडीगढ़ में आज समाजिक एकता और धार्मिक भावना से ओतप्रोत जैन कार्निवल का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्री एन.के. जैन (सेवानिवृत्त आईएएस) के करकमलों द्वारा किया गया।

यह कार्यक्रम दोपहर 1 बजे प्रारंभ होकर शाम 4 बजे तक चला। आयोजन में कुल 32 आकर्षक स्टॉल्स लगाए गए, जिनमें समाज की महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्निवल में 450 से अधिक लोगों ने भाग लिया। सभी ने श्री दिगम्बर जैन सोसाइटी के इस कदम की सराहना की तथा ऐसे और भी कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

फूड स्टॉल्स – स्मिता जैन, अनामिका जैन, अमिता जैन, वीनीता जैन, संध्या जैन, सीमा जैन, रुपिंदर कौर, मनप्रीत रातिया और पूजा जैन द्वारा लगाए गए।

इन सभी गृहिणियों ने गोलगप्पे, कचौरी, दही भल्ले, पनीर रोल, मंचूरियन, केक, पेस्ट्री सहित अनेक स्वादिष्ट व्यंजन तैयार किए।

सभी खाद्य सामग्री जैन परंपरा के अनुरूप बिना प्याज, आलू आदि के बनाई गई थी। वस्त्र स्टॉल्स – ऋतु भंडारी, पूजा बोथरा, पूजा जैन और मंजू शुक्ला द्वारा लगाए गए, जिनमें अहमदाबाद से आई साड़ियाँ, कुर्तियाँ, बेडशीट्स और हस्तनिर्मित ऊनी वस्त्रों की प्रदर्शनी की गई।

गेम्स स्टॉल्स – ऊर्वशी, पूजा जैन और दृष्टि जैन द्वारा संचालित किए गए, जिन्होंने बच्चों और युवाओं का खूब मनोरंजन किया।

इस अवसर पर श्री धर्मबहादुर जैन, अध्यक्ष ड्ड श्री दिगंबर जैन सोसाइटी, ने बताया कि यह कार्निवल सोसाइटी द्वारा आयोजित दूसरा आयोजन है, पहला कार्निवल गत वर्ष अक्टूबर में हुआ था।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में जैन आहार प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों को एकजुट करना तथा बच्चों को जीवन के विविध अनुभवों से जोड़ना है।

सोसाइटी की ओर से उपस्थित प्रमुख सदस्यों में एडवोकेट आदर्श जैन, नीरज जैन, विजय जैन, शरद जैन, डॉ. आशीष जैन, एडवोकेट आलोक जैन एवं अन्य गणमान्य सदस्य शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु नानक देव जी के प्रकाशोत्सव पर नगर निकला कीर्तन

**कालका (जग्गी )।** गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में आज कालका नगर में भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह नगर कीर्तन सुबह कालका के ऐतिहासिक काली माता मंदिर से आरंभ होकर मुख्य बाज़ार, रेलवे स्टेशन रोड, रेलवे रोड होते हुए पुनः काली माता मंदिर पर संपन्न हुआ। नगर कीर्तन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, संगत और स्थानीय नागरिक शामिल हुए। पंच प्यारे की अगुवाई में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी सजाई गई, जिसे फूलों से सुंदर रूप में सजाया गया था। कीर्तन दरबार में रागी जत्थों ने गुरबाणी का मधुर गायन कर वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। रास्ते भर संगत ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों का प्रचार करते हुए वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह के जयकारे लगाए। विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने काले चने , चाय और फल वितरण की व्यवस्था की। पूर्ण नगर गुरु प्रेम और भाईचारे के संदेश से गूंज उठा। आयोजन में नगर के समाजसेवियों, गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों एवं स्थानीय प्रशासन का विशेष सहयोग रहा।



## बैंड-बाजे के साथ निकली शालिग्राम की बारात

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** श्री सनातन धर्म मंदिर सेक्टर 45 में देवी तुलसा व शालिग्राम का विवाह धूमधाम से संपन्न हुआ। वर पक्ष से रूपम डांगी तथा भूपेंद्र डाँगी के सेक्टर 45 स्थित निवास से बैंड-बाजे की धुन पर नाचते-गाते भक्त बरात लेकर मंदिर से होते हुए सेक्टर 44 स्थित वधू पक्ष ऊषा किरन, रमेश गुप्ता, कल्पना गोयल तथा प्रमोद गोयल के निवास पर पहुंची। तुलसा से विवाह के लिये शालिग्राम रथ पर सवार होकर पहुंचे।



सेक्टर 44 में पहुंचने पर बारात का भव्य स्वागत के साथ मिलनी का कार्यक्रम भी हुआ। बाद में बारात लामा फेरों के लिये सेक्टर 45 सनातन धर्म मंदिर पहुंची जहां पं. रामकिशन ने मंत्रोच्चारण के साथ विवाह की रस्में पूरी करवायी। महिलाओं ने भजन तथा मंगलगीत गाये। भक्तों ने दिल खोलकर वधू तुलसा को नेग दिया। मंदिर के प्रधान हर्ष कुमार तथा महासचिव एम एल गोयल ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये भक्तों का धन्यवाद किया।

## पीयू यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल में एसडी कॉलेज ने जीती ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी, दबदबा कायम

**संगीत, नृत्य, थिएटर और कला में निखरा एसडी कॉलेज का हुनर, 11 फर्स्ट, 11 सेकेंड और 16 थर्ड पोजीशन जीतकर फिर रचा इतिहास**



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज ने प्रतिष्ठित 66 वें पंजाब यूनिवर्सिटी जोनल यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल में ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी जीती। एसडी कॉलेज में रविवार को संपन्न हुए यूथ एंड हेरिटेज फेस्टिवल में सेक्टर-10 स्थित डीएवी कॉलेज फर्स्ट और एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन, सेक्टर 36 सेकेंड रनर-अप रहा। जीजीडीएसडी कॉलेज की इस साल की ओवरऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी की जीत, कॉलेज की पिछले वर्ष के फर्स्ट रनर-अप पोजिशन को पार कर गई। कॉलेज के उत्कृष्ट प्रदर्शन के परिणामस्वरूप उसे ग्यारहवीं जीत मिली है, जो लगातार दसवीं जीत की उसकी विरासत को आगे बढ़ाती है। चंडीगढ़ ज़ोन के बंटवारे के बाद से, एसडी कॉलेज ने लगातार नौ सालों तक ओवरऑल ट्रॉफी जीती है। कॉलेज की टीम ने शानदार ऑल-राउंड परफॉर्मेंस दी, जिसमें 11 फर्स्ट पोजीशन, 11 सेकेंड पोजीशन और 16 थर्ड पोजीशन जीतकर, बेजोड़ ग्रेस, डिसिप्लिन और पैशन के साथ कॉम्पिटिशन में बाजी मार ली। एसडी कॉलेज की टीम ने फोक डांस (लड़कियां), लुड्डी, माइम, इंडियन ऑर्केस्ट्रा, कार्टूनिंग, इंस्टॉलेशन, भांड, वार सिंगिंग, एलोकेशन, एम्ब्रॉयडरी और फुलकारी में फर्स्ट प्राइज जीते। कॉलेज ने हिस्ट्रियोनिक्स, भांगड़ा, निबंध लेखन, टोकरी बनाना, लाइट म्यूज़िक (वोकल गीत/ग़ज़ल), ऑन-द-स्पॉट पेंटिंग, फोक ऑर्केस्ट्रा, क्विज़, कविता पाठ, पाखी डिज़ाइनिंग और बाग एम्ब्रॉयडरी में भी दूसरा स्थान हासिल किया।

## पंचकूला में आयोजित कार्यक्रम में शकुंतला जोशी को किया सम्मानित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला,** 3 नवम्बर – हरियाणा बिजली बोर्ड की ओर से सेक्टर-15, पंचकूला में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान मिसेज शकुंतला जोशी को हरियाणा की फर्स्ट लेडी अंडर सेक्रेटरी के सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मिसेज जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान अत्यधिक मेहनत और लगन से कार्य किया था, और आज उस मेहनत का फल उन्हें ईश्वर ने प्रदान किया है। उन्होंने सीनियर सिटिजन एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री एस.सी. मेहता तथा एसोसिएशन के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ नागरिकों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया और मिसेज जोशी को बधाई दी।

## जीएमएसएसएस की टीम ने इंटर स्कूल स्टेट टूर्नामेंट में जीता ब्रॉन्ज मेडल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** स्कूल शिक्षा विभाग चंडीगढ़ द्वारा आज गवर्नमेंट मॉडल स्कूल सेक्टर 26 में सम्पन हुए ल?कों के अंडर-19 क्रिकेट इंटर स्कूल स्टेट टूर्नामेंट 2025-26 के आखिरी दिन के मैच में सेंट सोल्जर स्कूल-28 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सेंट सोल्जर स्कूल सेक्टर-28 की टीम ने 15 ओवर में 79 रन बनाकर 7 विकेट के नुकसान पर गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-35 चंडीगढ़ की टीम को 80 रन का टारगेट दिया।

वहीं गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 35 चंडीगढ़ की टीम में साहिब सिंह की कप्तानी में बॉलर हर्ष शर्मा ने 3 ओवर में 12 रन देकर 2 विकेट झटके। वहीं कर्णिन्दर पाल सिंह ने भी 3 ओवर में 14 रन देकर एक विकेट ली। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 35 चंडीगढ़ की टीम ने शानदार बैटिंग करते हुए कर्णिन्दर पाल सिंह ने 29 बॉल में 22 रन बनाये। गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 35 चंडीगढ़ की टीम ने 12 ओवर में 80 रन का टारगेट हासिल कर सेंट सोल्जर स्कूल-28 को 6 विकेट से हराकर ब्रॉन्ज मेडल नाम कर लिया।

### युवाओं को नशे के लिये कबड्डी-कुश्ती जैसे खेलों में भाग लेना जरूरी : श्याम लाल



**न्यू- चंडीगढ़ (जेके बत्ता)।** अकाली दल के सीनियर नेता व समाजसेवी चौधरी श्याम लाल माज़रियान ने गाँव कांसल केम्बला में दूसरे कबड्डी कप में शिरकत की। इस दौरान भीमा सरपंच, रोशन पंच, गुरबचन भगत जी, लकी चौधरी, तरसेम चौधरी, प्रीत चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे तथा बुरी संगत से दूर रखने के लिये कबड्डी ड्ढकुश्ती जैसे खेलों में भाग लेना चाहिये। युवाओं को अच्छी राह दिखाने के लिए गाँव कांसल केम्बला की समिति का धन्यवाद करते हुए उनके प्रोत्साहन के लिए आर्थिक योगदान भी दिया।

## शिविर में 40 यूनिट्स रक्त एकत्रित

अर्थ प्रकाश/जिनेंद्र जैन

**मोहाली 3 नवम्बर।** डेंगू की वजह से अस्पतालों में आई रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एलबीएम सोल्युशंस प्राइवेट लिमिटेड के एमडी तरसेम कुमार एवं रामपावन कुमार द्वारा स्वर्गीय माता बिमला देवी जी की 18वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य पर अपने ऑफिस इन्डस्ट्रीअल एरिया सेक्टर 75 मोहाली में ब्लड डोनेशन कैम्प आयोजित किया गया। यह रक्तदान शिविर विश्वास फाउंडेशन पंचकूला व इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा मोहाली के सहयोग से लगाया गया। ब्लड बैंक जीएमएसएच सेक्टर 32 चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर विश्वजीत की देखरेख में 40 यूनिट्स रक्त एकत्रित किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए तरसेम कुमार और रामपावन कुमार ने कहा कि यह पहल बिमला देवी जी के समाज सेवा के आदर्शों से प्रेरित है और उनकी याद में हर वर्ष इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं एवं विश्वास फाउंडेशन की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास व अन्य सभी सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और समाज सेवा के ऐसे प्रयासों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। जिसमें अनेक लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कैंप में दाताओं ने मानवता और सेवा की भावना दिखाते हुए रक्तदान किया। इस शिविर में विश्वास फाउंडेशन द्वारा सभी रक्तदाताओं को आभार के रूप में उपहार दिए गए व मौके पर विश्वास फाउंडेशन से शिशुपाल पठानिया व पवन कुमार उपस्थित रहे।



# हमारी प्राथमिकता अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की सेवाएं पहुंचाना है: बड़ौली

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली सोमवार को मानेसर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की। कार्यालय पहुंचने पर गुरुग्राम महानगर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत यादव, एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सत्य प्रकाश जरावता, जिला महामंत्री प्रदीप सैनी, मुकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रिंसी चाहर, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रीना यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष लोकश शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने श्री बड़ौली का स्वागत किया। इस मौके पर श्री बड़ौली ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह मुझे संगठन और समाज सेवा के कार्यों को और अधिक ऊर्जा के साथ करने की प्रेरणा देता है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है, क्योंकि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ की हड्डी है। उन्होंने कहा कि मोदी और नायब सरकार की जो भी कल्याणकारी योजनाएं हैं उनको हर व्यक्ति तक पहुंचाना है तथा अधिक से अधिक लोगों को भाजपा सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करना है।



श्री बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनहित में हर रोज निर्णय लेकर जनता की सेवा कर रहे हैं। नारी शक्ति के विकास के लिए नायब सरकार ने अनेक योजनाएं चलाई हुई है। हरियाणा दिवस पर नायब सरकार ने हरियाणा की पात्र महिलाओं को हर महीने दीनदयाल लाड़ो लक्ष्मी योजना के माध्यम से 2100 रुपये की आर्थिक सहायता देकर अपना संकल्प पूरा किया है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार ने पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली की शुरुआत कर पारदर्शी कार्यशैली का प्रमाण दिया है।

श्री बड़ौली ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और सीएम नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा में भाजपा सरकार सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा सरकार की उपलब्धियों और नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं और लोगों को भाजपा के प्रति प्रेरित करें।

श्री बड़ौली ने कहा कि नायब सरकार जन आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। विधानसभा चुनाव में भाजपा ने जो भी संकल्प लिए थे उन्हें नायब सरकार एक-एक कर पूरा कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी प्राथमिकता हमेशा ही अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकार की सेवाएं पहुंचाना है।

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान प्रधानमंत्री मोदी के 'विकसित भारत' के वि?न को साकार करने की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर तक आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत मंडल, विधानसभा, जिला स्तर पर कार्यक्रम हो रहे हैं। श्री बड़ौली ने कहा कि युवा सम्मेलन, महिला सम्मेलन, व्यापारी एवं लघु उद्योग सम्मेलन, प्रबुद्ध सम्मेलनों का आयोजन कर स्वदेशी अपनाने का संकल्प खुद भी लेना है और अन्य लोगों को भी दिलाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा का लक्ष्य हर नागरिक को आत्मनिर्भर बनाना, हर गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना और हर घर में समृद्धि लाना है।

## जिला पुलिस का नशामुक्त जागरूकता अभियान लगातार जारी

कुरुक्षेत्र (अप्रस)। पुलिस की नशामुक्त टीम गांव दर गांव नशामुक्ति का सन्देश पहुंचा रही है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस टीम के लगातार कार्य कर रही है। सोमवार को जिला पुलिस के ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम नशामुक्ति का सन्देश लेकर थाना सदर थानेसर के गांव बीड मथाना व मथाना के राजकीय स्कूल पहुंची जहां पर स्कूली बच्चों को जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार ने थाना सदर थानेसर के गांव बीड मथाना व मथाना के राजकीय स्कूल पहुंची जहां पर स्कूली बच्चों को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। विधार्थियों से बात करते हुए ने उप निरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है। उन्होंने स्कूल में मौजूद छात्रों से कहा कि यदि आपके आस-पास कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें।

## खेल स्कूल राई की अंडर-14 बास्केटबॉल टीम ने जीता सिल्वर मेडल, तीन खिलाड़ी नेशनल के लिए चयनित



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

राई। बिरला पब्लिक स्कूल, पिलानी में 31 अक्टूबर से 2 नवंबर तक आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक स्कूल्स कॉन्फ्रेंस के अंतर्गत हुए खेल मुकाबलों में खेल स्कूल राई की अंडर-14 बास्केटबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (सिल्वर मेडल) जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। टीम ने सेमीफाइनल मुकाबले में एल. के. सिंघानिया स्कूल, गोटन (राजस्थान) की टीम को 35 अंकों के विशाल अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। देशभर से आई 18 टीमों और लगभग 250 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। समापन समारोह में ओलंपियन ज़ोरावर सिंह शेखावत मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विजेता खिलाडियों को सम्मानित किया।

खेल स्कूल राई के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों – अर्णव, वीर और आदित्य – का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो विद्यालय और प्रदेश दोनों के लिए गर्व का विषय है।विद्यालय लौटने पर प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार धीमान व खेल अधिकारी चंदर शेखर शर्मा ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षक खेल (विश्व विधालय) साहिल को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय वाइस चांसलर अशोक कुमार द्वारा आरंभ किए गए मिशन 100÷ को देते हुए कहा कि इसके परिणाम अब दिखाई देने लगे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में विद्यालय के खिलाड़ी और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

## एक भारत, श्रेष्ठ भारतअभियान के अंतर्गत प्रवासी भारतीयों को मतदान के लिए प्रेरित करती सोनीपत टीम

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत सोनीपत की सह-संयोजक श्रीमती सोनिया मोर ने बताया कि बीते छह महीनों से सोनीपत की टीम घर-घर जाकर प्रवासी भारतीयों को अपने गृह जिले में लौटकर आजादी के इस चुनाव महोत्सव में मतदान करने के लिए जागरूक कर रही थी।श्रीमती सोनिया मोर, भारतीय जनता पार्टी की उपाध्यक्ष, सोनीपत, ने कहा कि मतदान केवल एक अधिकार ही नहीं, बल्कि यह राष्ट्रहित में निभाई जाने वाली एक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक नागरिक को इस लोकतांत्रिक पर्व में भाग लेकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए उन्होंने बताया कि यह कार्य अत्यंत कठिन था, किंतु टीम के सामूहिक प्रयासों से बड़ी संख्या में प्रवासी भाई-बहनों को सुरक्षित रूप से बिहार लौटने के लिए प्रेरित किया जा सका।



इस अभियान के दौरान सैकड़ों सभाएँ आयोजित की गई, जिनके माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर पहुँचाया गया। सरकार द्वारा चुनाव के अवसर पर फैक्टरियों में कार्यरत मजदूरों को अवकाश प्रदान करने का निर्णय एक सराहनीय कदम बताया गया।

श्रीमती मोर ने कहा कि मजदूर भाइयों को यह भी आश्वासन दिया गया है कि उनकी नौकरी सुरक्षित रहेगी, जिससे वे निश्चिंत होकर अपने गृह राज्य में मतदान कर सकें।उन्होंने सभी व्यापारियों के सहयोग की भी प्रशंसा की, जिन्होंने इस सामाजिक जिम्मेदारी में सक्रिय भूमिका निभाई। आज सोनीपत रेलवे स्टेशन से हजारों की संख्या में बिहार निवासी प्रवासी भाई, बहनें, बच्चे और बुजुर्ग मतदान के उद्देश्य से हंसी-खुशी बिहार के लिए रवाना हुए। विदा के अवसर पर उपस्थित जनसमूह ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर माईराम कौशिक ने रेलगाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

## नशीला पदार्थ सप्लाई करने का एक और आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थो की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला पदार्थ सप्लाई करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने नशीला पदार्थ सप्लाई करने के आरोप में कर्ण कुमार उर्फ कंप्यूटर वासी माजरी मोहल्ला शाहबाद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 19 मार्च 25 को अपराध अन्वेषण शाखा-1 कुरुक्षेत्र की टीम अपराध की तलाश मे बराडा चौंक शाहबाद पुल के नीचे मौजूद थी। पुलिस टीम ने गुप्त के आधार पर बराडा रोड शाहबाद से ललित उर्फ लल्ली व कुनाल उर्फ आदित्य वासीयान माजरी मौहल्ला शाहबाद को मोटरसाईकिल नम्बर एचआर-78-डी-5918 सहित काबू किया था। राजपत्रित अधिकारी के सामने आरोपियों की तलाशी लेने पर उनके कब्जा से 14.50 ग्राम हैरोइन/चिट्टा बरामद हुआ था। आरोपियों के खिलाफ थाना शाहबाद में नशीली वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया था।

## विधायक कादियान ने 6 घंटे लगाया जनता दरबार, मौके पर निपटाई 50 शिकायतें

बिजली, पानी, राजस्व और पुलिस से जुड़ी समस्याएं लेकर पहुंचे 120 फरियादी

विधायक बोले– यह दरबार औपचारिकता नहीं, जनसेवा का माध्यम है

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



गन्नौर। क्षेत्र की जनता के साथ सीधा संवाद कायम रखने के उद्देश्य से विधायक देवेंद्र कादियान ने सोमवार को देवा सोशल डेवलपमेंट सोसायटी कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया। सुबह से ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की भारी भीड़ यहां जुटनी शुरू हो गई थी। जनता ने विधायक के समक्ष बिजली, पानी, सफाई, राजस्व और सरकारी योजनाओं से जुड़ी अपनी शिकायतें रखीं।विधायक कादियान ने सभी फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। व्यक्तिगत समस्याओं को तुरंत समाधान कराते हुए विधायक ने 6 घंटे जनता के बीच बिताए। दरबार में करीब 120 लोग अपनी सामूहिक और निजी शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें से लगभग 50 शिकायतों का निपटारा तुरंत किया गया। विधायक कादियान ने कहा कि जनता दरबार के माध्यम से वह लोगों की परेशानी को नजदीक से समझना चाहते हैं, ताकि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की रुकावट न आए। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार का लक्ष्य प्रशासन को जनता तक पहुंचाना है और इसी सोच के तहत क्षेत्र में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक सोमवार को लगने वाला यह जनता दरबार केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है।

जीटी रोड गन्नौर अड्डा पर गौशाला मंडी के पास रहने वाले मामन जैन को बाइक सवार ने टक्कर मार दी थी, जिससे उन्हें गंभीर चोट आई। कमजोर आर्थिक स्थिति वाले पीड़ति परिवार ने पुलिस द्वारा मामले में खास रुचि न दिखाने की शिकायत की। कादियान ने तुरंत बड़ी थाना में फोन करके केस की रिपोर्ट मांगी और पीड़ित को जल्द से जल्द न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### जेई ने मांगे 5000 रुपये, कनेक्शन भी नहीं किया

घसौली गांव में खेत में बिजली कनेक्शन के नाम पर एक जेई पर ?5000 वसूली करने का गंभीर आरोप लगा। पैसे लेने के बाद भी जेई कनेक्शन नहीं कर रहा था, और शिकायत करने पर धमकी दी कि सिफारिश कराने पर तो 6 माह में भी कनेक्शन नहीं होगा। सरपंच महेश त्यागी ने यह मामला विधायक के सामने रखा।विधायक कादियान ने सख्त रुख अपनाते हुए एसडीओ को साफ तौर पर कहा कि ऐसा कर्मचारी गन्नौर में बर्दाश्त नहीं होगा।

पांची जाटान गांव के राजकीय स्कूल में प्रिंसिपल के लगातार गैरहाजिर रहने और लेटलतीफी के कारण बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा था। ग्रामीणों ने स्कूल का माहौल बिगड़ने की शिकायत दर्ज कराई। विधायक कादियान ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि वह शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों से इस संबंध में बात करेंगे और उचित कार्रवाई कराएंगे।

अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS
आज ही बुक करें
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** नतीश पुत्र महावीर सिंह निवासी गांव बदनपुर (93) जिला जींद- 126152 (हरियाणा) भारत अपना नाम नतीश से बदलकर नतीश कुमार रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** महावीर पुत्र रामचंद्र निवासी गांव बदनपुर (93) जिला जींद- 126152 (हरियाणा) भारत अपना नाम महावीर से बदलकर महावीर सिंह रखता हूं। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-5392

**मैं,** ताज बीबी पत्नी फिरोज अली, निवासी गांव लाना कोटला, पोस्ट ऑफिस सुरला, तहसील नाहन, जिला सिरमौर (हि0प्र0) ने अपना नाम ताज बीबी (पुराना नाम) से बदलकर ताजो (नया नाम) कर लिया हैं। संबंधित नोट करें।
एपी-5393

**मैं,** कमलेश कौर पत्नी गुरमीत सिंह निवासी गांव शाहपुर जिला पंचकूला ब्यान करती हूं कि मेरे आधार कार्ड और पैन कार्ड में मेरा नाम कमलेश कौर दर्ज है और मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम कमलेश रानी दर्ज है। मैं पासपोर्ट में अपना नाम कमलेश रानी को ठीक करवाकर कमलेश कौर करवाना चाहती हूँ।

I, GURPAL KAUR MOTHER of No. 15221423X Rank L/NK (GNR GD) Name MANJEET SINGH presently residing at Vill. Makhour, PO. Bilaspur, Tehsil Bilaspur, District Yamuna Nagar, State Haryana & PIN 135102 and present address-13 Fd Regt c/o 99 APO have changed my Date of Birth from 01/07/1969 to 01/01/1961 vide Affidavit dated 31.10.2025 before Bilaspur, Sub-Division Tehsil Bilaspur, District Yamuna Nagar, Haryana.

I, MANJEET SINGH No. 15221423X Rank L/NK (GNR GD) Name MANJEET SINGH presently residing at Vill. Makhour, PO. Bilaspur, Tehsil Bilaspur, District Yamuna Nagar, State Haryana & PIN 135102 and present address-13 Fd Regt c/o 99 APO have changed my Daughter's name from ARASHDEEP KAUR TO ARSHDEEP KAUR vide Affidavit dated 31.10.2025 before Sub-Division Bilaspur, Tehsil Bilaspur, District Yamuna Nagar, Haryana.

I, SUNDER SINGH Father of No. 15221423X Rank L/NK (GNR GD) Name MANJEET SINGH presently residing at Vill. Makhour, PO. Bilaspur, Tehsil Bilaspur, District Yamuna Nagar, State Haryana & PIN 135102 and present address-13 Fd Regt c/o 99 APO have changed my Date of Birth from 01/07/1963 to 11/07/1960 vide Affidavit dated 31.10.2025 before Sub-Division Bilaspur, Tehsil Bilaspur, District Yamuna Nagar, Haryana.
एपी-5395

**मैं,** रजनी विर्दी, पत्नी श्री अवतार सिंह, निवासी मकान नंबर 1015, सेक्टर-43-बी, चंडीगढ़, ने अपना नाम रजनी विर्दी से बदलकर रजनी बाला कर लिया है।

**मैं,** पुष्पा सोनी, धर्म पत्नी, सैन्य संख्या-14683755एफ, रैंक- हवलदार, नाम-रणधीर कुमार, ग्राम ऊब, पोस्ट ऑफिस-भरूब, पुलिस स्टेशन/तहसील-ओबरा, जिला-औरंगाबाद, राज्य -बिहार, पिन-824124, मैने अपना नाम पुष्पा सोनी से बदल कर पुष्पा कुमारी कर लिया है जोकि दिनांकित शपथ पत्र संख्या-35AA914957, दिनांक 21-08-2025 में अंकित है।

**मैं** कि सुनील यादव सुपुत्र श्री हसन लाल यादव निवासी मकान न0-3126/237, नजदीक आशीश धर्म कान्टा, मोहल्ला कमला नगर, रिवाडी हरियाणा ने अपना नाम सुनील कुमार से बदलकर सुनील यादव रख लिया है। भविश्य में मुझे सुनील यादव के नाम से जाना जावे।

I Swarn Preet Singh S/o Manjit Singh Kandola R/o House No 2276, Sector-71, SAS Nagar have changed the name of my minor son Rajvir Singh to Rajvir Singh Kandola that Rajvir Singh Kandola & Rajvir Singh one and the same person.

I Aninder Jit Kaur W/o Yadwinder Singh R/o House No 354, Phase-1, Urban Estate, Patiala have changed my name Aninder Jit Kaur to Aninderjit Kaur.

I Harish Kumar s/o Baljit Kumar r/o # 67 Kambali,S.A.S Nagar Mohali have changed my name from Harish to Harish Kumar
एपी-5396

**मैं,** मेहर राय पुत्री श्री रणबीर सिंह राय निवासी मकान नं. 2061 सेक्टर 15-सी चंडीगढ़ घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम मेहर राय (Mehar Rai) से बदलकर मेहर राय (Mehr Rai ) कर लिया है।
एपी-5397

I Rekha Khanna W/O Pawan khanna House no 1168 sector 67 mohali have changed my name from Rekha khanna to Rekha Rani Khanna.

I Sanjay Dogra S/o Shri Atma Ram r/o # 9719, Sunny Enclave, P.O. Kharar,Distt.SAS Nagar (Mohali) Pin 140301 have changed my minor son name Lavanaya Dogra to Lavay Dogra
एपी-5398

**मैं,** कु. Rakhee पत्नी संजय कुमार बंसल वासी मकान नं 172/4 नजदीक यशोदा स्कूल मोरी गेट हिसार हरियाणा-125001. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर कु. Rakhee से Rakhi बंसल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए

**मैं,** संजय बंसल पुत्र अशोक कुमार बंसल वासी मकान नं 172/4 नजदीक यशोदा स्कूल मोरी गेट हिसार हरियाणा-125001. ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर संजय बंसल से संजय कुमार बंसल रखा है, भविष्य के सभी कार्यो के लिए ।

**मैं,** निशिता पुत्री भूपिंदर सिंह वासी मकान नं. 1056/2 वार्ड नं.9, ब्रॉड गेज, लोवर Kurari कालका पंचकूला ने अपना नाम बदलकर निशिता सिंह रखा है।

**मैं,** शिव नारायण बिश्नोई पुत्र जी राम वासी फतेहाबाद ने अपना नाम बदलकर शिव नारायण रखा है।

**मैं,** अशोक Allawadi पुत्र मदन लाल वासी मकान नं. 251, पी.एल.ए हिसार ने अपना नाम बदलकर अशोक कुमार रखा है।

**मैं,** अंजना कुमारी पत्नी श्री रिप्पिम निवासी मालेहार वार्ड न0 3, तहसील पालमपुर, कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश, ने अपना नाम बदल कर अंजना चौधरी से अंजना कुमारी कर लिया है ।
एपी-5399

**मैं,** शीतल (आधार नंबर 261612599272) पत्नी नवाब सिंह, 542, चूना भट्टी रोड, गेट नंबर 1, चंडी मंदिर (साकेत) पंचकूला, चंडी मंदिर कैंट. हरियाणा 134107 यह घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम सीता देवी से बदलकर शीतल कर लिया है।
एपी-5400

**मैं,** वरुण शर्मा पुत्र दर्शन शर्मा निवासी मकान नंबर 1130, ब्लॉक-बी, इको-सिटी-I, सेक्टर 5, न्यू चंडीगढ़ पंजाब ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम नेहमत शर्मा से बदलकर सादगी शर्मा रख लिया है।

**मैं,** वरुण शर्मा पुत्र दर्शन शर्मा निवासी मकान नंबर 1130, ब्लॉक-बी, इको-सिटी-I, सेक्टर 5, न्यू चंडीगढ़ पंजाब ने अपने नाबालिग बेटे का नाम वर्धिन शर्मा से बदलकर कननवीर शर्मा रख लिया है।

**मैं,** गेडियन पुत्र राज कुमार, मकान सं 1608, जीएमसीएच कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 32-सी, चंडीगढ़ सूचित करता हूं कि मेरे पैन कार्ड संख्या DRCPG5662N में मेरे पिता का नाम गलती से विशाल भट्टी दर्ज है। मेरे पिता का वास्तविक और सही नाम राज कुमार है।
एपी-5401

**मैं,** श्रीमती सुरजीत कौर पुत्री श्रीमती राज कौर विधवा JC-69722X NB SUB स्व. पियारा सिंह पुत्र श्री श्रम सिंह निवासी गांव व पोस्ट ऑफिस दबखेरी, तहसील थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा) - 136119 ब्यान करती हूँ कि जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र के नोटरी के एफिडेविट के अनुसार मैंने अपना नाम व जन्मतिथी सुरजीत कौर (जन्मतिथी 14 मार्च 1964) से बदलकर मनदीप कौर (जन्मतिथी 10 मार्च 1960) रख ली है।

**मैं,** No 15501356P ALD जसबीर सिंह (रिटायर्ड ) पुत्र श्री रणधीर सिंह निवासी गांव थारौली, पोस्ट ऑफिस माँधेरी, तहसील शाहाबाद मरकंडा, जिला कुरुक्षेत्र (हरियाणा )-136136 ब्यान करती हूँ कि जिला न्यायालय कुरुक्षेत्र के नोटरी के एफिडेविट के अनुसार मैंने अपनी पुत्री का नाम नियाति से बदलकर नियाति रानी रख लिया है।
एपी-5402

**मैं,** मीना सैन्य संख्या- JC 422998W रैंक- सूबेदार मेजर नाम- तांदळे भाऊसाहेब देवराम की कानूनी रूप से विवाहिता पत्नी हुं जो वर्तमान में यूनिट- 2 महाराष्ट्र गर्ल्स बटालियन एनसीसी पुणे में तैनात है स्थायी पता- गाँव /पोस्ट- देवळाली (पानाची) तहसील- आष्टी, जिला- बीड, राज्य- महाराष्ट्र, पिन संख्या- 414202 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम मीना से बदलकर मीना भाऊसाहेब तांदळे कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 095333, दिनांक- 03/11/2025

**मैं,** कश्मीरा देवी, सैन्य संख्या- 18010907W रैंक-नायक नाम- टिंकू कुंडू की माँ हूँ वर्तमान में यूनिट- 57 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 56 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- 325/18, 5 जी, धर्म सिंह, कॉलोनी, नरवाना, जींद, नरवाना, हरियाणा, 126116 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपना नाम कश्मीरा देवी से बदलकर कश्मीरा कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 095339, दिनांक- 03/11/2025

**मैं,** शिवप्पा, सैन्य संख्या- 15342873एक्स रैंक-हवलदार नाम- बसप्पा पट्टानशेट्टी का पिता हूं वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 99 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- प्लॉट नंबर- 30, वार्ड नंबर- 12, आश्रम रोड, नर्सिंग लेडिस हॉस्टल के पास, कारगिल नगर, बीजापुर, बीजापुर, कर्नाटक- 586101 घोषणा करता हूं कि मैंने अपना नाम शिवप्पा से बदलकर शिवप्पा गुरुपादप्पा पट्टानशेट्टी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA 095338, दिनांक- 03/11/2025

**मैं,** इरम्मा सैन्य संख्या-15342873एक्स रैंक-हवलदार नाम- बासप्पा पट्टानशेट्टी की मां हूं, वर्तमान में यूनिट- 70 इंजीनियर रेजिमेंट सी/ओ 99 एपीओ में तैनात है स्थायी पता- प्लॉट नंबर- 30, वार्ड नंबर- 12, आश्रम रोड, नर्सिंग लेडिस हॉस्टल के पास, कारगिल नगर, बीजापुर, बीजापुर, कर्नाटक- 586101 घोषणा करती हूं कि मैंने अपना नाम इरम्मा से बदलकर इरव्वा शिवप्पा पट्टानशेट्टी कर लिया है। शपथ पत्र संख्या- 11AA095337, दिनांक- 03/11/2025
एपी-5403

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

## बेदखली सूचना

हम कैलाश चन्द पुत्र मदन लाल व राधा पत्नी कैलाश चन्द, निवासीयान संगम मंदिर गांव टीपरा, कालका (पंचकूला) ने अपने बेटे लखन, राजा व राजा की पत्नी शिखा को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है क्योंकि यह हमारे कहने से बाहर हैं। भविष्य में इनके साथ किसी भी तरह का लेन-देन करने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा।
एपी-5394

**मैं,** सुनीता देवी पत्नी स्वर्गीय श्री सुभाष कुमार, निवासी मकान नं 1186 वार्ड नं. 3 रायपुर रानी, पंचकूला हरियाणा यह घोषणा करती हूँ कि मेरा पुत्र पुनीत मेरे नियंत्रण से बाहर है। अतः मैं उसे अपनी सभी चल - अचल संपत्ति व अपने परिवार से बेदखल करती हूँ।
एपी-5396

I, Manohar Lal Gupta S/o late Ram Sarup Gupta House no 3017 Sector 28 D Chandigarh I declare that I disown/debarred my son Yuvin Gupta from my moveable and immoveable property becuse he is out of my control if anybody deal with him he/She will be responsible him self/her self.
एपी-5398

**मैं,** मामराज पुत्र श्री सीता राम, निवासी गांव व डाकघर रत्तेवाली, जिला पंचकूला, हरियाणा ब्यान करता हूँ कि मेरी पुत्री हरप्रीत कौर जो मेरे कहने व सुनने से बाहर है को मैं अपनी चल व अचल संपत्ति से बाहर करता हूँ। इसके साथ लेन-देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे अन्य परिवारिक सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-5396

**मैं,** मनिषा गिल, पुत्री श्री बलजीत कुमार एवं पत्नी श्री दिनेश गिल, निवासी मकान नंबर 6/12 जे सी, सेक्टर 12, चंडीगढ़, यह सूचित करती हूं कि मेरा अपने भाई गौरव कुमार और भाभी कविता से कोई संबंध या नाता नहीं है। उनके किसी भी कार्यों के लिए मैं जिम्मेदार नहीं होऊंगी। इनके साथ लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-5401

**मैं,** अशोक कुमार पुत्र श्री गुरदियाल सिंह निवासी गांव बैरसाल, तहसील नीलोखेड़ी, जिला करनाल हाल निवासी मकान न. 185, गली न. 2 ,दुर्गा नगर, नरकातारी रोड़ , थानेसर जिला कुरुक्षेत्र बयान करता हूं कि मेरा पुत्र ललित कुमार व उसकी पत्नी पूजा मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उन्हें अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
एपी-5404

**मैं,** राजेश पुत्र मांगेराम निवासी गांव सुंदरपुर तहसील नरवाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लड़का सुरेंद्र मेरे कहने- सुनने से बाहर है मैं उसे अपनी चल- अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। यदि सुरेंद्र के खिलाफ कोई मुकदमा व कोर्ट केस व लेनदेन करता है। वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।
एपी-5405

अर्थ प्रकाश
समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें

आवश्यक सूचना
अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

## परिवहन मंत्री अनिल विज का 'ग्रीन तोहफा':अम्बाला में पांच और नई एसी ई-बसें, कुल 15 बसों से अब लोकल सफर बनेगा कूल और ग्रीन

# नई बसों के आने से बस सेवा हुई पर्यावरण अनुकूल, यात्रियों को मिल रहा फायदा: विज

बसों के रुट पर 23 आधुनिक बस क्यू शेल्टर का भी हो रहा निर्माण, बैठने की व्यवस्था के साथ पंखे व लाइट की सुविधा भी होगी

परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला में लगभग 25 वर्ष बाद पुनः प्रारंभ की गई थी लोकल बस सेवा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अंबाला, 3 नवंबर।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि अम्बाला में पर्यावरण के अनुकूल लोकल/शहरी बस सेवा को बढ़ावा देने के लिए अम्बाला में पांच और नई वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों (ई-बस) को लोकल रुट पर शामिल किया गया है। इससे पहले, 10 इलेक्ट्रिक बसें थी, अब पांच नई इलेक्ट्रिक बसें मिलने पर बसों की संख्या 15 हो गई है जोकि पर्यावरण के अनुकूल बेहतर एवं सकारात्मक कदम है।

श्री विज ने कहा कि लोकल/शहरी बस सेवा को यात्रियों के लिए आरामदायक बनाने के लिए पांच और नई इलेक्ट्रिक एसी बसें अम्बाला रोडवेज डिपो को मिल चुकी है और इनका संचालन लोकल रुट पर किया जाएगा। ई-बसों के संचालन से यात्रियों का सफर आरामदायक एवं सुविधाजनक होगा। परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसें पर्यावरण अनुकूल होने के साथ-साथ वातानुकूलित भी है। महानगरों की तर्ज पर अम्बाला में भी लोकल बस सेवा को पूरी तरह से वातानुकूलित ई-बस सेवा में बदलने की ओर कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि यात्रियों को बसों का इंतजार करने के लिए खड़े न रहना पड़े, इसके लिए अम्बाला में लोकल बस रुट पर आधुनिक 23 नए बस क्यू शेल्टर बनाने का कार्य भी प्रारंभ किया जा चुका है। इन बस क्यू शेल्टरों में लोगों के बैठने के साथ-साथ बिजली व लाइट की सुविधा भी होगी।

गौरतलब है कि इस समय लोकल परिवहन की बढ़ती मांग को देखते हुए कुल 25 बसों का संचालन परिवहन विभाग द्वारा किया जा रहा है जिसमें अब इलेक्ट्रिक एसी बसों की संख्या 15 हो गई है।

### अम्बाला में इन रुटों पर चल रही लोकल बस सेवा

अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट
अम्बाला शहर – सुभाष पार्क – नन्हेड़ा
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – महेशनगर – बब्याल – बोह
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – डिफेंस कालोनी – कलरहेड़ी – पंजोखरा साहिब
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – शास्त्री कालोनी – डीआरएम – शाहपुर – कोटकछुआ
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – शास्त्री कालोनी – डीआरएम – शाहपुर – मोहड़ी – कैंट – बलदेव नगर – एमएम अस्पताल
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – महेशनगर – करधान – ब्राह्मण माजरा
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – शास्त्री कालोनी – शाहपुर – दुखेड़ी – अम्बाला कैंट – अम्बाला शहर
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – उगाड़ा – बाड़ा – तेजा मोहड़ी – अम्बाला कैंट – अम्बाला शहर
अम्बाला शहर – अम्बाला कैंट – शास्त्री कालोनी – डीआरएम – शाहपुर – मोहड़ा – बड़ौला – मालवा

### यात्रियों के लिए 23 स्थानों पर आधुनिक बस क्यू शेल्टरों का निर्माण शुरूः विज

परिवहन मंत्री अनिल विज ने बताया कि लोकल बस सेवा का लाभ अधिक से अधिक यात्रियों को मुहैया कराने व बसों की इंतजार में यात्रियों को दिक्कत न हो इसके लिए अम्बाला छावनी में नगर परिषद द्वारा 23 स्थानों पर आधुनिक बस क्यू शेल्टरों का निर्माण किया जा रहा है। आधुनिक क्यू शेल्टर में बैठने के अलावा लाइट व पंखे की व्यवस्था युक्त है। बस क्यू शेल्टर कैपिटल चौक, चुंगी चौक, टुंडला, डिफेंस कालोनी, कलरहेड़ी, शास्त्री कालोनी, डीआरएम आफिस, सुंदर नगर, चंद्रपुरी कालोनी, मच्छौंडा, शाहपुर, सिविल अस्पताल अम्बाला छावनी, सुभाष पार्क, बीडी फ्लोर मील, हाथीखाना मंदिर, रंगिया मंडी चौक, नन्हेड़ा, एसडी कालेज, महेशनगर, टांगरी बांध रोड, बब्याल, दलीपगढ़ व बोह में बनाए जा रहे हैं।

### परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से लगभग 25 वर्ष बाद पुनः प्रारंभ की गई लोकल बस सेवा

परिवहन मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला में लोकल बस सेवा को लगभग 25 वर्षों बाद पुनः प्रारंभ किया जा सका है। श्री विज ने बीते वर्ष 1 नवंबर को 10 मिनी बसों के साथ परिवहन सेवा की शुरुआत की थी। इसके बाद इसी वर्ष गणतंत्र दिवस के दिन 26 जनवरी को लोकल बस सेवा में 5 इलेक्ट्रिक एसी बसों को शामिल किया गया था। तदोपरांत 5 जून 2025 को बस सेवा में 5 और इलेक्ट्रिक बसें शामिल की गई थी जिसके बाद आज 5 और नई बसें शामिल होने से परिवहन सेवा में कुल 15 इलेक्ट्रिक बसें हो चुकी हैं।

## राज्य स्तरीय खेल ट्रायल आज

**पानीपत (अप्रस)।** जिला खेल अधिकारी धीरेंद्र सिंह ने बताया कि खेल विभाग द्वारा तैराकी, हैंडबाल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, बास्केटबाल व एथलैटिक्स की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 11 से 13 नवम्बर तक अम्बाला व पंचकूला में होगी। इसके लिए खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के माध्यम से किया जाएगा। ट्रायल 4 नवम्बर को होंगे। वॉलीबॉल के ट्रायल सुबह 10 बजे शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन में होंगे। स्विमिंग के ट्रायल दोपहर 3 बजे बलदेव सिंह स्वीमिंग अकादमी, काला आम्ब रोड पर होंगे। हैंडबाल, बास्केटबाल व एथलैटिक्स के ट्रायल सुबह 9 बजे जिला खेल स्टेडियम सिवाह व शिवाजी स्टेडियम में आयोजित होंगे। बैडमिंटन ट्रायल सुबह 9 बजे विक्रम बैडमिंटन अकादमी जाटल रोड पर होंगे। सभी इच्छुक खिलाड़ी आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र, रिहायशी प्रमाण पत्र की प्रति, एक फोटो और मूल दस्तावेज साथ लाकर ट्रायल में शामिल हों।

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा में पेपरलेस रजिस्ट्री शुरू, तहसीलों में भीड़ घटी

**जींद (अप्रस/सुरेश सिसोदिया)।** हरियाणा में आज से पेपरलेस रजिस्ट्री प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले ही दिन तहसीलों में भीड़ कम नजर आई। जींद में डेढ़ दर्जन से अधिक रजिस्ट्री ऑनलाइन पूरी की गईं। अब रजिस्ट्री के लिए नागरिक को e-registration.revenue पोर्टल पर लॉगिन कर खरीदार–विक्रेता का विवरण भरना होगा, ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा और दस्तावेज अपलोड करने होंगे। क्लर्क और सीआरओ जांच के बाद फाइल को स्वीकृत करेंगे। ऑनलाइन स्टांप ड्यूटी के बाद फोटो के लिए तिथि तय होगी और निर्धारित समय पर तहसील कार्यालय जाकर प्रक्रिया पूरी होगी। नागरिक को पीडीएफ रजिस्ट्री उपलब्ध होगी और दफ्तर से एक प्रिंट भी मिलेगा। नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ ने कहा कि नई प्रणाली से चक्कर कम होंगे और पारदर्शिता बढ़ेगी, हालांकि डिजिटल लिटरेसी बढ़ाने की जरूरत है। जींद में पायलट प्रोजेक्ट के तहत पिल्लूखेड़ा में पहले दिन 15 रजिस्ट्री हुईं। पूरे जिले में अच्छा रिस्पॉन्स मिला। दस्तावेज सत्यापन के बाद नागरिकों को 5 दिन के भीतर तय समय पर फोटो कराने आना होगा। लैंड रिकॉर्ड प्रोग्रामर राजेश गौतम ने कहा कि इससे कर्मचारियों पर असर नहीं पड़ेगा, लेकिन भविष्य में स्टाफ बढ़ाने की जरूरत नहीं होगी। सरकार ने पुराने स्टांप पेपर वालों को 15 नवंबर तक ऑफलाइन रजिस्ट्री की अनुमति दी है, वरना स्टांप वापस करने होंगे और प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। वसीका नवीसों ने कहा कि ऑनलाइन प्रक्रिया में समय अधिक लग रहा है और इसे केंद्रीकृत किया जाए ताकि भ्रष्टाचार पर रोक मजबूत हो। कुछ प्रॉपर्टी सलाहकारों ने प्रणाली को जटिल बताया और जागरूकता की मांग की, जबकि कई लोगों ने इसे जनता के हित में कदम बताया।

### गुरुनानक देव का 556वां प्रकाशोत्सव मनाया जायेगा



**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** गुरुद्वारा श्री सिंह सभा कुरुक्षेत्र रोड पिहोवा में गुरुनानक देव का 556वां प्रकाशोत्सव मनाया जायेगा। जिसके उपलक्ष्य में प्रभातफेरिया निकाली जा रही हैं। टैगोर स्कूल के एमडी कीमती लाल वत्ता के प्रयास से व रितु गर्ग कोऑर्डिनेटर फाउंडेशन विंग के नेतृत्व में 300 स्कूली बच्चों के जत्थे ने गुरुद्वारा श्री सिंह सभा में पहुंचकर अवलोकन किया व नतमस्तक हुए। गुरुद्वारा साहिब में सर्वजीत सिंह घडाम, बलराम सिंह गुरमत प्रचार प्रसार जत्थे द्वारा स्लाइड के माध्यम से बच्चों को सिख धर्म के इतिहास बारे जानकारी दी और अपने विचार प्रकट किए। नन्हे नन्हे बच्चों ने सिख इतिहास और बाणी बारे सुनाया।बच्चों ने सुबह से रात तक किए जाने वाले धार्मिक कार्यों सहित समाज सेवा गुरु सेवा बारे भी बताकर सभी को हैरान कर दिया।प्रेस प्रवक्ता रणजोत सिंह बाजवा, जोगिंद्र सिंह बेदी ने बच्चो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।सभी का पहुंचने पर धन्यवाद किया। इस मौके पर अवतार सिंह,रघबीर सिंह,सतनारायण जिंदल,त्रिलोक सिंह,सतविंदर कौर,अनूप कौर,मनजीत कौर व सुखवंत सिंह सहित गुरुद्वारा साहिब की कमेटी के सभी सदस्यगण मौजूद थे।

## जनसमस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए प्रशासन सक्रिय: एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार



**नारायणगढ़, 3 नवंबर।** उपमण्डल स्तर पर नारायणगढ़ में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के विभिन्न गांवों और शहर के लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिन्हें एसडीएम शिवजीत भारती ने गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। एसडीएम शिवजीत भारती ने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का समाधान घर के नजदीक उपलब्ध कराना है। समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की शिकायतों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित किया जा रहा है।

शिविर के दौरान नारायणगढ़ के वार्ड नंबर 2 के मुन्ना लाल ने राशन न मिलने की समस्या रखी। गांव डेरा की कमला ने अपने परिवार पहचान पत्र में आय अधिक दिखाए जाने की समस्या रखी। बड़ा गांव के गोल्डी ने बी.पी.एल. कार्ड कटने, वहीं रुलदी देवी (बड़ा गांव) ने वृद्धावस्था पेंशन लगवाने की मांग की।

इसी प्रकार नरेश कुमार (नजदीक वीटा मिल्क प्लांट, नारायणगढ़) ने परिवार पहचान पत्र में सदस्यों के नाम कटवाने एवं जुड़वाने की समस्या रखी।

गांव भरेड़ी खुर्द के दिनेश कुमार तथा भरेड़ी कलां के सूरज भान ने शिकायत की कि उनकी फैमिली आईडी में किसी अन्य व्यक्ति के बिजली कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं।

गांव कुराली के नत्थू खान ने बी.पी.एल. राशन कार्ड कटने, नवीन कालोनी नारायणगढ़ के महिपाल सिंह तथा हुसैनी की ममता रानी ने परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, तथा गांव कुराली के कंवर पाल ने परिवार पहचान पत्र में पता सही करवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए।

एसडीएम शिवजीत भारती ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की शिकायतों का निपटारा समयबद्ध तरीके से और पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविरों से प्रशासन और जनता के बीच की दूरी कम होती है तथा सरकार की योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इस ओर सम्बंधित विभागों के अधिकारी/कर्मचारी विशेष तौर पर ध्यान दें।

## गाय के लिए पहली रोटी के साथ सोच भी पहले रखें

### पाइट में गोरक्षा के लिए पैनल डिस्क्शन, महेंद्र कंसल व स्वामी दयानंद ने किया प्रेरित

अर्थ प्रकाश/मनदीप कुमार




**समालखा, 3 नवंबर।** गाय के लिए हमारी संस्कृति में पहली रोटी निकालने की परंपरा है। इसके साथ ही अपनी सोच को भी गाय के लिए पहले ही रखें। गाय हमारी संस्कृति का आधार है। यह बात सेवा से अनुसंधान, अनुसंधन से समृद्धि विषय पर आयोजित पैनल डिस्क्शन में कही गई। पाइट कॉलेज में कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट ने यह प्रेरित पहल की। गो सेवा गतिविधि के प्रांत संयोजक महेंद्र कंसल एवं मुरथल से पधारे राष्ट्र संत स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने गाय का महत्व बताया।

पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने कहा कि कामधेनु अनुसंधान ट्रस्ट के माध्यम से स्टार्टअप शुरू करने की योजना है। छात्र-छात्राएं एवं ट्रस्ट के सदस्य आसपास की गोशालाओं के लिए काम करेंगे।

महेंद्र कंसल ने कहा कि गाय हमारी पूजनीय है। हम गाय को माता का दर्जा देते हैं। जब तक हमारी सोच में बदलाव नहीं होगा, तब तक हम गोसुरक्षा नहीं कर पाएंगे। गोशालाओं को भी आर्थिक रूप से विकसित करना होगा। स्वामी दयानंद सरस्वती महाराज ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सेवा भारती के प्रांत अध्यक्ष डॉ.यशदेव त्यागी, पानीपत सीए ब्रांच के पूर्व चेयरमैन जगदीश धमीजा, राजकीय स्कूल के प्रिंसिपल जयदीप, मुकेश कुमार, देवेंद्र दत्ता, अजय गर्ग, एप्लाइड साइंस विभाग की अध्यक्ष डॉ.विनय खत्री, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ.रोहित गर्ग, फार्मेसी विभाग से प्रिंसिपल डॉ.गौरव, कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग के अध्यक्ष डॉ.दिनेश वर्मा भी मौजूद रहे।

## एसपी भूपेंद्र सिंह ने पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली, अनुशासन व सेवा भाव पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन



**पानीपत, 3 नवंबर।** पुलिस लाइन पानीपत में सोमवार को साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस ने परेड की सलामी ली और परेड का गहन निरीक्षण किया। परेड के दौरान एसपी ने जवानों की ड्रिल, अनुशासन, ड्रेस कोड और तालमेल की गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि परेड पुलिस बल में एकजुटता, सटीकता और अनुशासन बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम है, इसलिए हर पुलिसकर्मी को पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ प्रशिक्षण में भाग लेना चाहिए।

परेड के उपरांत एसपी ने डायल-112 (ईआरवी) सहित अन्य पुलिस वाहनों का निरीक्षण किया। वाहनों की साफ-सफाई, वायरलेस सेट, जीपीएस ट्रैकर, टैब/मोबाइल और अन्य आपातकालीन उपकरणों की स्थिति का परीक्षण किया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी ईआरवी कर्मी त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करें, संचार उपकरण हमेशा सक्रिय स्थिति में रहें और वाहनों की नियमित सर्विसिंग व रख-रखाव किया जाए।

एसपी भूपेंद्र सिंह ने पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की वर्दी सम्मान, जिम्मेदारी और कर्तव्य का प्रतीक है। हर पुलिसकर्मी का दायित्व जनता के प्रति संवेदनशील, संयमित और उत्तरदायी होना है। उन्होंने समयपालन को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि ड्यूटी पर समय से पहुंचना, जनता से शालीनता से संवाद करना और सेवा भाव के साथ कार्य करना पुलिस की गरिमा का आधार है।

उन्होंने यह भी कहा कि शारीरिक फिटनेस और मानसिक संतुलन पुलिस कार्यप्रणाली के लिए अनिवार्य हैं। नियमित व्यायाम और सकारात्मक सोच अपनाकर ही पुलिस कर्मचारी अपनी ड्यूटी दक्षता से निभा सकते हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होगा और जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई होगी।

## आर्य कॉलेज में 6 से 8 नवंबर तक इंटर-जोनल युवा महोत्सव, 2000 विद्यार्थी भाग लेंगे

**पानीपत (अप्रस)।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार आर्य पीजी कॉलेज, पानीपत में 6 से 8 नवंबर तक 46वां इंटर-जोनल युवा महोत्सव आयोजित होगा। कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ. जगदीश गुप्ता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि महोत्सव में करनाल, कुरुक्षेत्र, यमुनानगर, अंबाला ज़ोन और यूटीडी कुरुक्षेत्र के 300 कॉलेजों से करीब 2000 विद्यार्थी भाग लेंगे तथा कुल 40 विधाओं में प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव के पहले दिन हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार मुख्य अतिथि होंगे, जबकि समापन समारोह में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा शिरकत करेंगे। युवक एवं सांस्कृतिक विभाग निदेशक डॉ. रामनिवास ने कहा कि आर्य कॉलेज गत 20 वर्षों से ज़ोनल और पिछले 9 वर्षों से इंटर-जोनल युवा महोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त करता आ रहा है।

## डीएवी विद्यालय में सत्यार्थ प्रकाश समुल्लास विवेचन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन


अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 3 नवंबर।** डीएवी पब्लिक (सी.सै.) विद्यालय , नारायणगढ़ में सत्यार्थ प्रकाश समुल्लास विवेचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि आर्य समाज अम्बाला के प्रधान श्री जे एस नैन जी विशेष रूप से आमंत्रित रहे । मुख्य अतिथि व अन्य विशिष्ट अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य डॉ.आर पी राठी ने पुष्प पात्र भेंट करके और ओम् का पटका पहनाकर किया ।दीप प्रज्ज्वलन एवं गायत्री मंत्र के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया।।प्रतिभागियों को जूनियर और सीनियर दो वर्गों में विभाजित किया ।निर्णायक मंडल की भूमिका श्रीचंद्र पाल शास्त्री जी और रामेश्वर दास शास्त्री जी ने निभाई ।निर्णायक मंडल ने सभी स्कूलों के प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों से अवगत करवाया। मुख्य अतिथि एवं सभी विशिष्ट अतिथियों ने सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ दी ।प्रतियोगिता में अंबाला,कैथल ,बराड़ा और नारायणगढ़ व यमुनानगर के विद्यालयों ने भाग लिया ।प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में पुलिस डीएवी का छात्र भरत प्रथम , सोहन लाल डीएवी स्कूल की रूचि द्वितीय और केपीएके महाविद्यालय अंबाला सिटी की पलक तृतीय स्थान पर रहीं ।इसी प्रकार सीनियर वर्ग में ईशविन्द्र कौर सोहनलाल डीएवी स्कूल अम्बाला प्रथम , पारूल ओ.एस. डीएवी कैथल द्वितीय,और शूचिता पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल अंबाला तृतीय स्थान पर रहीं ।प्रधानाचार्य ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दीं और स्वामी दयानंद जी की विचारधारा को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया । मुख्य अतिथि श्री नैन जी ने आर्यसमाज के संस्थापक स्वामी दयानंद जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा रचित अमर ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश के विषय में बच्चों को बताया ।

## प्रथम विश्व युद्ध की गवाह रही क्षेत्र के सबसे अधिक उम्र की महिला भूरी का निधन

1935 में निकाह हुआ था भूरी देवी का

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द्र जैन



**करनाल, 3 नवंबर।** इस क्षेत्र की सबसे अधिक उम्र की बुजुर्ग महिला श्रीमती भूरी का आज निधन हो गया। उन्होंने पहला विश्व युद्ध के बाद का समय देखा था। उन्होंने देश का बंटवारा भी देखा था। वंटवारे के समय उनका परिवार पाकिस्तान नहीं गया क्यों कि उन्हें अपने वतन से प्यार था। श्रीमती भूरी का निधन झिंझाना में हुआ। सबसे बडी उम्र की महिला का 111 साल में दुनियां को अलविदा कहा कर हुई दुनियां से अलविदा हो गई। भूरी नामक महिला जो मूल रूप से झिंझाना की बेटी हुआ करती थी जिनकी निकाह 1935 में जिला सहारनपुर के कस्बा गंगाहों में हुई थी जिससे दो बेटे और पांच बिटिया हुई। उनकी एक बेटी एक बेटी वरिष्ठ पत्रकार खुर्शीद आलम के यहां भी काफी समय से अपने दामाद और बेटी के यहां रहने के लिऐ आई हुई थी। थी । उनके दमाद दामाद खुर्शीद आलम की सेवा भाव से इतनी प्राभावित हुई की उसके बाद कभी भी वापस लौट कर अपने परिवार में नही गई आज जैसे ही भूरी 111 वर्षीय महिला के निधन की खबर कस्बे में फैली तो कस्बे के राजनीतिक समाजाजिक संगठनों के लोगो की भीड खुर्शीद आलम के निवास स्थान की और बडने लगी इसी बीच राष्ट्रीय संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने फोन पर अपनी और से संवेदना व्यक्त की शामली मेरठ जाते हुए रूक कर भी दुख प्रकट किया रवीन कुमार प्रिंसिपल आर आर एस इंटर कॉलेज, राहुल देव गुप्ता भाजपा जिला सचिव, डाक्टर सतीश कुमार पूर्व मंडल अध्यक्ष, सचिन जैन जिला अध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा, विकास शर्मा वरिष्ठ समाज सेवी, मूलचंद मित्तल वायपरी नेता, अजय बंसल भाजपा वरिष्ठ नेता सहित सैकड़ें लोगों की भीड़ अनके निवास पर पहूंच ने लगी जीस समय घर से जनाजा उठाया गया हिन्दू मुस्लिम समाज के लोगों की भीड खुर्शीद आलम की मदर इन ला (सास) के पीछे पीछे चल रही थी झिंझाना वर्तमान चेयरमैन सुरेश पाल कश्यप, पुर्व चेयरमैन नौशाद ठेकेदार , शामली नगर पालिका परिषद के चेयरमैन अरविन्द संगल, पूर्व प्रधान शायमली शामला उग्र सिंह चौहान, पूर्व चेयरमैन राकेश कुमार गोयल , भाजपा व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद कुमार संगल, लखनऊ जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डाक्टर अजमत उल्ला खान, बाबर हुसैन अल्वी कद्दूसी स्केट्री दरगाहइमाम साहब,शान मिया चेयर मैन प्रतियासी, करनाल से वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र जैन, रमेश सैनी वरिष्ठ पत्रकार राजानीतिक, अमित कुमार शर्मा ने शोक व्यक्त किया।

## बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंजी कर्ण नगरी

### गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन, गतका पार्टी के हैरतअंगेज कारनामा देख लोगों ने दबाई दांतों तले अंगुली

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



**करनाल, 3 नवंबर।** अदि गुरू जगत गुरु श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर आज नगर कीर्तन निकला। समूची कर्ण नगरी बोले सो निहाल सत श्री अकाल के उद्घोष से गूंज उठी। मिटी धुंध जग चानन होया। देश और समाज में अंधकार रूपी अज्ञान छटने लगा जब गुरु नानक देव जी प्रकट हुए। गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व से दो दिन पहले गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में नगरकीर्तन निक ला। पहली अरदास डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में सुबह हुई। उसके बाद नगरकीर्तन निकला। उसके बाद पहली पातशाही गुरुद्वारा मंजी साहेब से नगरकीर्तन को पूर्णता प्रदान की गई। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया। पालकी साहेब में गुरुग्रंथ साहेब लोगों की आस्था का केद्र बने हुए थे। आगे पंच प्यारे सिख धर्म की परंपरा को आगे बढ़ा रहे थे। नगरकीर्त्न में महिलाएं गुरुग्रंथ साहेब के रास्ते में पुष्प अर्पित करते चल रही थीं। आगे मार्ग साफ किया जा रहा था। लोगों के जति शबद गायन करते चल रहे थे। नगरकीर्तन में इसके अलावा सिख पंथ के विद्वतजनों भी सम्मनित किया गया। नगरकीर्तन में गुरु की अरदास के लिए करनाल के विधायक जगमोहन आनंद उपस्थित रहे। उन्होंने गुरु के आगे प्रार्थना की। गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिंदर सिंह, महासचिव जतथेदार इंद्रपाल सिंह, गुलाब सिंह मूनक रतन सिंह, महासचिव हरप्रीत सिंह नरूला, ज्ञानी सूबा सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरपाल सिंह डोनी, हरमीत सिंह हैप्पी ,एपीएस चौपडा अमन मिड्ढा,राघव मिड्ढा,राजेंद्र ने भाग लिया। नगर कीर्तन में अखाड़े के सदस्यों द्वारा गतका का प्रदर्शन किया। सुबह गुरुद्वारा डेरा कारसेवा से शुरू होकर नगरकीर्तन गुरुद्वारा मंजी साहेब, पातशाही पहली से शुरू होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, दावत होटल, अस्पताल चौक, कुजंपुरा रोड, सब्जी मंडी से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कारसेवा पर जाकर संपन्न हुआ। नगरकीर्तन में गुरु साहेब की पालकी आस्था का केंद्र रही। इसमें दशमेश अखाड़ा, तथा बीर खालसा दल गतका पार्टी के सदस्यों ने जोहर दिखाए। नगरकीर्तन का जगह जगह स्वागत किया गया। जगह जगह लंगर प्रसाद के स्टाल लगाए गए। अस्पताल चौक, सब्जी मंडी चौक, कुंजपुरा रोड, अस्पताल लैन में गुरुनानक अस्पताल के सामने सहित तमाम स्थानों पर स्टाल लगाए गए। यहां लगर प्रसाद बितरित किया गया।

### प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में 05 को होगा गुरमति समागम

गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि पांच नवंवर को गुरुद्वारा डेरा कारसेवा में सुबह नौ बजे से गुरमति समागम होगा। यहां पर गुरु का दीवान सजाया जाएगा। रागी ढडी जत्थे तथा अन्य गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। इस अवसर पर अटूट लंगर बरता जाएगा। गुरमति समागम में भाई हरपाल सिंह हजुरी रागी जत्था श्री दरबार साहिब, अमृतसर, भाई गुरप्रीत सिंह पौंटा साहिब, ढाडी जत्था भाई जसबीर सिंह, कीर्तन भाई गुलाब सिंह, गरुद्वारा मंजी साहिब पहली पातशाही के हैड ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह, कीर्तनी भाई गुरमेज सिंह, भाई गुरुसेवक सिंह हजूरी रागी गुरुद्वारा माडल टाउन, गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि गुरुपर्व को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने सभी संगतों से इन कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की हैं।गुरपाल सिंह डोनी, हरप्रीत सिंह नरूला, हरमीत सिंह हैप्पी, तेजेंद्र सिंह डिम्पी,अमन मिड्ढा, राजा मिड्ढा,सर्वजीत सिंह ने सभी साध संगतों से इन कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

# पुष्कर मेला : लोक संस्कृति, आस्था और ऐतिहासिक परंपरा का अनूठा संगम

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

राजस्थान में अजमेर से लगभग 11 कि.मी. दूर हिन्दुओं का प्रसिद्ध तीर्थ स्थल पुष्कर है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा को मेला लगता है जिसमें बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक आते हैं। यहां पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी होता है जो इस मेले की शोभा को और बड़ा देते हैं। पुष्कर मेला कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा तक लगता है। मेलों के रंग राजस्थान में देखते ही बनते हैं। ये मेले मरुस्थल के गांवों के कठोर जीवन में एक नवीन उत्साह भर देते हैं। लोग रंग-बिरंगे परिधानों में सज-धजकर जगह-जगह पर नृत्य गान आदि समारोहों में भाग लेते हैं। यहां पर काफी मात्रा में भीड़ देखने को मिलती है। लोग इस मेले को श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक मानते हैं।




पुष्कर मेला थार मरुस्थल का एक लोकप्रिय व रंगों से भरा मेला है। पुष्कर झील भारतवर्ष में पवित्रतम स्थानों में से एक है। प्राचीनकाल से लोग यहां पर प्रतिवर्ष कार्तिक मास में एकत्रित हो भगवान ब्रह्मा की पूजा उपासना करते हैं। पुष्कर मेले को खास माना जाता है क्योंकि यह धार्मिक, सांस्कृतिक और व्यापारिक महत्व का एक अनूठा संगम है। पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊँट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊँट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती हैं। धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊँट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं। जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।

पुष्कर मेले की मुख्य विशेषताओं में दुनिया का सबसे बड़ा ऊँट और पशुधन मेला होना, जिसमें ऊँट, घोड़े, और अन्य मवेशियों की खरीद-बिक्री होती है, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व के साथ-साथ विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का मिश्रण शामिल है। इसमें सांस्कृतिक प्रदर्शन, पारंपरिक खेल जैसे कुश्ती और कबड्डी, और ऊँट व घोड़ों के लिए सजगता प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं। इसके अलावा, मेले में हस्तशिल्प बाजार और पवित्र पुष्कर झील के किनारे धार्मिक अनुष्ठान भी होते हैं, जो इसे एक बहुआयामी उत्सव बनाते हैं।

राजस्थान में त्यौहारों, पर्वो एवं मेलों की अनूठी परम्परा एवं संस्कृति है वैसी देश में अन्यत्र कहीं मिलना कठिन है। यहां का प्रत्येक मेला एवं त्यौहार लोक जीवन की किसी किवदन्ती या किसी ऐतिहासिक कथानक से जुड़ा हुआ है। इसलिए इनके आयोजन में सम्पूर्ण लोक जीवन पूरी सक्रियता से भाग लेता है। इन मेलों में राजस्थान की लोक संस्कृति जीवन्त हो उठती है। इन मेलों के अपने गीत हैं, जिनके प्रति जन साधारण की गहरी आस्था दृष्टिगोचर होती है। इससे लोग एकता के सूत्र में बंधें रहते हैं। राजस्थान में अधिकांश मेले पर्व व त्यौहार के साथ जुड़े हुए हैं।

मेलों का महत्व देवताओं एवं देवियों की आराधना को लेकर भी है क्योंकि देर्वाचन से मानव को शान्ति प्राप्त होती है। वैसे तो राजस्थान के विभिन्न भागों में बहुत बड़ी संख्या में मेले आयोजित किए जाते हैं, परन्तु कुछ गिने-चुने



मेलों का अपना ही महत्व होता है। यहां के धार्मिक मेलों में सम्बंधित धर्म अनुयायियों के अतिरिक्त अन्य धर्म के लोग एवं अन्य जाति के लोग भी खुलकर भाग लेते हैं।

मेला स्थल से परे पुष्कर नगरी का माहौल एक तीर्थनगरी सरीखा होता है। कार्तिक में स्नान का महत्व हिंदू मान्यताओं में वैसे भी काफी ज्यादा है। इसलिए यहां साधु भी बडी संख्या में नजर आते हैं। मेले के शुरुआती दिन जहां पशुओं की खरीद-फरोख्त पर जोर रहता है। वहीं बाद के दिनों में पूर्णिमा पास आते-आते धार्मिक गतिविधियों का जोर हो जाता है। श्रद्धालुओं के सरोवर में स्नान करने का सिलसिला भी पूर्णिमा को अपने चरम पर होता है।

पुष्कर मेले के दौरान इस नगरी में आस्था और उल्लास का अनोखा संगम देखा जाता है। पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है और पुष्कर मेला राजस्थान का सबसे बड़ा मेला माना जाता है। पुष्कर मेले की प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से ही लगाया जा सकता है कि ऐतिहासिक धरोहरों के रूप में ताजमहल का जो दर्जा विदेशी सैलानियों की नजर में है। ठीक वही महत्व त्यौहारों से जुडे पारम्परिक मेलों में पुष्कर मेले का है।

पुष्कर को इस क्षेत्र में तीर्थराज कहा जाता है। क्योंकि यहां समूचे ब्रह्मांड के रचयिता माने जाने वाले ब्रह्मा जी का निवास है। पुष्कर के महत्व का वर्णन पद्मपुराण में मिलता है। इसके अनुसार एक समय ब्रह्मा जी को यज्ञ करना था। उसके लिए उपयुक्त स्थान का चयन करने के लिए उन्होंने धरा पर अपने हाथ से एक कमल पुष्प गिराया। वह पुष्प अरावली पहाडियों के मध्य गिरा और लुढकते हुए दो स्थानों को स्पर्श करने के बाद तीसरे स्थान पर ठहर गया। जिन तीन स्थानों को पुष्प ने धरा को स्पर्श किया वहां जलधारा फूट पडी और पवित्र सरोवर बन गए। सरोवरों की रचना एक पुष्प से हुई इसलिए इन्हें पुष्कर कहा गया। प्रथम सरोवर कनिष्ठ पुष्कर, द्वितीय सरोवर मध्यम पुष्कर कहलाया। जहां पुष्प ने विराम लिया वहां एक सरोवर बना, जिसे ज्येष्ठ पुष्कर कहा गया। ज्येष्ठ पुष्कर ही आज पुष्कर के नाम से विख्यात है। पुष्कर में लगभग चार सौ मंदिर है। इसीलिए इसे मंदिर नगरी भी कहा जाता है।

महाभारत में पुष्कर राज के बारे में लिखा है कि तीनों लोकों में मृत्यु लोक महान है और मृत्यु लोक में देवताओं का सर्वाधिक प्रिय स्थान पुष्कर है। चारों धामों की यात्रा करके भी यदि कोई व्यक्ति पुष्कर सरोवर में डुबकी नहीं लगाता है तो उसके सारे पुण्य निष्फल हो जाते हैं। यही कारण है कि तीर्थ यात्री चारो धामों की यात्रा के बाद पुष्कर की यात्रा जरूर करते हैं। तीर्थ राज पुष्कर को पृथ्वी का तीसरा नेत्र भी माना जाता है। पुष्कर नगरी में विश्व का एकमात्र ब्रह्मा मंदिर है तो दूसरी तरफ दक्षिण स्थापत्य शैली पर आधारित रामानुज संप्रदाय का विशाल वैकुंठ मंदिर। इनके अलावा सावित्री मंदिर, वराह मंदिर के अलावा अन्य कई मंदिर हैं। पास में ही एक छोटे से मन्दिर में नारद जी की मूर्ति। एक मन्दिर में हाथी पर बैठे कुबेर तथा नारद की मूर्तियां हैं।

ब्रह्मवैवर्त पुराण में उल्लिखित है कि अपने मानस पुत्र नारद द्वारा सृष्टिकर्म करने से इन्कार किए जाने पर ब्रह्मा ने उन्हें शाप दे दिया कि तुमने मेरी आज्ञा की अवहेलना की है। अतः मेरे शाप से तुम्हारा ज्ञान नष्ट हो जाएगा और तुम गन्धर्व योनि को प्राप्त करके कामिनियों के वशीभूत हो जाओगे। तब नारद ने भी दुःखी पिता ब्रह्मा को शाप दिया कि आपने बिना किसी कारण मुझे शाप दिया है। अतः मैं भी आपको शाप देता हूं कि तीन लोक में आपकी पूजा नहीं होगी और आपके मंत्र, श्लोक कवच आदि का लोप हो जाएगा। तभी से ब्रह्मा जी की पूजा नहीं होती है। मात्र पुष्कर क्षेत्र में ही वर्ष में एक बार उनकी पूजा-अर्चना होती है।

कई आस्थावान लोग पुष्कर परिक्रमा भी करते हैं। सुबह और शाम के समय यहां आरती होती है। वह दृश्य अत्यंत मनोहारी होता है। इतनी विशेषताओं के कारण पुष्कर को तीर्थराज कहने के अलावा देश का पांचवां धाम भी कहा जाता है। पुष्कर सरोवर में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान का बडा महत्व माना गया है। क्योंकि कार्तिक पूर्णिमा पर ही ब्रह्मा जी का वैदिक यज्ञ संपन्न हुआ था। तब यहां सम्पूर्ण देवी-देवता एकत्र हुए थे। उस पावन अवसर पर पर्व स्नान की परम्परा सदियों से चली आ रही है। जिस प्रकार प्रयाग को तीर्थराज कहा जाता है उसी प्रकार से इस तीर्थ को पुष्करराज कहा जाता है।

हिन्दुओं के लिए पुष्कर एक पवित्र तीर्थ व महान पवित्र स्थल है। वर्तमान समय में इसकी देख-रेख की व्यवस्था सरकार ने सम्भाल रखी है। अतः तीर्थस्थल की स्वच्छता बनाए रखने में भी काफी मदद मिली है। यात्रियों की आवास व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाता है। यहां आने वाला हर तीर्थयात्री यहां की पवित्रता और सौंदर्य की मन में याद संजो कर ही लौटता है।

**-रमेश सर्राफ धमोरा**
**(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार है।)**

**बुड़ैल जेल में मनीषी संत विनय कुमार आलोक बोले –**

# कैदियों को भी बनाया जा सकता है अच्छा इंसान, स्वतंत्रता से बढ़कर कुछ नहीं

चंडीगढ। सेंट्रल जेल में एक से बढ़कर एक खूंखार और चर्चित अपराधी रहते हैं। सत्ता और धन का खेल बाहर की दुनिया में ही नहीं जेल के अंदर भी चलता है,मुझे आश्चर्य हुआ यह जानकर कि इस अघोषित बाजार में एक रुपए की माचिस सौ रुपए में आसानी से मिल जाती है, दबंग और कुख्यात अपराधियों को बीड़ी सिगरेट और शराब गांजा भी मिल जाता है,पैसे मन चाहे देने पर खाना और बिस्तर भी अलग से उपलब्ध करवाया जाता है। दिन भर काम ना करने के एवज में भी अच्छी खासी वसूली की जाती है अनुमान से कह सकता हूं कि दिन भर में कम से कम पचास हजार रूपए का हेर फेर हो जाता है। हर आदमी कहीं ना कहीं से सिर्फ फायदा उठाना चाहता है,पैसे ना होने पर जेल नरक से कम नहीं।अनेक कमजोर और लाचार रेंगते हुए अपनी सजा को भुगत रहे थे और यही जेल के नरक का एक दूसरा पहलू भी था। जैसे यहां बाहर की दुनिया में कुछ दब्बू लोगो को और ज्यादा दबाया जाता है ऐसी ही प्रकृति के लोग वहां भी रहते हैं जो लोगों को दबाते हैं और उनका शोषण



करते हैं। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनयकुमारजीआलोक ने सैक्टर-45 की बुडैल जेल मे आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे।

मनीषीसंत ने आगे कहा कुछ कैदी जेल में रहते हुए अपने जीवन को सुधारने का प्रयास करते हैं, जैसे धार्मिक आस्थाओं में लिप्त होना, ध्यान करना, या खुद को शिक्षित करना। वहीं कुछ कैदी अनुशासनहीन होते हैं और जेल में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। जेल की जिंदगी मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण होती है। कैदियों को अकेलापन, चिंता, और मानसिक तनाव का सामना करना पड़ता है, विशेष रूप से लंबी सजा भुगतने वालों के लिए। जेल में स्वास्थ्य सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं, लेकिन कई बार ये सुविधाएं अपर्याप्त होती हैं। कैदियों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए डॉक्टर और अन्य मेडिकल स्टाफ होते हैं।

कार्यक्रम में मुनि अतुल कुमार जी, उप अधीक्षक जेल प्रमोद खत्री और परवीन कुमार के अलावा कासिद अशोक मंडल, सुरेंद्र इत्यादि ने कार्यक्रम मे शिकरत की। इसके अलावा तीन जिनमे साहिल पिता पाल सिंह, वारिस अली पिता मोठ निजामुद्दीन, हरविन्दर सिंह पिता सरदार सिंह कैदी ने मुनिश्री के प्रवचनो से प्रभावित होकर बुरे कार्य न करने की शपथ ली।


# हमारी असल पहचान आत्मा के रूप में है

घड़ियां-लम्हें-पल जिसको हम समय कहते हैं, यह तो अपनी रफ्तार से चलता चला जाता है लेकिन उन्हीं घड़ियों, उन्ही लम्हों को मुबारक बनाया जा सकता है जिन्हें हम अपने हृदय के भक्ति वाले भाव बना लेते हैं। जब हमारे हृदय में समर्पण भाव आ जाता है, जब हम इस प्रभु के एहसास में डूब जाते हैं तब वो घड़ियां, वो लम्हें, वो पल-क्षण जो बीतते हैं वो सुन्दर होते हैं।

जब इस नई सदी का आगमन हुआ, जब सन 2000 में हमने प्रवेश किया तो उस वक्त एक नारा मिशन के मंच से दिया गया-

युग सुन्दर सदियां सुन्दर, हर पल सुन्दर, गर मानव जीवन हो सुंदर।

युगों, सदियां, पलों-लम्हों की सुन्दरता तब होगी जब मानव जीवन सुन्दर होगा। जिन भावनाओं का जिक्र हो रहा है वो भावनाएं हृदय में घर कर जाती हैं तो जीवन सुन्दर बन जाता है यानि कि युगों-घड़ियों-लम्हों की सुन्दरता मन की सुन्दरता के कारण है। मन की सुन्दरता ही हमें असल में इन्सनी रुप प्रदान करती ह और दूषित भाव ही हैं जो हमें इन्सानी जामे में होते हुए भी शैतानियत के रास्ते पर चलाते हैं। हैवानियत के रास्ते पर चलाने वाली



सद्‌गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

भी यह हमारी अंधकारमयी सोच होती है जिसके कारण हम इस मानवीय शरीर को कलंकित करते हैं, मानव जाति को कलंकित करते हैं।

यहां पर मन की सुंदरता की बात हो रही है जिसके कारण इन्सानी वजूद में होकर भी हम देवता का रुप बन जाते हैं और देवता का रुप ही नहीं हम परमात्मा का रुप बन जाते हैं। सदैव से गुरु-पीर-पैगम्बरों ने जो यह ढंग बताया है आत्म-रुप होने का, परम अस्तित्व का रुप बनने का यही एक मात्र ढंग है, इसीलिए आज आप सभी इन्हीं भावनाओं को और सदृढ़ करने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भाषायें, पहरावे, संस्कृतियां ये हमारे बाहरी लिबास हैं। हमारी शक्लें-सूरतें हमारी मूल नहीं हैं, संस्कृतियां ओर बाकी सारी चीजें बाद में जुड़ी हैं।

## पंचांग

मंगलवार, 4 नवम्बर, 2025, सूर्योदयः 06:35 ए एम, सूर्यास्तः 05:34 पी एम, चन्द्रोदयः 04:30 पी एम, चन्द्रास्तः 06:08 ए एम, नवम्बर 05, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः कार्तिक, पूर्णिमान्त महीनाः कार्तिक, वारः मंगलवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः चतुर्दशी - 10:36 पी एम तक, नक्षत्रः रेवती - 12:34 पी एम तक, योगः वज्र - 03:43 पी एम तक, करणः गर - 12:23 पी एम तक, द्वितीय करणः वणिज - 10:36 पी एम तक, सूर्य राशिः तुला, चन्द्र राशिः मीन - 12:34 पी एम तक, राहुकालः 02:49 पी एम से 04:11 पी एम, गुलिक कालः 12:04 पी एम से 01:27 पी एम, यमगण्डः 09:20 ए एम से 10:42 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:43 ए एम से 12:26 पी एम, दुर्मुहूर्तः 08:47 ए एम से 09:31 ए एम, दुर्मुहूर्तः 10:47 पी एम से 11:39 पी एम, अमृत कालः 10:25 ए एम से 11:51 ए एम, अमृत कालः 03:20 ए एम, नवम्बर 05 से 04:45 ए एम, नवम्बर 05, वर्ज्यः 06:09 ए एम, नवम्बर 05 से 07:33 ए एम, नवम्बर 05

## भविष्य फल



**मेषः** नफरत की भावना महंगी पड़ सकती है। यह न केवल आपकी सहन-शक्ति घटाती है, बल्कि आपके विवेक को भी भंग लगा देती है और रिश्तों में हमेशा के लिए दरार डाल देती है।

**वृषः** आज आपका दिन आपका उत्साह से भरा रहेगा। किसी नए रिश्ते की शुरुआत करने का मौका मिलने की संभावना है।

**मिथुनः** आज वाणी पर संयम रखना अतिआवश्यक है। यह दिन छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है।

**कर्कः** आज आप अच्छा पैसा कमाएंगे- लेकिन खर्च में इजाफा आपके लिए बचत को और ज्यादा मुश्किल बना देगा।

**सिंहः** आज आपका मन लेखन कार्यों में रहेगा। पैसों के लेन-देन के मामले में सावधानी बरते, हो सकता है आपका थोड़ा नुकसान हो।

**कन्याः** आज आपका यात्रा करने के लिए अच्छा दिन है। प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद न करें।

**तुलाः** बैंक से जुड़े लेन-देन में काफी सावधानी बरतने की जरूरत है। घर वालों के साथ मिलकर कुछ अलग और रोमांचक किया जाना चाहिए।

**वृश्चिकः** आज घरेलू चीजों को खरीदने पर आपके अधिक पैसे खर्च हो सकते है। आज आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे।

**धनुः** आज यात्राओं से व्यावसायिक संबंधों में सुधार होगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आय में व्यवधान आ सकते हैं।

**मकरः** अचानक यात्रा करना थकावट भरा साबित होगा। यात्रा आपको थकान और तनाव देगी- लेकिन आर्थिक तौर पर फायदेमंद साबित होगी।

**कुंभः** आपके पारिवारिक जीवन में उत्साह का माहौल रहेगा। आज आपको अपनी प्रतिभाओं के लिए पुरुस्कार मिल सकता है।

**मीनः** आज आपकी आर्थिक स्थिति पहले बेहतर होगी। आपको मित्रों, सम्बंधियो से लाभ होगा। आज आप थोड़ा चिंतित हो सकते हैं।

# श्रमिक सुरक्षा एवं अधिकार अभियान के तहत लगाए जाएंगे जागरूकता शिवर: सचिव प्रचेता सिंह

नवंबर माह में श्रम विभाग के साथ मिलकर आयोजित किए जाएंगे जागरूकता कैंप

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव प्रचेता सिंह ने बताया कि राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार जिले में नवंबर माह में श्रम विभाग के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कैंपों का आयोजन किया जाएगा। जिसके माध्यम से मजदूरों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा।मुख्य दण्डाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि 04 नवंबर को कुंडली इंडस्ट्रीज एरिया कानूनी परामर्शदाता उदित, श्रम विभाग से हरविंदर सिंह संसाधन व्यक्ति व विकास सीएएससी एमडीडी ऑफ इंडिया एनजीओ द्वारा जागरूकता कैंप का आयोजन किया जाएगा। 6 नवंबर को मुरथल जीटी रोड एनएच 44 पर विक्रम सैनी कानूनी परामर्शदाता, हरविंदर संसाधन व विकास सीएएससी एमडीडी ऑफ़ इंडिया द्वारा जागरूकता कैंप लगाया जाएगा। 7 नवंबर को खरखौदा औद्योगिक क्षेत्र, 10 नवंबर को नाथूपुर इंडस्ट्रियल एरिया, 12 नवंबर को राई इंडस्ट्रियल एरिया में, 13 नवंबर को बड़ी इंडस्ट्रियल एरिया, 14 नवंबर को लेबर चौक नियर बस स्टैंड सोनीपत, 15 नवंबर को लेबर चौक नियर रेलवे



स्टेशन सोनीपत, 17 नवंबर को लेबर चौक आईटीआई चौक सोनीपत, 18 नवंबर को कुंडली इंडस्ट्रियल एरिया, 19 नवंबर मुरथल जीटी रोड, 20 नवंबर खरखोदा इंडस्ट्रियल एरिया, 21 नवंबर नाथूपुर इंडस्ट्रियल एरिया, 24 नवंबर राई इंडस्ट्रियल एरिया, 25 नवंबर बड़ी इंडस्ट्रियल एरिया, 26 नवंबर लेबर चौक नियर बस स्टैंड सोनीपत, 27 नवंबर लेबर चौक नियर रेलवे स्टेशन सोनीपत में मजदूरों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए श्रम विभाग व कानूनी परामर्शदाताओं द्वारा जागरूक किया जाएगाजिसका मुख्य उद्देश्य श्रमिक सुरक्षा अभियान बाल मजदूरी के प्रति, मौलिक अधिकारों के प्रति,मौलिक कर्तव्यों के प्रति, कार्यस्थल पर महिला यौन उत्पी?न, आम नागरिक को अधिकारों के प्रति जागरूक करना, सम्मान उसकी गरिमा, साइबर फ्रोड के प्रति जागरूक करने व शिक्षा का हक नई राह नई पहचान के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। अन्य किसी प्रकार की सहायता के लिए जिला एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण जिला न्यायालय परिसर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की हेल्पलाइन नंबर 0130- 2220057 या नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 से संपर्क किया जा सकता है।

# समाज सेवी ललित पंवार ने नगर कीर्तन का फूलमालाओं से किया स्वागत

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** युवा कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष व समाजसेवी ललित पंवार ने गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में शहरभर से निकाले गए नगर कीर्तन का सेक्टर-14 में पुष्पवर्षा व फूलमालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। इसके साथ ही उन्होंने गुरूनानक देव को नमन किया। ललित पंवार ने पवित्र गुरू ग्रंथ साहब और पालकी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

समाज सेवी ललित पंवार ने कहा कि गुरूनानक देव जी ने संदेश दिया है कि ईश्वर एक है, सदैव ईश्वर की उपासना करो। ईश्वर सब जगह और प्राणी मात्र में मौजूद है। ईश्वर की भक्ति करने वालों को किसी का भय नहीं रहता, ईश्वर सभी का निर्माणकर्ता है और वो खुद मनुष्य का रूप लेता है। नगर कीर्तन के दौरान संगत को प्रसाद वितरित किया गया। जो बोले सो निहाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। उन्होंने कहा कि गुरू नानक जी ने हमेशा प्रेम, एकता व भाईचारे का संदेश दिया। इसी



संदेश को जीवन में आत्मसार करते हुए पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार समाज सेवा करने में हमेशा अग्रणी रहते है। उन्होंने हमेशा ही सोनीपत को अपना परिवार समझकर सेवा की है। जिसको वह जीवनभर करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जी ने सत्य के रास्ते पर चलने की सीख दी। धर्म का मार्ग ही सत्य का मार्ग है। इसलिए सत्य के साथ धर्म के मार्ग पर चलकर समाज के विकास में योगदान दें। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने गुरूनानक देव के दिखाए मार्ग व आशीर्वाद से सोनीपत विधानसभा के प्रत्येक जन के सुख-दुख में हमेशा शामलि रहते है। इस दौरान कमल हसीजा, नरेश अरोड़ा, राजन खुराना, रवि हसीजा, ओमप्रकाश मुंजाल, जोगिंद्र खुराना, पंकज चावला, जेडी कटपालिया, गौरव चावला, कर्ण खुराना, प्रवीन कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सुरक्षित वर्तमान, सशक्त भविष्य: बीमा की अहमियत को रेखांकित करती जेनेराली सेंट्रल की 'हेयर नाउ' कैम्पेन

**चंडीगढ़।** जेनेराली सेंट्रल इंश्योरेंस और जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस ने आज अपना पहला ब्रांड कैम्पेन 'हेयर नाउ' लॉन्च करने की घोषणा की। लाइफ और नॉन-लाइफ बिजनेस के बीच यह अपनी तरह का पहला जॉइंट ब्रांड कैम्पेन है। इस साल की शुरुआत में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के जेनेराली ग्रुप में जॉइंट वेंचर पार्टनर के तौर पर शामिल होने के बाद, रीब्रांडिंग के बाद यह कैम्पेन लोगों और परिवारों से आग्रह करती है कि वे बेहतर कल के लिए आज ही कदम उठाएं और बीमा के जरिए अपना भविष्य सुरक्षित करें।

लाइफटाइम पार्टनर बनने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, यह कैम्पेन ब्रांड के इस वादे को दिखाती है कि वह अपने ग्राहकों के साथ उनके जिंदगी के सफर में खड़ा रहेगा। इसके लिए जेनेराली की सदियों पुरानी वैश्विक विशेषज्ञता और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की व्यापक उपस्थिति व भरोसे के साथ अभिनव बीमा समाधान दिए जाएंगे। इसका मकसद वित्तीय सुरक्षा की अहमियत को उजागर करना है, गौर तलब है कि भारत में बीमा की पैठ (जीवन बीमा और सामान्य बीमा दोनों मिलाकर) अभी भी बहुत कम है, इसका आंकड़ा जीडीपी के 4 प्रतिशत से भी नीचे है। एक परिवार जो पहली बार अपने खुद के घर में रहने जा रहा है, एक महिला जो सेहत व फिटनेस में नए मुकाम बना रही है, एक पिता जो अपने बेटे को गाड़ी चलाना सिखा रहा है, एक उद्यमी जो अपने सपने को फिर से जगा रहा है। इन सब कहानियों के साथ यह कैम्पेन साहस व परिवर्तन के रो?मर्रा के कामों को सेलिब्रेट करती है, जो एक बेहतर भविष्य का निर्माण करते हैं।

# अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** जिले की क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस ने अवैध हथियार की घटना मे संलिप्त आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी विनीत उर्फ विशु पुत्र रविन्द्र निवासी लड़रावन जिला झज्जर का रहने वाला है। इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 02 नवम्बर 2025 को क्राईम यूनिट वेस्ट सोनीपत की पुलिस टीम में तैनात मुख्य सिपाही मंदीप अपनी पुलिस टीम के साथ बराये गस्त पड़ताल जुराईम सैदपुर चौक पर मौजूद था कि खुफिया जानकारी प्राप्त हुई कि विनित उर्फ विशु पुत्र रविन्द्र निवासी गांव लडरावन जिला झज्जर जो अवैध पिस्तौल लिये हुए किसी के इंतजार में कुंडल गांव से इन्डस्ट्रीयल रोड खरखौदा की तरफ वाले रास्ते पर खड़ा है अगर तुरन्त रेड की जाये तो अवैध हथियार सहित काबू आ सकता है। जो पुलिस टीम सूचना के आधार पर बराये रेड कुंडल गांव ईन्डस्ट्रीयल रोड खरखौदा की तरफ वाले रास्ते पर पहुंची। तो एक नौजवान लडका खड़ा दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम ने काबू करके उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम विनित उर्फ विशु पुत्र रविन्द्र निवासी गांव लडरावन जिला झज्जर बतलाया जो पुलिस टीम ने विनित उर्फ विशु उपरोक्त की नियमानुसार तलाशी अमल में लाई ।

# समाधान शिविर बना आमजन की समस्याओं का निदान केन्द्र: प्रवेश कादियान

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। गन्नौर एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा की समाधान शिविर आमजन की समस्याओं का निदान केन्द्र बन गया है। समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान तय समय में हो रहा है।समाधान शिविर में शिकायतकर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जा रही है। सोमवार को एसडीएम कार्यालय में समाधान शिविर में 05 शिकायतें आई जिनमें से 02 का मोंके पर ही निवारण किया गया। अन्य परिवार पहचान पत्र से व आधार कार्ड से संबंधित शिकायतों का निवारण भी



मौके पर किया गया। समाधान शिवर के बाद एसडीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए की पुरानी शिकायतों का निवारण भी जल्द से जल्द आपसी समन्वय बनाकर करे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन शिकायत निवारण प्रणाली को और अधिक उत्तरदायी, संवेदनशील और पारदर्शी बनाने के लिए सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें, तथा इस दायित्व को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में केवल कानूनी या प्रशासनिक दृष्टिकोण पर्याप्त नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनशीलता और व्यवहारिक सोच भी उतनी ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समाधान प्रशासन की कार्यशैली का प्रतिबिंब होता है। यदि प्रशासन नागरिकों को पारदर्शी, त्वरित और संतोषजनक समाधान देने में सफल होता है तो इससे जनता का विश्वास बढ़ता है और प्रशासनिक व्यवस्था मजबूत होती है।इस मौके पर एसीपी गन्नौर ऋषिकांत, नायब तहसीलदार अमित, एसडीओ पब्लिक हेल्थ बलराज मोर, एएफएसओ हरेंद्र, व अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राम विरोधी, जातिवादी और माफिया संरक्षक हैं कांग्रेस-राजद: मुख्यमंत्री योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम



**सारण।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को सारण जिले के गरखा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा प्रहार किया। एनडीए प्रत्याशी सीमांत मृणाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राजद ने न केवल बिहार की पहचान को कलंकित किया बल्कि मां जानकी और भगवान श्रीराम के अस्तित्व तक को नकारकर हिंदू आस्था का अपमान किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस ने कहती है कि भगवान राम हुए ही नहीं। अब बताइए, हिंदुओं के लिए इससे बड़ी गाली क्या हो सकती है? आरजेडी ने राम मंदिर की रथ यात्रा को रोक दिया था, लाठीचार्ज कराया था। समाजवादी पार्टी ने रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं। लेकिन हमने कहा था कि 'रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे' और आज भव्य राम मंदिर बनकर तैयार है। अगर उत्तर प्रदेश में बीजेपी की डबल इंजन की सरकार न होती, तो क्या राम मंदिर बन पाता?

मुख्यमंत्री योगी ने आरजेडी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि 1992 से 2005 के बीच बिहार की पहचान नरसंहार, अपहरण और अराजकता से बन गई थी। पांच दर्जन से अधिक जातीय नरसंहार हुए, 30 हजार से ज्यादा अपहरण हुए। व्यापारी असुरक्षित थे, बेटियां घर से निकलने में डरती थीं। बिहार के युवाओं को पलायन करना पड़ा। यही था आरजेडी राज का बिहार। उन्होंने कहा कि बिहार ने जब एनडीए को अवसर दिया, तब विकास की नई धारा बही। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में माफिया की उलटी गिनती शुरू हुई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विरासत का सम्मान करते हुए विकास को गति दी। अब बिहार को फिर से ठगने के लिए वही लोग आ गए हैं, जिनके हाथ बिहार के पतन के जिम्मेदार हैं। श्री योगी ने कहा कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के नाम पर राजनीति करने वाले उनकी पत्नी के नाम पर अस्पताल तक नहीं बनवा पाए। लेकिन हमने सिताब दियारा में 100 बेड का अस्पताल उनकी धर्मपत्नी के नाम पर बनवाया। यही फर्क है विरासत का सम्मान करने वालों और उसे भूल जाने वालों में। उन्होंने कहा कि महापुरुषों के योगदान को भुलाने का काम कांग्रेस-राजद करते हैं, जबकि एनडीए उन्हें सम्मान देकर आगे बढ़ाता है। यही सच्चा राष्ट्रवाद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस, राजद और समाजवादी पार्टी पर व्यंग्य करते हुए कहा कि गांधीजी के तीन बंदर थे, बुरा मत बोलो, बुरा मत सुनो, बुरा मत देखो। लेकिन इंडी गठबंधन के तीन बंदर हैं पप्पू, टप्पू और अप्पू। एक सच देख नहीं सकता, एक सच सुन नहीं सकता और एक सच बोल नहीं सकता। इसलिए इनको मोदी जी का विकास नहीं दिखता, गरीबों का कल्याण नहीं दिखता और विरासत का सम्मान नहीं दिखता। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन्होंने देश को लूटा है, देश की विरासत का अपमान किया है और लगातार आज भी वही कर रहे हैं, उनका आचरण देखो ना। इसी सिवान में खानदानी माफिया को गले लगा रहे हैं। आप देख रहे होंगे, चंदू बाबू के साथ क्या घटना घटित हुई थी? इस सिवान में एसिड से उस माफिया ने उड़ेला था। यह घटना घटित होती थी बिहार में राजद के समय में, सत्ता के संरक्षण में। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा जैसे उत्तर प्रदेश का बुलडोजर माफियाओं और उनकी संपत्ति को ध्वस्त कर रहा है वही अब बिहार में भी होने वाला है।

### बिहार का रोटी-बेटी का रिश्ता है उत्तर प्रदेश से

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि बिहार और उत्तर प्रदेश का रिश्ता आज का नहीं, त्रेता युग से रोटी-बेटी का है। हम एक परिवार की तरह हैं। जब यूपी प्रगति करता है तो बिहार भी आगे बढ़ता है। सीएम योगी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि बिहार को फिर से पहचान, सम्मान और विकास देने के लिए एनडीए के उम्मीदवार सीमांत मृणाल (लोजपा-आर) को हेलीकॉप्टर निशान पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाइए

# उत्तराखंड देवभूमि से अध्यात्म और शौर्य की परंपराएं प्रवाहित होती रही हैं: राष्ट्रपति मुर्मू

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



देहरादून। देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि उत्तराखंड की देव-भूमि से अध्यात्म और शौर्य की परम्पराएं प्रवाहित होती रही हैं। भारत का यह पवित्र भूखंड अनेक ऋषि-मुनियों की तपस्थली रहा है। कुमाऊं रेजिमेंट तथा गढ़वाल रेजिमेंट के नाम से ही यहां की शौर्य परंपरा का परिचय मिलता है।

उत्तराखंड राज्य गठन के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विधानसभा के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यहां के युवाओं में भारतीय सेना में सेवा करके मातृ-भूमि की रक्षा करने के प्रति उत्साह दिखाई देता है। उत्तराखंड की यह शौर्य परंपरा सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि भारत की लोकतान्त्रिक परंपरा को शक्ति प्रदान करने में उत्तराखंड के अनेक जन-सेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

श्रीमती मुर्मू ने अपने अभिभाषण में कहा कि उत्तराखंड राज्य की स्थापना की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर, लोकतन्त्र के इस मंदिर में, विधान सभा के विशेष सत्र में आप सबके बीच आकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने इस अवसर पर राज्य विधान सभा के पूर्व और वर्तमान सदस्यों तथा राज्य के सभी निवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के प्रधानमंत्री के कार्यकाल के दौरान, यहां के जनमानस की आकांक्षा के अनुरूप, बेहतर प्रशासन और संतुलित विकास की दृष्टि से, वर्ष 2000 के नवंबर महीने में इस राज्य की स्थापना की गई।

राष्ट्रपति ने कहा, यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि विगत पच्चीस वर्षों की यात्रा के दौरान उत्तराखंड के लोगों ने विकास के प्रभावशाली लक्ष्य हासिल किए हैं। पर्यावरण, ऊर्जा, पर्यटन, स्वास्थ्य-सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में राज्य ने सराहनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा, डिजिटल और फिजिकल कनेक्टविटी तथा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के क्षेत्रों में भी विकास हुआ है। विकास के समग्र प्रयासों के बल पर राज्य में ह्यूमन डेवलपमेंट इंडिसेज के कई मानकों पर सुधार हुआ है। श्रीमती मुर्मू ने कहा, मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि राज्य में साक्षरता बढ़ी है, महिलाओं की शिक्षा में विस्तार हुआ है। मातृ एवं शिशु-मृत्यु-दर में कमी आई है तथा स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, महिला सशक्तीकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की मैं विशेष सराहना करती हूं। उन्होंने कहा, ÷महिला सशक्तीकरण के प्रयासों से सुशीला बलूनी, बछेन्द्री पाल, गौरा देवी, राधा भट्ट और वंदना कटारिया जैसी असाधारण महिलाओं की गौरवशाली परंपरा आगे बढ़ेगी। राष्ट्रपति ने कहा कि श्रीमती ऋतु खंडूरी भूषण को राज्य की पहली महिला विधान सभा अध्यक्ष नियुक्त करके उत्तराखंड विधान सभा ने अपना गौरव बढ़ाया है।

### भारत के बंदरगाह बुनियादी ढांचे में बड़ा निवेश

# हडको ने लगभग 1 लाख करोड़ के समझौता ज्ञापन पर किया हस्ताक्षर



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत के समुद्री और बंदरगाह बुनियादी ढांचे के विकास को गति देने की दिशा में हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) ने लगभग 1.1 लाख करोड़ के निवेश हेतु छह प्रमुख बंदरगाह प्राधिकरणों और सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये एमओयू मुंबई में चल रहे मैरिटाइम सप्ताह 2025 के दौरान संपन्न हुए।

हडको ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता, विशाखापत्तनम पोर्ट अथॉरिटी, पारादीप पोर्ट अथॉरिटी, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी, मुंबई पोर्ट अथॉरिटी और सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन के साथ साझेदारी की है। यह कदम बंदरगाह आधारित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक्स लागत कम करने और भारत को वैश्विक समुद्री केंद्र बनाने के लक्ष्य के अनुरूप है।

हडको के सीएमडी संजय कुलश्रेष्ठ ने कहा कि बंदरगाह वित्तपोषण में हडको की प्रविष्टि विकास यात्रा का नया अध्याय है और यह सागरमाला कार्यक्रम तथा मैरिटाइम अमृत काल विज़न 2047 को मजबूत आधार देगा। समझौतों में बर्थ मशीनीकरण, कंटेनर टर्मिनल विकास, शिपबिल्डिंग क्षमता वृद्धि, ग्रीनफील्ड वधावन पोर्ट परियोजना, तथा लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

हडको और सागरमाला फाइनेंस कॉर्पोरेशन अगले दशक में पात्र परियोजनाओं के लिए 80,000 करोड़ तक का वित्त सहयोग करेंगे। साथ ही, जेएनपीए के साथ 5,000 करोड़, पारादीप पोर्ट के साथ 5,100 करोड़, विशाखापत्तनम पोर्ट के साथ 487 करोड़, एसएमपी कोलकाता के साथ 3,000 करोड़ तथा वधावन पोर्ट परियोजना के लिए 25,000 करोड़ तक की सहायता का प्रावधान किया गया है।

भारत के पोर्ट सेक्टर में तेजी से आधुनिकीकरण हो रहा है और वैसल टर्नअराउंड समय में सुधार भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता को दर्शाता है। हडको ने वित्त वर्ष 2024-25 में 2,709 करोड़ का सर्वोच्च शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो वर्ष-दर-वर्ष 28त्न की वृद्धि है। इन समझौतों के साथ हडको ने समुद्री एवं वैकल्पिक इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्रों में अपनी भूमिका को मजबूत किया है, जिससे तटीय आर्थिक विकास और राष्ट्रीय कनेक्टिविटी को नई गति मिलने की उम्मीद है।

# भ्रष्टाचार हमारे समाज के विकास में बाधक हैं: अतुल सिंह

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी




**विजयवाड़ा।** एसीबी महानिदेशक अतुल सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार हमारे समाज के विकास में बाधक है और इसे जड़ से मिटाना ज़रूरी है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2025 के तहत रविवार सुबह इंदिरा गांधी नगर स्टेडियम से साइकिल रैली का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए, एसीबी महानिदेशक अतुल सिंह ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सतर्कता जागरूकता सप्ताह सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2 नवंबर तक देश भर में लोगों में जागरूकता फैलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत यह साइकिल रैली निकाली गई। उन्होंने कहा कि राज्य के विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और तिरुपति में भी साइकिल रैलियां आयोजित की जा रही हैं। उन्होंने सभी से भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास में बाधक भ्रष्टाचार को जड़ से मिटाना होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार दोनों पक्षों पर निर्भर करता है, यानी देने वाले और लेने वाले। उन्होंने कहा कि अगर आपको किसी भी भ्रष्टाचार की शिकायत करनी है, तो आप 1064 पर कॉल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक विभाग इस पर तुरंत कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में हमें मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि वे सुबह साइकिल रैली में शामिल हुए सभी लोगों का धन्यवाद करते हैं।

इंदिरा गांधी नगर स्टेडियम से शुरू हुई साइकिल रैली पुलिस नियंत्रण कक्ष से बेंज सर्कल, बंडारू रोड होते हुए इंदिरा गांधी नगर निगम स्टेडियम पहुँची।

एसीबी निदेशक श्रीमती आर. जया लक्ष्मी, मुख्यालय के अतिरिक्त एससी सुधाकर, अतिरिक्त एससी महेंद्र, दिलीप किरण, एसीबी के अधिकारी और युवाओं ने साइकिल रैली में भाग लिया।

# मुंबई एयरपोर्ट के दोनों क्रॉस रनवे 20 नवंबर को छह घंटे के लिए रहेंगे बंद

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

मुंबई। मानसून के बाद हर साल होने वाली बड़ी रखरखाव योजना के तहत 20 नवंबर को मुंबई हवाई अड्डे के दोनों क्रॉस रनवे नंबर 09/27 और 14/32 बंद रहेंगे।

ये रनवे सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक कुल छह घंटे उड़ानों के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। एयरपोर्ट प्रबंधन ने यह बंदी पहले से तय रखरखाव कार्यों के लिए रखी है। मानसून की भारी बारिश से रनवे की सतह पर पानी जमा हो जाता है और जगह-जगह दरारें पड़ जाती हैं।

इसी वजह से हर साल मानसून खत्म होने के बाद रनवे की गहन सफाई की जाती है और जरूरी मरम्मत का काम पूरा किया जाता है। इस काम में रनवे की सतह साफ करना, दरारें भरना, नई मार्किंग करना और लाइटिंग व्यवस्था की पूरी जांच शामिल होती है। एयरपोर्ट अधिकारियों ने पायलटों को पहले ही नोटिस यानी नोटम जारी कर दिया था। इस नोटिस की वजह से सभी एयरलाइंस को अपनी उड़ानें पहले से प्लान करने का पूरा मौका मिल गया। वे इस दौरान मुंबई के मुख्य रनवे नंबर 09आर/27एल का इस्तेमाल करेंगी। प्रबंधन का मानना है कि पहले से की गई यह सूचना उड़ानों में देरी को काफी हद तक कम कर देगी और यात्रियों को ज्यादा परेशानी नहीं होगी। मुंबई भारत का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और यहां रोजाना नौ सौ से ज्यादा उड़ानें संचालित होती हैं।

### ग्वालियर में चौबीसी पंचकल्याणक महोत्सव

# आचार्य सुबल सागर के सानिध्य में भगवान के माता-पिता की गोद भराई और प्रमुख पात्रों का सम्मान

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



ग्वालियर। ग्वालियर में श्री चौबीसी पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों के तहत मंगलवार को पंचकल्याणक महोत्सव समिति द्वारा भगवान के माता-पिता एवं अन्य प्रमुख पात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम आचार्य श्री सुबल सागर महाराज के सानिध्य में नई सड़क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में सम्पन्न हुआ।

समारोह में पंचकल्याणक के दौरान मुख्य क्रियाओं में सहभागिता करने वाले 24 भगवानों के माता-पिता, 24 सौधर्म इंद्र, 24 कुबेर, 24 बुआ सहित अन्य पात्रों की गोद भराई की गई। समाज के सदस्यों ने नारियल, मखाने, बादाम, काजू, फल व मिठाई आदि से गोद भरकर मंगल शुभकामनाएं दीं। समिति पदाधिकारियों द्वारा सभी पात्रों को तिलक, दुपट्टा, माला और मुकुट पहनाकर सम्मानित किया गया।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने जानकारी दी कि प्रतिष्ठाचार्य बृजेश जैन ने मंगलाचरण से कार्यक्रम की शुरुआत कराई। संगीत भजनों के बीच प्रथम गोद भराई धर्मेंद्र-सावित्रा ने की। कार्यक्रम में मनोज जैन, बालचंद्र जैन, विनय कासलीवाल, निर्मल पाटनी, प्रवीण गंगवाल सहित समिति सदस्यों ने सम्मान किया।

आचार्य श्री सुबल सागर महाराज ने कहा कि जो प्राणी जगत के कल्याण की भावना रखता है वही भगवानत्व को प्राप्त करने योग्य होता है। धन का सही उपयोग तभी है जब वह धर्म व ज्ञान में लगाया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधों में दुख है, स्वभाव में सुख है; आत्मअनुशासन से ही आत्मकल्याण व विश्वकल्याण संभव है। फूलबाग मैदान में 11 से 16 नवंबर तक होने वाले छह दिवसीय श्री चौबीसी पंचकल्याणक जिनबिंब प्रतिष्ठा महोत्सव में ये सभी प्रमुख पात्र मुख्य अनुष्ठानों में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को लेकर समाज की बैठक भी आज दोपहर 2:30 बजे आचार्यश्री के सानिध्य में चंपाबाग धर्मशाला में आयोजित की जाएगी।

# नायडू का शासन असंवेदनशील और अक्षम शासन है: वाईएस जगन

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी

अमरावती। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने चक्रवात की स्थिति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के चंद्रबाबू नायडू के दावों का कड़ा खंडन किया और उनके बयानों को ज़मीनी हकीकत से बेपरवाह सामंती युग का घमंड और असंवेदनशील और अक्षम शासन का सबूत बताया। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि असली आपदा प्रबंधन फ़ोटो खिंचवाने, कैमरे लगवाने या प्रचार करने के बारे में नहीं है, बल्कि कमज़ोर परिवारों की रक्षा और किसानों को संकट से बचाने के बारे में है।

उन्होंने पूछा, चंद्रबाबू नायडू ने मुफ़्त फ़सल बीमा योजना को रद्द कर दिया, जो किसानों के लिए एक दिव्य कवच, श्री राम रक्षा के रूप में थी। क्या जीवन रेखा को काट देना और किसानों को छोड़ देना आपके सुशासन की परिभाषा है? उन्होंने याद दिलाया कि वाईएसआरसीपी सरकार के तहत, 84.8 लाख किसानों को मुफ़्त फ़सल बीमा के तहत कवर किया गया था, और 54.55 लाख किसानों को ज़रूरत के समय 7,802 करोड़ रुपये का मुआवज़ा मिला था। उन्होंने ज़ोर देकर कहा, यही असली शासन है, हर किसान, हर एकड़ की रक्षा करना।

इसके विपरीत, वाईएस जगन ने बताया कि आज केवल 19 लाख किसान ही बीमाकृत हैं, और उन्हें स्वयं प्रीमियम का भुगतान करना पड़ता है। बाकी किसान भीषण प्राकृतिक आपदा के बीच बेसहारा छोड़ दिए जाते हैं। उन्होंने कहा, ÷इस संकट में बाकी किसानों की रक्षा कौन करेगा? अगर हमारी सार्वभौमिक ई-फसल और मुफ़्त फसल बीमा प्रणाली जारी रहती, तो आज हर किसान के पास सुरक्षा कवच होता। उन्होंने याद दिलाया कि नायडू के केवल 18 महीनों के शासन में, किसानों को लगभग 16 बार प्रतिकूल मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ा, फिर भी मुआवजे के रूप में एक भी रुपया नहीं दिया गया। उन्होंने पूछा, आप पर किसानों का 600 करोड़ रुपये बकाया है, लेकिन आपने कुछ भी नहीं दिया। आपने आरबीके को ख़त्म कर दिया, ई-फसल को कमज़ोर कर दिया, मुफ़्त फसल बीमा को ख़त्म कर दिया, सीज़न-इन-सीज़न इनपुट सब्सिडी व्यवस्था को नष्ट कर दिया, और अन्नदाता सुखीभव के तहत 40,000 रुपये देने का वादा करके केवल 5,000 रुपये देकर किसानों को धोखा दिया। यह योजना है या विश्वासघात? चक्रवात में आठ लोगों की जान जाने की ओर इशारा करते हुए, वाईएस जगन ने पूछा, ÷अगर आपने चक्रवात का इतना अच्छा प्रबंधन किया, तो निर्दोष लोग क्यों मारे गए? असली शासन जीवन की हानि को रोकता है और आजीविका का समर्थन करता है, न कि केवल प्रचार अभियान चलाता है।

# मुदित चंद्रा ने प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी उत्तर मध्य रेलवे का किया कार्यभार ग्रहण

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



प्रयागराज। मुदित चंद्रा ने उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने यह पद निवर्तमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एस. बालाचंद्र अय्यर के 31 अक्टूबर 2025 को सेवानिवृत्त होने के उपरांत ग्रहण किया है। श्री चंद्रा 1998 सिविल सेवा परीक्षा बैच के भारतीय रेल कार्मिक सेवा अधिकारी हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा सेंट जोसेफ कॉलेज, प्रयागराज से पूरी की, और उसके बाद मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, प्रयागराज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग (बी ई) की डिग्री प्राप्त की।

श्री चंद्रा ने उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में पदस्थ होने से पहले भारतीय रेलवे में उप महाप्रबंधक (सामान्य), उत्तर मध्य रेलवे के आगरा, झांसी और प्रयागराज मंडलों में मानव संसाधन (एचआर) प्रमुख और आगरा मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक/परिचालन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं।

### अनिल कुमार यादव का आरोप, बोले-

# जोगी रमेश की गिरफ्तारी, सरकार की नाकामियां छुपाने का हथकंडा

अर्थ प्रकाश / बोम्मा रेड्डी



नेल्लोर। वाईएसआरसीपी पी. अनिलकुमार यादव, पूर्व मंत्री एवं पार्टी के पीएसी सदस्य, ने पूर्व मंत्री जोगी रमेश की गिरफ़्तारी की कड़ी निंदा करते हुए इसे राज्य सरकार द्वारा अपनी नाकामियों और बढ़ते जनाक्रोश से ध्यान हटाने का राजनीतिक हथकंडा करार दिया। दिवंगत मंत्री मेकापति गौतम रेड्डी की जयंती पर उनके कैंप कार्यालय में मीडिया से बातचीत के दौरान यादव ने कहा कि यह गिरफ्तारियाँ आलोचना दबाने और राजनीतिक प्रतिशोध के रूप में की जा रही हैं।

यादव ने आरोप लगाया कि सरकार चक्रवात से तबाह किसानों की उपेक्षा कर रही है जबकि वाईएसआरसीपी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, तूफ़ान से हुए नुकसान के कारण किसान पीड़ित हैं, सरकार उनकी मदद करने में विफल रही है; संकट का समाधान करने के बजाय वह विपक्षी नेताओं को गिरफ़्तार कर रही है।

ज़हरीली शराब मामले पर यादव ने टीडीपी नेताओं पर संलिप्तता का आरोप दोहराया और कहा कि असली आरोपी टीडीपी से हैं, पर उनकी गिरफ़्तारी नहीं हुई। यादव ने उल्लेख किया कि जोगी रमेश ने स्वयं शराब मामले की सीबीआई जाँच की मांग की थी और सरकार को अपने पक्ष को साबित करने का चुनौतीपूर्ण प्रस्ताव रखा। उन्होंने आग्रह किया कि यदि सरकार निष्पक्ष है तो सीबीआई जाँच आदेशित करे।

यादव ने संस्थागत पूर्वाग्रह पर भी सवाल उठाया और तिरुमाला तथा सिम्हाचलम की घटनाओं के बाद अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई न होने की तुलना काशीबुग्गा में ट्रस्टी पर मामले दर्ज किए जाने से की। उन्होंने पूछा कि क्या प्रभावशाली लोगों और आम नागरिकों के लिए अलग कानून है।

यादव ने वाईएस जगन मोहन रेड्डी के बढ़ते जनसमर्थन को लेकर सरकार पर भय और असुरक्षा का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि जनता जल्द ही सरकार को उसके कृत्यों के लिए उत्तरदायी ठहराएगी। उन्होंने कहा कि ये प्रतिशोधी हथकंडे काम नहीं आएंगे।

# इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स और इन्वेस्को ने भारत में परिसंपत्ति प्रबंधन संयुक्त उद्यम का गठन पूरा किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। इंडसइंड बैंक के प्रवर्तक इंडसइंड इंटरनेशनल होल्डिंग्स लिमिटेड (आईआईएचएल) और इन्वेस्को लिमिटेड (इन्वेस्को) ने आज घोषणा की कि उन्होंने अपने परिसंपत्ति प्रबंधन संयुक्त उद्यम (जेवी) का गठन पूरा कर लिया है। आईआईएचएल द्वारा सभी नियामक अनुमोदनों और समापन शर्तों के बाद इन्वेस्को एसेट मैनेजमेंट इंडिया (आईएएमआई ) में 60 फ़सिदी स्वामित्व हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया गया है। शेष 40 फ़सिदी हिस्सेदारी इन्वेस्को के पास रहने के साथ, आईआईएचएल और इन्वेस्को दोनों नियामक ढांचे के तहत संयुक्त प्रायोजक का दर्जा प्राप्त करेंगे। सितंबर 2025 तक, आईएएमआई भारत में 16वां सबसे बड़ा घरेलू परिसंपत्ति प्रबंधक है, जिसकी सितंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए संयुक्त ऑनशोर और ऑफशोर (सलाहकार के माध्यम से) औसत प्रबंधनाधीन संपत्ति 148,358 करोड़ रुपये है और देश भर के 40 शहरों में इसकी उपस्थिति है। आईआईएचएल के अध्यक्ष श्री अशोक हिंदुजा ने कहा, आईआईएचएल में, हम इन्वेस्को के साथ इस संयुक्त उद्यम को लेकर बेहद उत्साहित हैं, जिससे एसेट मैनेजमेंट को शामिल करके हमारे पैरा बैंकिंग पोर्टफोलियो का विस्तार होगा और 2030 तक हम एक वैश्विक वित्तीय पावरहाउस बनेंगे। यह सबसे उपयुक्त समय है, जब भारत, बढ़ती आय और अनुकूल जनसांख्यिकी के बल पर, सभी भारतीयों, जिनमें प्रवासी भी शामिल हैं, के लिए निवेश की अपार संभावनाएँ प्रदान करता है।

श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस

# पंजाब सरकार ने विद्यार्थियों के लिए 15-दिवसीय शैक्षिक कार्यक्रम की रूपरेखा जारी की, सभी तहसीलों से श्री आनंदपुर साहिब तक नि:शुल्क बस सेवा होगी शुरू

हरजोत सिंह बैंस और दीपक बाली ने इस ऐतिहासिक दिवस को समर्पित विभिन्न कार्यक्रमों और व्यापक व्यवस्थाओं की दी जानकारी

श्री आनंदपुर साहिब में संगत की नि:शुल्क आवाजाही हेतु 500 ई-रिक्शा और 100 मिनी बसों की व्यवस्था की जाएगी: बैंस

प्रतिदिन 11 हज़ार से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए तीन विशाल टेंट सिटी; आनंदपुर साहिब जाने वाले मार्गों पर 106 एकड़ में पार्किंग की जा रही है तैयार: बैंस

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब सरकार द्वारा नवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की अमर विरासत को नमन करते हुए उनकी अद्वितीय शहादत, सत्य के मार्ग पर चलने के सिद्धांत और धार्मिक स्वतंत्रता के संदेश को समस्त मानवता तक पहुँचाने के लिए गुरु साहिब के 350वें शहीदी दिवस को समर्पित राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की शुरुआत कर दी गई है।

पंजाब के शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने पर्यटन एवं सांस्कृतिक मामलों के सलाहकार श्री दीपक बाली के साथ आज पंजाब भवन में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी की अद्वितीय शहादत किसी एक धर्म या सम्प्रदाय के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के मौलिक अधिकारों और सम्मान के लिए थी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि गुरु साहिब जी की अमर शहादत के बारे में पंजाब और देश के हर कोने तक जानकारी पहुँचे ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस महान बलिदान से प्रेरणा ले सकें। व्यापक और विभिन्न स्मृति कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि शहीदी दिवस को समर्पित आयोजन 4 नवंबर से पूरे प्रदेश में प्रारंभ होंगे। इन कार्यक्रमों को इस तरह से तैयार किया गया है कि हर आयु वर्ग, विशेष रूप से युवा और विद्यार्थी, इसमें भाग ले सकें। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर से पंजाब के सभी स्कूलों में नर्सरी से बारहवीं तक 15-दिवसीय अनिवार्य शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किया जाएगा। प्रातःकालीन सभा के दौरान 10-12 मिनट का पूर्व-रिकॉर्ड किया गया पाठ प्रसारित किया जाएगा जिसमें श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, शहादत और खालसा पंथ की स्थापना के बारे में बताया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य बच्चों को इतिहास के इस महत्वपूर्ण अध्याय से अवगत कराना है। इसके अतिरिक्त सभी विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, आई.टी.आई. और पॉलिटेक्निक संस्थानों को 350वें शहीदी दिवस को समर्पित सेमिनार और कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने संस्थानों द्वारा दिखाई गई उत्साही प्रतिक्रिया पर संतोष व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि सभी जिलों में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और शहादत को उजागर करता 45 मिनट का विशेष लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा, जिसकी शुरुआत 4 नवंबर को पटियाला, जालंधर, फतेहगढ़ साहिब और पठानकोट से होगी, जिसके बाद यह शो राज्य के अन्य जिलों में भी प्रस्तुत किया जाएगा। देश के विभिन्न हिस्सों से निकाले जाने वाले चार नगर कीर्तन के बारे में जानकारी देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि पहला नगर कीर्तन 19 नवंबर को गुरुद्वारा छठी पातशाही श्रीनगर (जम्मू और कश्मीर) से आरंभ होगा। इस नगर कीर्तन में पंजाब के मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक श्री अरविंद केजरीवाल, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री श्री उमर अब्दुल्ला, पंजाब के सभी कैबिनेट मंत्री और विधायक शामिल होंगे, जबकि शेष तीन नगर कीर्तन फरीदकोट, बठिंडा और गुरदासपुर से प्रारंभ होंगे। चारों नगर कीर्तन 22 नवंबर की शाम को श्री आनंदपुर साहिब पहुँचेंगे। इन नगर कीर्तनों के दौरान सभी मंत्री, विधायक और अधिकारी सेवक के रूप में सेवा निभाएंगे।

स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि श्री गुरु तेग बहादुर जी द्वारा बसाए गए पवित्र नगर श्री आनंदपुर साहिब में 23 से 25 नवंबर तक 350वें शहीदी पर्व को समर्पित मुख्य आयोजन होंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रमों की शुरुआत 23 नवंबर को अखंड पाठ साहिब से होगी, जिसके उपरांत सर्व धर्म सम्मेलन, विरासत-ए-खालसा में प्रदर्शनी, सायं 5 बजे गुरु तेग बहादुर साहिब के जीवन और बलिदान पर आधारित देश का पहला ड्रोन शो तथा शाम 6 बजे कीर्तन दरबार आयोजित होगा। दिन का समापन ÷शहादत दी लौ÷ के साथ होगा, जिसके अंतर्गत मशालों से पूरे नगर को आलोकित किया जाएगा। 24 नवंबर को 'सीस भेंट नगर कीर्तन' श्री कीरतपुर साहिब से आरंभ होकर श्री आनंदपुर साहिब पहुँचेगा। पंजाब विधानसभा द्वारा इतिहास में पहली बार श्री आनंदपुर साहिब में भाई जैंता जी की याद में विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक चलने वाले इस सत्र में नौवें गुरु साहिब को श्रद्धांजलि दी जाएगी। 25 नवंबर को अखंड पाठ साहिब के भोग उपरांत प्रसिद्ध कीर्तन जत्थों द्वारा नौवें पातशाह की बाणी का कीर्तन किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि विभिन्न धर्मों के आध्यात्मिक नेताओं की सहभागिता वाला 'सर्व धर्म सम्मेलन' भी आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पाँचों तख्तों के जत्थेदार, शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान, श्री दरबार साहिब के मुख्य ग्रंथी, श्री श्री रविशंकर, श्री लोकेश मुनि जी सहित अन्य धार्मिक हस्तियों को गुरु तेग बहादुर जी के एकता और सद्भावना के वैश्विक संदेश को उजागर करने हेतु आमंत्रित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर साहिब स्थित विरासत-ए-खालसा में श्री गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और शहादत को दर्शाने वाला 500 ड्रोन वाला तीन दिवसीय (23 से 25 नवंबर) शो आयोजित किया जाएगा। उत्तर भारत का यह पहला ड्रोन शो होगा जो नौवें पातशाह को हार्दिक श्रद्धांजलि होगी।

स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि इन आयोजनों में विश्वभर से लगभग एक करोड़ श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जिसके लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। पंजाब सरकार 19 से 30 नवंबर तक प्रतिदिन 11,000 से अधिक श्रद्धालुओं के ठहरने हेतु तीन बड़ी 'टेंट सिटी' स्थापित कर रही है। इसके अतिरिक्त श्री आनंदपुर साहिब जाने वाले प्रमुख मार्गों पर 106 एकड़ से अधिक क्षेत्र में पार्किंग का निर्माण किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं के सुचारू आवागमन हेतु सरकार ने पूर्ण तैयारियाँ कर ली हैं। 500 ई-रिक्शा और 100 मिनी बसें पवित्र नगर के भीतर चलेंगी, जिनमें संगत के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा होगी। इसके अलावा 23 से 25 नवंबर तक पंजाब की प्रत्येक तहसील से श्री आनंदपुर साहिब तक विशेष निःशुल्क बस सेवा प्रारंभ की जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं की यात्रा निर्बाध हो सकेगी।

शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने संगत को इन आयोजनों में सम्मिलित होने का निमंत्रण देते हुए कहा, 'पंजाब सरकार की ओर से मैं संगत को श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के जीवन और विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एकत्र होने का आमंत्रण देता हूँ।'

# गुरमीत सिंह खुड्डियां ने जारी की बाढ़ राहत कार्यों पर आधारित दस्तावेजी फ़िल्म

विभाग ने मिशन मोड के तहत बाढ़ प्रभावित जिलों में 2.53 लाख से अधिक पशुओं का गलघोटू बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया

बाढ़ के दौरान पशुपालकों को मस्टाइटिस टेस्टिंग किट, डीवॉर्मर और दवाइयाँ मुफ्त उपलब्ध करवाई गईं

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवम्बर।** पंजाब के पशुपालन विभाग द्वारा हाल ही में आई विनाशकारी बाढ़ के दौरान पशुधन को बीमारियों से बचाने और उनके पुनर्वास के प्रयासों को दर्शाती एक दस्तावेजी फ़िल्म जारी की गई है। इस दस्तावेजी फ़िल्म को आधिकारिक रूप से पंजाब के पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विकास मंत्री स गुरमीत सिंह खुड्डियां ने जारी किया। यह उल्लेखनीय है कि यह फ़िल्म पशुपालन विभाग के डॉक्टरों और पैरामेडिकल टीमों द्वारा तैयार की गई है।

विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए स खुड्डियां ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार और पशुपालन विभाग बाढ़ के समय पशुपालकों की सहायता के लिए पूरी दृढ़ता से खड़े रहे। उन्होंने कहा कि इस भीषण आपदा से निपटने के लिए विभाग की 'मिशन मोड' में की गई कार्रवाई सराहनीय रही।

स खुड्डियां ने बताया कि इन बाढ़ों से राज्य के 713 गांव बुरी तरह प्रभावित हुए थे। उन्होंने कहा कि विभाग की 494 समर्पित टीमों ने कठिन परिस्थितियों का सामना करते हुए घर-घर जाकर पशुधन को जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया ताकि पशुओं के स्वास्थ्य को सुनिश्चित किया जा सके।

उन्होंने आगे बताया कि प्रभावित जिलों में 37 लाख रुपये की मुफ्त दवाइयाँ वितरित करने के अलावा 2.53 लाख से अधिक पशुओं का गलघोटू (एच.एस.) रोग से बचाव हेतु मुफ्त टीकाकरण किया गया। इसके साथ ही, पशुपालकों को मस्टाइटिस टेस्टिंग किट और डीवॉर्मर भी उपलब्ध करवाए गए, जिससे पशुओं में आम रोगों का समय पर पता लगाकर प्रभावी उपचार संभव हो सका।

पशुपालन विभाग के प्रमुख सचिव राहुल भंडारी ने बताया कि बाढ़ के दुष्प्रभावों से निपटने के लिए विभाग ने कई महत्वपूर्ण निवारक कदम उठाए। उन्होंने कहा, 'बाढ़ के बाद बीमारियों के फैलने का बड़ा खतरा था, लेकिन हमारी सक्रिय रणनीति ने इस जोखिम को काफी हद तक कम किया।


सभी प्रभावित गांवों में व्यापक मुफ्त टीकाकरण अभियान चलाया गया, जिससे पशुओं को गलघोटू जैसी बीमारियों से सुरक्षा मिली। इसके अतिरिक्त, हरे चारे की कमी को दूर करने के लिए पशुओं को स्वस्थ बनाए रखने हेतु यूरोमिन लिक्स और खनिज मिश्रण मुफ्त वितरित किए गए।'

पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. परमदीप सिंह वालिया ने कहा कि विभाग लगातार पशुधन के स्वास्थ्य और उत्पादकता को सुनिश्चित करने के लिए प्रयासरत है ताकि पशुओं और किसान समुदाय दोनों की समग्र भलाई सुनिश्चित की जा सके।

यह दस्तावेजी फ़िल्म पंजाब की बाढ़ से निपटने की क्षमता और प्रशासन की दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह फ़िल्म अब पंजाब पशुपालन विभाग के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म्स पर उपलब्ध है।

# धान की लिफ्टिंग 100 लाख मीट्रिक टन के पार, किसानों के खातों में पहुंचे 27,000 करोड़ रुपये: मंत्री लाल चंद कटारूचक

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री लाल चंद कटारूचक ने पंजाब की मंडियों में धान की खरीद प्रक्रिया को ऐतिहासिक करार देते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार ने सफल प्रबंधन करके यह साबित कर दिया है कि सरकार की नीतियां पूरी तरह से किसान-हितैषी हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार पंजाब का किसान बिना किसी परेशानी के अपनी फसल बेच रहा है और उसे समय पर भुगतान मिल रहा है।

मंत्री लाल चंद कटारूचक ने ताज़ा आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मान सरकार के बेहतरीन प्रबंधों के कारण ही धान के उठान (लिफ्टिंग) का आंकड़ा 100 लाख मीट्रिक टन के बड़े पड़ाव को पार कर गया है और कुल 104 लाख मीट्रिक टन धान का उठान हो चुका है। उन्होंने बताया कि अब तक मंडियों में 127 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान आ चुका है, जिसमें से विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा 124 लाख मीट्रिक टन से अधिक की खरीद मुकम्मल कर ली गई है।

कटारूचक ने कहा कि सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि किसानों को फसल का तुरंत भुगतान करना है। उन्होंने बताया कि अब तक किसानों के खातों में सीधे 27,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। उन्होंने पिछली सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि यह वही मंडियां हैं, जहां पहले किसानों को अपना भुगतान लेने के लिए हफ्तों धरने लगाने पड़ते थे और उठान न होने के कारण मंडियां जाम हो जाती थीं।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान का सख्त निर्देश है कि मंडियों में किसान, कमीशन एजेंट (आढ़तियों) और मज़दूरों समेत किसी भी हितधारक को कोई मुश्किल पेश न आए। उन्होंने किसान भाईचारे से भी अपील की कि वे मंडियों में सूखी फसल लाएं, ताकि उन्हें अपनी कड़ी मेहनत से पैदा की गई फसल का पूरा मूल्य मिल सके और खरीद प्रक्रिया को और तेज़ी से संपन्न किया जा सके।

# धान की उठान 100 लाख मीट्रिक टन से पार

मंडियों में अब तक 127 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान पहुंचा; 124 लाख मीट्रिक टन से अधिक की हुई खरीद

किसानों के खातों में 27,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की गई

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** मंडियों से 104 लाख मीट्रिक टन धान की उठान के साथ अब कुल लिफ्टिंग का आंकड़ा 100 लाख मीट्रिक टन (एलएमटी) से पार हो गया है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार की किसान-हितैषी नीतियों का उदाहरण बताते हुए खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री लाल चंद कटारूचक ने कहा कि मंडियों में सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं ताकि किसानों, कमीशन एजेंटों (आढ़तियों), मजदूरों सहित किसी भी हितधारक को कोई परेशानी न हो।

उन्होंने बताया कि अब तक मंडियों में 127 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की आमद हो चुकी है, जिसमें से 124 लाख मीट्रिक टन की खरीद पूरी कर ली गई है।

फसल के भुगतान के संबंध में उन्होंने बताया कि किसानों के खातों में अब तक 27,000 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है।

कैबिनेट मंत्री ने किसान भाइयों से अपील की कि वे मंडियों में सूखी फसल लेकर आएं ताकि उन्हें अपनी मेहनत से उपजाई फसल का पूरा मूल्य प्राप्त हो सके।

# पंजाब विधानसभा के स्पीकर कुलतार सिंह संधवां ने अंतरराष्ट्रीय पावर स्लैप विजेता जुझार सिंह का सम्मान किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने आज अपने कक्ष में जुझार सिंह पुत्र संगत सिंह को विशेष रूप से सम्मानित किया। जुझार सिंह अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय पावर स्लैप चैम्पियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय और विश्व के पहले सिख खिलाड़ी बने हैं। उन्होंने रूसी हैवीवेट खिलाड़ी अनातोली गालुश्का को हराकर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। जुझार सिंह श्री चमकौर साहिब, जिला रूपनगर के रहने वाले हैं। स्पीकर संधवां ने कहा कि जुझार सिंह ने खेलों के प्रति अपनी लगन और समर्पण के बल पर विश्व स्तर पर पंजाबियों का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी पंजाब की खेल पहचान को पूरी दुनिया में नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहे हैं।

स संधवां ने जुझार सिंह को इस क्षेत्र में और अधिक सफलता प्राप्त करने तथा अपने खेल में शीर्ष स्थान हासिल करने की शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार खेलों के स्तर को ऊँचा उठाने के साथ-साथ खिलाड़ियों की भलाई के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है।

उन्होंने आगे कहा कि खेल नशे की समस्या को समाप्त करने का एक प्रभावी माध्यम बन सकते हैं, और हमारे युवाओं को जुझार सिंह जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों की ओर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है।

# एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी 5वीं बार शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष चुने गए



**जैतो, 3 नवंबर (अप्रस)।** आज सिखों की मिनी संसद शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष, पदाधिकारियों और अंतरिम कमेटी के सदस्यों का चुनाव हुआ। इसमें एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी को शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का 5वां अध्यक्ष चुना गया. उन्हें 117 वोट मिले. इस मौके पर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रघुजीत सिंह विर्क, कनिष्ठ उपाध्यक्ष बलदेव सिंह कल्याण, महासचिव- एस शेर सिंह मांडवाला चुने गए। अंतरिम समिति के सदस्यों में सुरजीत सिंह गढ़ी, सुरजीत सिंह तुगलवाला शामिल हैं। सुरजीत सिंह कंग, गुरप्रीत सिंह झब्बर, दलजीत सिंह भिंडर, बीबी हरजिंदर कौर, बलदेव सिंह केमपुरी, मेजर सिंह ढिल्लों, मंगविंदर सिंह खापरखेड़ी, जंग बहादर सिंह राय और मिठू सिंह काहनेके शामिल हैं।इस आम सत्र के दौरान हुए चुनाव में कुल 136 वोटों में से हरजिंदर सिंह धामी को 117 वोट मिले तथा विपक्षी उम्मीदवार मिट्ठू सिंह काहनेवाला को 18 वोट मिले, जिसके परिणामस्वरूप 1 वोट रद्द हो गया।

# स्पीकर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को दी बधाई

## पंजाब की बेटी हरमनप्रीत कौर ने बढ़ाया बेटियों का मान

**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब विधानसभा के स्पीकर स कुलतार सिंह संधवां ने पंजाब की बेटी हरमनप्रीत कौर को हार्दिक बधाई दी है, जिन्होंने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान के रूप में इतिहास रचते हुए भारत को विश्व कप जिताया है। स्पीकर संधवां ने कहा कि हरमनप्रीत कौर ने अपनी लगन, मेहनत और अदम्य जज़्बे से न केवल पंजाब बल्कि पूरे देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने यह साबित किया है कि यदि इरादे मजबूत हों तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हरमनप्रीत कौर ने खेल जगत में नया इतिहास रचकर हर माता-पिता की बेटी को प्रेरणा दी है। यह जीत महिलाओं के सशक्तिकरण का प्रतीक है और खेल जगत में एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत है। स संधवां ने कहा कि पंजाब की बेटियों ने हमेशा हौसले और हिम्मत के बल पर दुनिया के सामने अपनी प्रतिभा साबित की है, और हरमनप्रीत कौर की यह उपलब्धि उसका नवीनतम उदाहरण है।

# डेराबस्सी बार एसोसिएशन के वकीलों ने दो दिन की कलमबंदी हड़ताल की, ग्राम न्यायालय की स्थापना के विरोध में जताया रोष

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 3 नवंबर।** पंजाब सरकार द्वारा तहसील स्तर पर 'ग्राम न्यायालय' स्थापित करने की प्रस्तावित योजना के विरोध में डेराबस्सी बार एसोसिएशन के वकीलों ने आज कलमबंदी हड़ताल की। इस दौरान पूरे दिन अदालतों में कामकाज पूरी तरह बंद रहा। बार एसोसिएशन डेराबस्सी के अध्यक्ष विक्रमजीत सिंह ने बताया कि 1 नवंबर को सर्किट हाउस लुधियाना में पंजाब की सभी बार एसोसिएशनों के प्रधानों और महासचिवों की बैठक हुई थी। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि पंजाब सरकार की इस प्रस्तावना का वकीलों द्वारा कड़ा विरोध किया जाएगा। निर्णय के अनुसार, 3 और 4 नवंबर को राज्यभर की सभी बार एसोसिएशनों द्वारा कलम छोड़ हड़ताल की जा रही है तथा डिप्टी कमिश्नर को मांगपत्र सौंपा जाएगा, जिसमें यह मांग की गई है कि 'ग्राम न्यायालय' स्थापित करने की योजना को तुरंत रद्द किया जाए।

इसके साथ ही बार ने मुक्तसर बार के वकील हरमन सिंह संधू पर हुए हमले और उनके खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमे की निंदा भी की। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रामकुमार धीमान, महासचिव इंदरपाल सिंह खारी, कैशियर हरप्रीत सिंह सैनी, संयुक्त सचिव सीमा धीमान, लाइब्रेरी इंचार्ज सुच्चा सिंह सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

# पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा बूटा सिंह के प्रति की गई टिप्पणी पर स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) लिया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने पंजाब कांग्रेस कमेटी के प्रधान एवं लुधियाना से लोकसभा सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा तरनतारन विधानसभा उपचुनाव के दौरान आयोजित एक चुनावी जनसभा में स्वर्गीय गृह मंत्री बूटा सिंह के प्रति इस्तेमाल की गई शब्दावली पर स्वतः संज्ञान (सुओ मोटू) लिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के चेयरमैन सरदार जसवीर सिंह गढ़ी ने बताया कि यह मामला सोशल मीडिया के माध्यम से उनके ध्यान में आया, जिसमें कांग्रेस पार्टी की पंजाब इकाई के अध्यक्ष एवं लुधियाना से सांसद अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग द्वारा देश के स्वर्गीय गृह मंत्री एवं दलित नेता बूटा सिंह के प्रति रंग और नस्ल के आधार पर टिप्पणी करने की बात सामने आई है।

उन्होंने कहा कि आयोग ने इस मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग को 6 नवंबर 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के लिए कहा है, साथ ही तरनतारन के रिटर्निंग अफसर को भी 4 नवंबर 2025 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

# पंजाब सरकार ने अनाथ और आश्रित बच्चों के लिए 242 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय सहायता जारी की: डॉ. बलजीत कौर

आश्रित बच्चों की योजना के तहत 2.32 लाख बच्चों को मिल रहा नियमित लाभ

मान सरकार अनाथ और आश्रित बच्चों के सर्वांगीण विकास और भलाई के लिए प्रतिबद्ध

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार अनाथ और आश्रित बच्चों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए वित्तीय और सामाजिक सहायता योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है। डॉ. बलजीत कौर ने बताया कि राज्य भर के आश्रित बच्चों को अब तक कुल 242.77 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता जारी की जा चुकी है। यह सहायता उन बच्चों के लिए है, जिनके माता-पिता में से एक या दोनों का निधन हो चुका है या जिनके परिवार गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए इस योजना के तहत 410 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। वर्तमान में राज्य के 2,32,290 बच्चों को नियमित वित्तीय सहायता मिल रही है, जिससे वे अपनी पढ़ाई जारी रख पा रहे हैं, बेहतर परवरिश प्राप्त कर रहे हैं और जीवन स्तर में सुधार ला रहे हैं।

डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार पूरी तरह से वचनबद्ध है कि पंजाब का कोई भी बच्चा अपनी बुनियादी जरूरतों, देखभाल और विकास के अवसरों से वंचित न रहे। सरकार द्वारा दी जा रही यह निरंतर सहायता समाज के सबसे कमजोर वर्गों के प्रति उसकी संवेदनशीलता और मानवता का प्रतीक है।

मंत्री ने आगे बताया कि विभाग आश्रित बच्चों के लिए एकीकृत विकास कार्यक्रमों पर भी काम कर रहा है, जैसे कि कौशल विकास, परामर्श (काउंसलिंग) और शैक्षणिक सहायता, ताकि वे बड़े होकर आत्मनिर्भर जीवन जी सकें। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि पंजाब सरकार का उद्देश्य केवल वित्तीय सहायता तक सीमित नहीं है – बल्कि हर बच्चे को आत्मविश्वासी और योग्य नागरिक के रूप में तैयार करना है।

# 200 मीटर दौड़ में डॉ. अरुणा ने जीता स्वर्ण पदक

## नौणी विश्वविद्यालय में कर्मचारी खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ, छात्रों ने बढ़ाया प्रोफेसरों का हौसला

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** नौणी, सोलन÷ डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर में द्वितीय कर्मचारी खेल, खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया, जो विभिन्न खेलों और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं।

इस वर्ष विभिन्न अनुसंधान केंद्रों, कृषि विज्ञान केंद्रों एवं महाविद्यालयों के कर्मचारियों से मिलकर पाँच टीमें भाग ले रही हैं। इनमें मुख्य परिसर से औद्यानिकी महाविद्यालय, महाविद्यालय वानिकी, नेरी और थुनाग महाविद्यालयों की टीमें एवं प्रशासनिक ब्लॉक की टीम शामिल हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल द्वारा किया गया। अपने संबोधन में प्रो. चंदेल ने बताया कि पिछले वर्ष आयोजित प्रथम कर्मचारी खेलकूद एवं सांस्कृतिक महोत्सव की सफलता से प्रेरित होकर इस वर्ष भी इसे जारी रखा गया है। यह आयोजन विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और विद्यार्थियों के बीच स्वस्थ, खुशहाल और सहयोगात्मक वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक व्यस्तताओं के कारण कर्मचारी अक्सर खेलों और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों से दूर हो जाते है, इसलिए इस प्रकार के आयोजन आवश्यक हैं।

प्रो. चंदेल ने कहा कि यह तीन दिवसीय कार्यक्रम कर्मचारियों के लिए एक ताज़गी भरा अवसर है, जो उन्हें अपने स्वास्थ्य और फिटनेस स्तर को परखने का मौका देता है। इस वर्ष कुल 257 प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं।

अगले तीन दिनों में प्रतिभागी 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, भाला फेंक और रस्साकशी सहित विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। प्रतियोगिताओं को दो आयु वर्गों– 21ङ्क40 वर्ष तथा 41ङ्क60 वर्ष–में बाँटा गया है। इसके अलावा बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कबड्डी, वॉलीबॉल और क्रिकेट की प्रतियोगिताएँ भी आयोजित की जा रही हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में एकल, समूह एवं लोकगीत प्रस्तुतियाँ शामिल होंगी।

### पहले दिन की मुख्य झलकियां

100 मीटर दौड़ (वैधानिक अधिकारियों) में कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ. डी.आर. भारद्वाज द्वितीय और अनुसंधान निदेशक डॉ. संजीव चौहान तृतीय स्थान पर रहे। विभागाध्यक्षों की 100 मीटर दौड़ में डॉ. राजनीश शर्मा (औद्यानिकी) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, डॉ. राकेश शर्मा (औद्यानिकी) द्वितीय और डॉ. बी.एस. डोगरा (नेरी) तृतीय स्थान पर रहे। पुरुष वर्ग (40 वर्ष से अधिक) की 200 मीटर दौड़ में डॉ. सुमित (औद्यानिकी) ने प्रथम, विपन (प्रशासनिक ब्लॉक) द्वितीय और राजनीश (वानिकी) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग (40 वर्ष से अधिक) की 200 मीटर दौड़ में डॉ. अरुणा (थुनाग) ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि तारा देवी (वानिकी) और ममता (औद्यानिकी) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक प्राप्त किए।

महिला वर्ग (40 वर्ष से कम) की 200 मीटर दौड़ में डॉ. श्रेया (वानिकी) ने स्वर्ण, दीपिका (औद्यानिकी) ने रजत और दीपिका (प्रशासनिक ब्लॉक) ने कांस्य पदक हासिल किया। पुरुष वर्ग (40 वर्ष से कम) की 200 मीटर दौड़ में लकी (प्रशासनिक ब्लॉक) प्रथम, विकास (वानिकी) द्वितीय और डॉ. प्रांजय (प्रशासनिक ब्लॉक) तृतीय स्थान पर रहे। रस्साकशी (महिला वर्ग) में नेरी ने प्रशासनिक ब्लॉक को हराया, जबकि थुनाग ने औद्यानिकी को मात दी। सेमीफाइनल में नेरी ने वानिकी को पराजित किया। कबड्डी (पुरुष वर्ग) में प्रशासनिक ब्लॉक की टीम ने नेरी को हराया, जबकि वानिकी महाविद्यालय ने औद्यानिकी पर जीत दर्ज की। वॉलीबॉल (महिला वर्ग) में प्रशासनिक ब्लॉक ने थुनाग को हराया और वानिकी ने औद्यानिकी को मात दी।

# एकता ठाकुर बनी सर्वश्रेष्ठ मुक्केबाज कुल्लू को आए तीन गोल्ड मेडल

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 3 नवंबर।** हिमाचल प्रदेश राज्यस्तरीय महिला मुक्केबाजी का आयोजन जिला किन्नौर के रिकांगपियो में सम्पन्न हुआ। जिसमे जिला कुल्लू की तीन होनहार बेटियां सर्व कुमारी ,एकता टाकुर, शितिमा ठाकुर और मेनका ठाकुर ने अपने अपने भार वर्ग मे जिला कुल्लू के लिए स्वर्ण पदक जीतकर कुल्लू जिला का नाम रोशन किया है. और एकता ठाकुर को सर्व श्रेष्ठ मुक्के बाजी के सम्मान से भी पुरुस्कृत किया गया है।

इन बेटियों की इस उपलब्धि पर जिला कुल्लू मुक्केबाज संघ के अध्यक्ष किशन ठाकुर महासचिव चित्र देव ठाकुर एवम मुक्केवाज संघ के सभी पदाधिकारि?यों ने इन सभी को अपनी शुभकामनाये प्रेषित की तथा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में इससे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है. जिला मुक्केबाज संघ के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहा है हमारी बेटियों ने जो राज्यस्तर और राष्ट्रीय स्तर पर जो अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके लिए कुछ समय के वाद कुल्लू में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमे मुक्केवाज संघ द्वारा इन सभी का भव्य स्वागत और सम्मानित किया जायेगा।

# बीपीसीएल बिलासपुर में बनाएगी आधुनिक गैस नेटवर्क, जिला में तीन सीएनजी स्टेशन शुरू

सीएनजी और पीएनजी नेटवर्क से सशक्त होगा बिलासपुर – उपायुक्त राहुल कुमार ने किया स्वच्छ परिवहन का आह्वान

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा



**बिलासपुर, 3 नवंबर।** जिला बिलासपुर में अब स्वच्छ और सस्ता ईंधन आम लोगों तक पहुंचाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा जिले में कंप्रेस्ड नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की सप्लाई शुरू करने के लिए आधुनिक व्यवस्था बनाई जा रही है। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (क्क्तत्रक्च) ने बीपीसीएल को देशभर के 81 जिलों में सिटी गैस नेटवर्क विकसित करने की अनुमति दी है। इन्हीं जिलों में अब बिलासपुर भी शामिल हो गया है, जहां सीएनजी और पीएनजी नेटवर्क का काम शुरू हो गया है।

उपायुक्त ने बताया कि अब तक जिले में तीन सीएनजी स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। वहीं, पीएनजी सप्लाई के लिए एम्स बिलासपुर में एक डीसीयू (डिस्ट्रिक्ट कंप्रेशन यूनिट) लगाई जा रही है। एम्स और बीपीसीएल के बीच इसके लिए समझौता (एमओयू) पूरा हो चुका है। इसके अलावा, घुमारवीं क्षेत्र में भी एक और डीसीयू लगाने की योजना है, ताकि वहां के लोगों को भी पाइप गैस की सुविधा मिल सके।उन्होंने बताया कि सीएनजी एक साफ-सुथरा, सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल ईंधन है, जो पेट्रोल और डीजल के मुकाबले प्रदूषण को काफी कम करता है। उपायुक्त ने लोगों से अपील की कि वे प्रदूषण घटाने और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए सीएनजी वाहनों का इस्तेमाल करें।

बीपीसीएल के अधिकारियों ने बताया कि आने वाले समय में बिलासपुर जिले में सीएनजी और पीएनजी से जुड़ी सुविधाओं का और विस्तार किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिल सके। यह पहल बिलासपुर को हरित ऊर्जा की दिशा में आगे ले जाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# अब प्लास्टिक फैलाना नहीं, पेड़ लगाना बना पर्यटन का नया ट्रेंड

ट्रेवल कंपनी एक्सपीडिया की टीम ने सिल्वर ओक के पौधे लगाकर दिया प्रकृति संरक्षण का सन्देश

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**बंजार (कुल्लू )3 नवंबर।** हिमाचल में अब पर्यटन का मतलब सिर्फ घूमना-फिरना नहीं, बल्कि प्रकृति को लौटाना भी है। हिमालय की मनमोहक तीर्थन घाटी में आने वाले पर्यटकों ने एक नया और प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। भारत की अग्रणी ट्रैवल कंपनी एक्सपीडिया के 20 सदस्य हाल ही में तीर्थन घाटी के सनशाइन हिमालयन कॉटेज ईकोलॉज पहुँचे। वहाँ उन्होंने सिल्वर ओक के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस पौधारोपण अभियान का नेतृत्व आर्चित, राजेश चड्ढा और एकता ने किया।

टीम के सदस्यों ने कहा कि अगर हर पर्यटक अपनी यात्रा के दौरान पर्यावरण की जिम्मेदारी समझे और पेड़ लगाने जैसी छोटी पहल करे, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा पर्यावरण छोड़ा जा सकता है। इस मौके पर हिमालयन वॉलंटियर टूरिज़्म के संस्थापक और ईको-टूरिज़्म सलाहकार पंकी सूद ने कहा कि यह कदम सराहनीय है और इसे हर पर्यटन गतिविधि का हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सच्चा पर्यटन वही है जो स्थानीय पर्यावरण और संस्कृति दोनों को सहेजे।अभियान के दौरान एक्सपीडिया टीम ने कोई भी प्लास्टिक या कचरा नहीं फैलाया। उनके इस ईको-फ्रेंडली व्यवहार के लिए सनशाइन हिमालयन कॉटेज की ओर से उन्हें ÷ईको क्रेडिट्स÷ देकर सम्मानित किया गया, जिन्हें वे अपनी अगली यात्रा में उपयोग कर सकेंगे। धीरे-धीरे तीर्थन घाटी हिमाचल प्रदेश में सस्टेनेबल टूरिज़्म का एक बेहतरीन उदाहरण बनती जा रही है, जहाँ पर्यटक और प्रकृति दोनों साथ-साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# मेले और उत्सव तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाने में निभाते हैं अहम भूमिका : डॉ. शांडिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि मेले और उत्सव हमें तनाव मुक्त जीवन जीने की कला सिखाते हैं और एकाग्र होकर विकास प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। डॉ. शांडिल आज ग्राम पंचायत छावशा के डुमैहर-आंजी गांव में दो दिवसीय मेले के समापन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने क्षेत्रवासियों को मेले की बधाई देते हुए कहा कि मेले एवं उत्सव हमारी समृद्ध संस्कृति व परम्पराओं के परिचायक होते हैं। इन परम्पराओं की जानकारी युवा पी?ी तक पहुंचाने में मेले, उत्सव व त्यौहार महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि अपनी संस्कृति के विभिन्न पहलुओं को समझें और इन्हें आगे ब?ाने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित बनाएं।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा राजनीतिक विचारधारा से उपर उठकर राज्य का एक समान विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुमैहर के लिए 90 लाख रुपए स्वीकृत हो चुके है और यहां निर्माण कार्य शीघ्र आरंभ हो जाएगा। डॉ. शांडिल ने कहा कि स?कें विकास की राह को सुलभ बनाने में अहम भूमिका निभाती है और क्षेत्र में आवाजाही को और सुदृ? बनाने के लिए सकारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। वाकनाघाट-सुबाथू मार्ग, डुमैहर-ममलीग मार्ग तथा शहीद रोशन लाल मार्ग का कार्य आरंभ हो चुका है। उन्होंने कहा कि इन मार्गो के निर्माण के लिए 25 करो? रुपए व्यय किए जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने मेला मैदान में मंच निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए तथा मेला मैदान को विकसित करने के लिए 1.50 लाख रुपए देने की घोषणा भी की।

उन्होंने शिमला-गरु बाया डुमैहर बस सेवा को शीघ्र बहाल करवाने का आश्वासन भी दिया।

इस अवसर पर मेला समिति द्वारा कनिष्ठ व वरिष्ठ वर्ग की कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन भी करवाया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### हिमाचल को राम भरोसे छोड़ मुख्यमंत्री सुक्खू बिहार में सजाए बैठे हैं झूठ की दुकान : अमित सूद

**कुल्लू 3 नवंबर (अशेष शर्मा)।** नवंबर में भारी बारिश से हुई तबाही के बाद कई समस्याओं से जूझ रही जनता को राम भरोसे छोड़ कर हिमाचल के मुख्यमंत्री बिहार में अपनी झूठ की दुकान खोले बैठे हैं और प्रदेश में बदहाली का वातावरण बना हुआ है। जिला कुल्लू भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने मीडिया को जारी बयान में ये बातें कही और प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को एक के बाद एक झूठे वायदों से ठगने के बाद सुक्खू बिहार की जनता को ठगने का सपना लेकर बिहार पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव पूर्व हिमाचल की 22 लाख महिलाओं से वादा किया था कि उन्हें हर महीनें 1500 रुपए दिए जाएंगे, 5 लाख सरकारी और पक्की नौकरी का वादा किया था, परन्तु सता मिलते ही सरकार और इसके मुखिया ने इस वादे से पल्ला झाड़ लिया और प्रदेश की महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के साथ बहुत बड़ा छल किया। आज तीन वर्ष बाद भी पूरा हिमाचल कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेताओं के किए हुए वादों के पूरा होने का इंतजार प्रदेश की जनता कर रही है और दूसरी तरफ बिहार में जाकर मुख्यमंत्री सुक्खू वहां की जनता के सामने सफेद झूठ बोलकर जनता को बरगला रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार प्रदेश में पूरी तरह असफल साबित हुई है और जनता के साथ किए हर वादे को पूरा नहीं करवा पाई है। बिहार में मुख्यमंत्री का कहना की हम प्रदेश की हर महिला को 1500 दे रहे है सरासर झूठ है। स्थिति तो यह है कि प्रदेश सरकार महिलाओं को तो छोड़िए प्रदेश के कर्मचारियों को समय पर वेतन देने में असमर्थ दिख रही है और कर्मचारियों के डी ए की करोड़ों की देनदारियां तो दूर की बात है। आज प्रदेश के कर्मचारी और पेंशनर सड़कों पर हैं और हिमाचल प्रदेश सरकार के खिलाफ लगातार रोष बढ़ता जा रहा है।

# सरकारी भवनों की विद्युत कॉन्ट्रैक्ट डिमांड में कमी कर सालाना 6.72 करोड़ रुपये की बचत

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने राज्य के विभिन्न सरकारी भवनों के इलैक्ट्रिक कनेक्शनों की कॉन्ट्रैक्ट डिमांड (लोड कपैसिटी) के युक्तिकरण से 6.72 करो? रुपये की वार्षिक बचत की है। इस पहल का यह पहला चरण है। कृषि, थोक आपूर्ति, वाणिज्यिक आपूर्ति, जल शक्ति, ब?ी औद्योगिक आपूर्ति, गैर-घरेलू गैर-वाणिज्यिक, लघु औद्योगिक और अस्थायी आपूर्ति जैसी श्रेणियों के तहत 913 सरकारी विद्युत कनेक्शनों का युक्तिकरण किया गया, जिससे कुल मांग शुल्क 2.05 करो? रुपये से घटकर 1.49 करो? रुपये प्रति माह हो गया।

इससे राजस्व में सालाना अच्छी-खासी बचत होगी। शिमला स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल की अनुबंध मांग पहले 1350 केवीए थी, जिसे घटाकर 858 केवीए कर दिया गया, जिससे प्रति वर्ष लगभग 24 लाख रुपये की बचत हुई है।

राज्य सरकार के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने यह अवलोकन किया था कि कई विभाग अपनी वास्तविक खपत की तुलना में अधिक मांग शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। उनके निर्देशों की अनुपालना करते हुए, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड (एचपीएसईबीएल) ने विभागीय भवनों की वास्तविक लोड कपैसिटी के साथ कॉन्ट्रैक्ट डिमांड को पुनः संरेखित करने के लिए एक व्यापक अभियान संचालित किया।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुसार, यह प्रक्रिया, जो आमतौर पर विद्युत उप-मंडल स्तर पर की जाती है, तत्कालीन मुख्य सचिव की देख-रेख में त्वरित गति से आगे ब?ाई गई। एचपीएसईबीएल और विभागीय प्रतिनिधियों के बीच कई बैठकों के बाद मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा समन्वित राज्यव्यापी समीक्षा की गई, जिसमें सभी सरकारी उपभोक्ताओं की सूची तैयार की।

प्रत्येक कनेक्शन के लिए अनुबंध मांग की सीमा पिछले वर्ष की अधिकतम दर्ज मांग से 10 प्रतिशत अधिक रखी गई थी, जिसमें गर्मी और सर्दी के मौसम दोनों के चरम समय को शामिल किया गया। इसके बाद, अधिकृत सरकारी और एचपीएसईबीएल अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से एक विशेष एप्लीकेशन व एग्रीमेंट फॉर्म डि?ाइन कर निष्पादित किया गया, जिससे बोर्ड की आईटी शाखा ने संशोधित सीमा को लागू करने में मद्द मिली।

जून 2025 में इस फॉर्म को अंतिम रूप दिया गया और अगस्त 2025 तक, सरकार द्वारा कम मांग शुल्क के कारण एक ही महीने में 56 लाख रुपये की बचत की गई। यह बचत हर महीने होती रहेगी।

# सोझा और जालोडा में भूमि धंसाव 20 मकानों को खतरा

सजवाड़ पंचायत के लोगों व जलोड़ी टनल संघर्ष समिति ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**बंजार (कुल्लू) 3 नवंबर।** पिछले कुछ मॉनसून महीनों में भारी बारिश ने प्रदेश भर में काफी तबाही की। जीभी घाटी में भी भारी बारिश और बदल फटने से भारी नुकसान देखने को मिला। जिसमें सोझा और जालोडा गांव का अभूतपूर्व और अकल्पनीय प्रसंग भी शामिल है। यहां गांव के पास ही जमीन में बड़ी बड़ी दरारें आ गई जो पहाड़ के धंसाव को दर्शाता है और फिलहाल लगभग 12 से 15 मकान में दरारें आ गई हैं। स्थानीय लोगों के बीच यह घटना बहुत चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जिला उपयुक्त महोदया को भी स्थानीय लोगों इस गंभीर स्थिति का सर्वेक्षण कर चिंता भी व्यक्त की थी।

प्रस्तावित जलोड़ी टनल एप्रोच मार्ग भी इस क्षेत्र से बनाया जाना है। इस कारण यह मामला और भी चिंता जनक बन जाता है। इसी मुद्दे को लेकर सजवा? पंचायत के निवासियों ने जलोड़ी टनल संघर्ष समिति की अध्यक्षता में उपायुक्त कुल्लू को ज्ञापन सौंपा। साथ ही धरातल स्थिति की रिपोर्ट भी साझा करी।

जलोड़ी टनल संघर्ष समिति महासचिव पदम सिंह का कहना है हाईवे निर्माण कार्य के दौरान रिहायशी इलाकों के आस-पास ढलान में बिल्कुल भी छेड़छाड़ न करें, ताकि ऊपर और नीचे की बस्तियों की लंबे समय तक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। ढलान को मज़बूत करने, घरों में दरारों को ठीक करने और उच्च गुणवत्ता वाले ड्रेनेज मैनेजमेंट के उपाय तुरंत आधार पर किए जाने चाहिए। ताकि जन हानि से बचा जा सके। जिन घरों में दरारें आई है उन्हें पूर्णतः क्षतिग्रस्त माना जाए ताकि सरकारी सहायता मिल सके क्योंकि उपरोक्त घरों में रहना अब ख़तरे से खाली नहीं है। ग्राम पंचायत सजवाढ और संघर्ष समिति की मांग है कि सोझा और जालोडा के अस्थिर क्षेत्र में किसी भी तरह की ढलान कटिंग और नए निर्माण को सीबीआरआई रुड़की और जीएसआई द्वारा जियोटेक्निकल जांच बिना नहीं किया जाना चाहिए। और नई अप्रोच रोड के लिए जितना हो सके पुरानी सिंगल लेन लिंक रोड का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, खासकर जालोडा और सोजा गांव के इलाके के आसपास।

# 'न्यायालयों में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 68 मामले लंबित'

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 3 नवंबर।** उपायुक्त तोरुल एस रवीश ने सोमवार को अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अभियोजन विभाग तथा पुलिस विभाग को लंबित मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि पीड़ित व्यक्तियों को राहत उपलब्ध हो सके। बैठक में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण के तहत विचाराधीन मामलों की समीक्षा की गई।

बैठक में बताया गया कि विभिन्न न्यायालयों में अनुसूचित जाति व जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत 68 मामले लंबित है जिनमे से 61 मामले सत्र न्यायालय कुल्लू 7 मामले सत्र न्यायालय रामपुर में लंबित हैं।

इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं अभियानों से संबंधित चार अलग-अलग जिला स्तरीय समितियों की बैठक की अध्यक्षता कर इन योजनाओं एवं अभियानों की समीक्षा की। अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने इन वर्गों के मनरेगा कामगारों, इनके बच्चों की छात्रवृत्ति, रोजगार, विभिन्न आवास योजनाओं के तहत आवास निर्माण, स्वरोजगार एवं ऋण योजनाओं से संबंधित डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे जिला में अल्पसंख्यक वर्गों के लोगों से संबंधित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें।

# फास्टैग की केवाईसी बनी सिरदर्द, वाहन चालकों पर दोगुना टोल देने की मार

हिमाचल के वाहन चालकों पर दुगना टोल देने की मार

सुभाग सचदेवा

**गोहर 3 नवंबर।** फास्टैग की फुल केवाईसी अब वाहन चालकों और मालिकों के लिए गले की फांस बन गई है। हिमाचल प्रदेश के सैकड़ों वाहन चालक इन दिनों अपने फास्टैग की अधूरी केवाईसी के कारण हर टोल प्लाजा पर दुगना टोल टैक्स देने को मजबूर हैं। लोग सोचते हैं फास्ट टैग मामूली चीज है मगर बिना एक्टिव फास्ट टैग के गाड़ी चलाना सीधे तौर पर जेब पर दोहरी मार साबित हो रहा है।

फास्ट टैग न केवल टोल पर समय बचाता है, बल्कि ट्रैफिक की सुगमता भी बनाए रखता है। लेकिन जब उसकी केवाईसी अधूरी रह जाती है, तो सिस्टम उसे ÷निष्क्रिय÷ घोषित कर देता है और वाहन मालिक को हर टोल पर दुगना भुगतान करना पड़ता है। वहीं मोबाइल पर आने वाले केवाईसी संदेशों से मचा हड़कंप

### नई गाड़ियों पर भी केवाईसी की समस्या बरकरार

पहले जब कोई उपभोक्ता नई गाड़ी शो-रूम से खरीदता था, तो वाहन कंपनी द्वारा फास्टैग चेसिस नंबर के आधार पर उसी समय जारी कर दिया जाता था। लेकिन ऐसी स्थिति में, क्योंकि वाहन की आरसी (रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट) और नंबर प्लेट उस समय तक जारी नहीं होती थी, इसलिए लगभग सभी नई गाड़ियों की केवाईसी अधूरी रह जाती थी। अब NHAI की सख्त हिदायतों के बाद यह व्यवस्था बदल दी गई है। अब किसी भी वाहन को तब तक फास्टैग जारी नहीं किया जाएगा, जब तक उसकी आरसी और नंबर प्लेट पूरी तरह जारी होकर वाहन पर न लग जाए। आरसी और प्लेट लगने के बाद ही संबंधित वाहन को फास्टैग टैग की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं केवाईसी अपडेट करना बडा मुश्किल काम हो गया है। जब उपभोक्ता केवाईसी अपडेट करने के लिए संबंधित बैंक के फास्टैग कस्टमर केयर में संपर्क करता है, तो वहां से मुश्किलें ही मुश्किलें शुरू हो जाती हैं। एक तरफ बैंकों के टोल-फ्री नंबर शायद ही कभी लगते हैं, और अगर लग भी जाएं तो आधी बात में ही कॉल कट हो जाती है। कंपनी की ओर से मिलने वाले लिंक इतने पेचीदा होते हैं कि पढ़े-लिखे व्यक्ति तक को प्रक्रिया पूरी करने में पसीने छूट जाते हैं, जबकि जो लोग ऑनलाइन कार्यों से अनभिज्ञ हैं, उन्हें पूरा दिन लगने के बाद भी सफलता नहीं मिलती।

पिछले कुछ दिनों से सभी वाहन चालकों और मालिकों के मोबाइल पर लगातार फास्टैग केवाईसी अपडेट करने के संदेश आ रहे हैं।

इन संदेशों ने पूरे प्रदेश में हड़कंप मचा दिया है, क्योंकि अधिकांश लोगों को समझ ही नहीं आ रहा कि यह प्रक्रिया कैसे पूरी की जाए। कई लोग बैंक या एजेंसी से संपर्क करने की कोशिश में हैं, मगर वहां से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिल पा रहा।

**दुगना टोल, बढ़ता तनाव :** ऐसे उपभोक्ता, जिनकी केवाईसी अधूरी रह जाती है, टोल पर दुगना शुल्क चुकाने के लिए मजबूर हैं।

इससे न सिर्फ आर्थिक बोझ बढ़ रहा है, बल्कि मानसिक तनाव भी चरम पर है। जिला मंडी सहित समूचे हिमाचल प्रदेश के वाहन चालक और मालिकों ने ह्लद्ध व बैंक प्रबंधन से मांग की है कि फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को बेहद सरल बनाया जाए, ताकि आम उपभोक्ता को इस छोटे से कार्य के लिए दिनभर इधर-उधर भटकना न पड़े।

**एक बैंक, एक फास्टैग पर प्रक्रिया में फंसा सिस्टम :** ध्यान देने योग्य है कि एक वाहन में केवल एक बैंक का फास्टैग मान्य होता है।

लेकिन यदि उसकी फुल केवाईसी पूरी नहीं हुई, तो वह निष्क्रिय हो जाता है। ऐसे में उपभोक्ता जब किसी अन्य बैंक से नया फास्टैग लेना चाहता है, तो पहले पुराने टैग को पूरी तरह बंद करवाना जरूरी होता है। परंतु जब कस्टमर केयर से बात ही नहीं हो पाती, तो यह प्रक्रिया कष्ट और झंझट का रूप ले लेती है।

लोगों का कहना है कि फास्टैग जैसी तकनीक सुविधा देने के लिए बनी थी, पर अब यह तकनीकी सिरदर्द बन चुकी है। जनता की साफ मांग है कि सरकार और NHAI इस मुद्दे पर तुरंत संज्ञान ले और फास्टैग केवाईसी प्रक्रिया को इतना आसान बनाया जाए कि हर वाहन मालिक इसे बिना झंझट पूरा कर सके।




# 22 जिलों में किसानों का विरोध प्रदर्शन, उपायुक्तों को सौंपे ज्ञापन

**इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने रोहतक, इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने जींद एवं कैथल में किया प्रदर्शन**

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल




**चंडीगढ़, 3 नवंबर।** प्रदेश के कई जिलों में हजारों एकड़ में जलभराव के पानी की निकासी न होने, सरकार द्वारा अभी तक बर्बाद हुई फसलों की विशेष गिरदावरी न करवाने, बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा न देने, मंडियों में धान और बाजरे की फसल को एमएसपी से कम दामों में खरीद कर किसानों को लूटने, खाद की किल्लत कर कालाबाजारी करने और हजारों करोड़ रूपए के किए जा रहे धान घोटाले के विरोध में सोमवार को प्रदेश के सभी 22 जिलों में इनेलो नेताओं की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किए गए।

इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अभय सिंह चौटाला ने रोहतक, इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा ने जींद एवं कैथल, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शेर सिंह बडशामी ने कुरूक्षेत्र, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती ने अंबाला, संगठन सचिव उमेद लोहान न हिसार, डबवाली से विधायक अदित्य देवीलाल ने सिरसा, प्रदेश महिला प्रभारी सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद में धरने प्रदर्शन की अगुवाई की। चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भारी बारिश की वजह से पूरे प्रदेश में किसान की फसल बर्बाद हुई। लगातार प्रदेश की बीजेपी सरकार से आग्रह किया कि किसान के खेतों में खड़ा पानी निकाले और किसानों को बर्बाद हुई फसल का प्रति एकड़ 50 हजार रूपए मुआवजा दिया जाए ताकि किसान अपनी अगली फसल की बुआई कर सके।

प्रदेश की बीजेपी सरकार ने बजाय किसानों की सुध लेने के बिहार चुनावों में व्यस्त हो गई। जहां आज प्रदेश का किसान दुखी और परेशान है वहीं बीजेपी सरकार जश्न मनाने में व्यस्त है। किसानों की आवाज बुलंद करने के लिए इनेलो पार्टी आज सभी 22 जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन कर रही है और उपायुक्त को गवर्नर के नाम पर ज्ञापन सौंपे हैं। अभय सिंह ने कहा कि सरकार को एक हफ्ते का समय दिया है ताकि सरकार जलभराव के पानी की निकासी, बर्बाद हुई फसलों का 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा, मंडियों में धान और बाजरे की फसल जो कम दामों पर खरीदी गई है।

उसकी भरपाई करने जैसी मांगों को माने अन्यथा हमारी पार्टी और भी कड़े कदम उठाएगी। जींद में इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन किया गया।

### बीजेपी सरकार ने अन्नदाता को पूरी तरह से बर्बाद किया

रामपाल माजरा ने कहा कि बीजेपी सरकार ने प्रदेश के अन्नदाता को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है। बीजेपी सरकार की कुनीतियों के कारण किसान कर्जे में डूब चुके हैं। यह हरियाणा की विडंबना है कि प्रदेश में किसान और मजदूर विरोधी सरकार बनी है। सरकार तुरंत किसानों खेतों में खड़ा पानी निकाले और खराब हुई फसल का मुआवजा दे। सिरसा में इनेलो के विधायक अदित्य देवीलाल ने मोर्चा संभालते हुए बीजेपी सरकार को चेताया कि किसानों की अनदेखी बहुत महंगी पड़ेगी। प्रदेश के किसान और मजदूर बीजेपी की सरकार को हरियाणा से चलता करेंगे और किसान मजदूर हितैषी इनेलो की सरकार बनाएंगे। इनेलो के संगठन सचिव उमेद लोहान ने हिसार में प्रदर्शन की अगुवाई की और कहा कि बीजेपी सरकार में किसान आज खून के आंसू रो रहा है। इनेलो की महिला प्रदेश प्रभारी सुनैना चौटाला ने फतेहाबाद में कहा कि बीजेपी सरकार में किसान, मजदूर समेत सभी वर्ग बेहद दुखी और परेशान है।



# सीए फाइनल में विष्णु जिले में प्रथम

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल/फरीदाबाद।** फरीदाबादद इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने सोमवार को सीए फाइनल, इंटरमीडिएट और फाउंडेशन तीनों ही पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए। सीए के फरीदाबाद में सफलता हासिल करने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं का आईसीएआई फरीदाबाद शाखा द्वारा अभिनंदन किया गया। इस दौरान छात्र एवं छात्राओं के माता-पिता भी साथ थे।

फरीदाबाद शाखा के चेयरमैन राजेंदर ढिल्लन ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि सीए फाइनल के परिणामें विष्णु तंवर ने 390 अंक हासिल कर फरीदाबाद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं यश गर्ग 380 अंक हासिल करके दूसरे स्थान पर रहे। इसके अलावा पलवल निवासी नैन्सी ने 339 अंक हासिल करके फरीदाबाद में तीसरा स्थान हासिल किया है। वहीं गौरव सिंह सामंत चौथे स्थान पर रहे। इन्होंने 336 अंक हासिल किए। इसके अलावा निखिल वधवा 328 अंकों के साथ पांच स्थान पर रहे। वहं फाउंडेशन कोर्स में पार्थ मेहता ने 323 अंक प्राप्त कर प्रथम, लहर लोढ़ा 321 अंकों के साथ दूसरे और राघव सराफ 320 अंक पाकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं इंटर मीडिएट में भूमि भाटिया ने 447 अंक प्राप्त करके जिले में टॉप किया। इसके अलावा अरुण कुमार सिंह 427 अंकों के साथ दूसरे, सक्षम पहूजा 394 अंक प्राप्त करके तीसरे, इशिता भाटिया 389 अंक पाकर चौथे और संचित मेहता 385 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### निशःस्त्रीकरण सप्ताह के अवसर पर निशःस्त्रीकरण विषय पर व्याख्यान का आयोजन

**अम्बाला छावनी (रवि पाहुजा)।** अम्बाला छावनी के एस डी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग ने सोमवार को निशःस्त्रीकरण सप्ताह के अवसर पर निशःस्त्रीकरण विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया। कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. कोमल सिंह चौहान मुख्य वक्ता रहीं और उन्होंने निशःस्त्रीकरण की अवधारणा को समझाया।

सहायक प्राध्यापक नीलम ने कार्यक्रम की संयोजकता की। विभागाध्यक्ष, एसोसिएट प्राध्यापक डॉ. चिमन लाल ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। अंत में, छात्रों ने निशःस्त्रीकरण के संबंध में अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या अलका शर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभाग को बधाई दी।

# बिहार में अब तक की सबसे बड़ी जीत के साथ एनडीए सरकार बनेगी : राजेश

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद।** हरियाणा के मंत्री राजेश नागर ने बिहार के मधुबनी जिले की बिस्फी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ब्रजभूषण सिंह के समर्थन में जनसंपर्क किया। बृजभूषण सिंह वर्तमान में भी इसी विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं।

आज राजेश नागर कार्यकर्ताओं के साथ ककरोल गांव में डोर टू डोर चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे और देवतुल्य जनता से वोट मांगे। उन्होंने बताया कि मैंने बिस्फी विधानसभा के घर-घर जाकर लोगों से बात की है और उनके चेहरे आश्वस्त कर रहे हैं कि वह बिहार में भाजपा नीत गठबंधन की सरकार बनाने जा रहे हैं।जनता का स्पष्ट रूप से कहना है कि वह बिहार को विकसित राज्य के रूप में देखना चाहते हैं और इसके लिए भाजपा एनडीए गठबंधन ही एकमात्र विकल्प है। बिहार ने एनडीए का सुशासन देखा है और उसे ही आगे जारी रखना चाहते हैं।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि यहां कार्यकर्ताओं का जोश, समर्पण और राष्ट्रहित का संकल्प स्पष्ट दिखाई दे रहा है जो जनता के स्नेह और संगठन की शक्ति के साथ मिलकर बिहार में एनडीए की प्रचंड एवं ऐतिहासिक विजय का मार्ग प्रशस्त कर कर रहा है। नागर ने बताया कि यह सिर्फ चुनाव नहीं विकास और सुशासन को चुनने का महायज्ञ है। हमें दिखाई दे रहा है कि बिहार का हर मतदाता इस यज्ञ में आशीर्वाद बनकर एनडीए के साथ खड़ा है। जनता का विश्वास, कार्यकर्ताओं का परिश्रम और बिस्फी विधानसभा की अनुगूंज विजय की लहर बनकर पूरे बिहार में फैल रही है।

# उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने चिल्ली झील, हैरिटेज पार्क व जिला पुस्तकालय का किया निरीक्षण, साफ-सफाई के दिए निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**फतेहाबाद, 3 नवंबर।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने सोमवार को शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। इस कड़ी में उपायुक्त ने चिल्ली झील, हैरिटेज पार्क और स्थानीय बाल भवन में संचालित किए जा रहे जिला पुस्तकालय सहित अन्य केंद्रों का विस्तृत निरीक्षण किया।

निरीक्षण की शुरुआत चिल्ली झील से हुई। उपायुक्त ने झील में फैली जलखुम्बी व आसपास की खरपतवार को तुरंत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झील की सफाई सतत प्रक्रिया के रूप में की जाए, ताकि यह जलस्रोत लंबे समय तक स्वच्छ और सुरक्षित बना रहे। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि झील के निर्माण से अब तक हुए बजट व्यय का पूरा ब्यौरा तैयार कर शीघ्र उपायुक्त कार्यालय में प्रस्तुत किया जाए। साथ ही, यदि झील से संबंधित कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो उसकी विस्तृत जानकारी भी दस्तावेजी रूप में उपलब्ध करवाई जाए। इसके पश्चात उपायुक्त ने स्थानीय बाल भवन में संचालित किए जा रहे जिला पुस्तकालय का भी दौरा किया। उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत कर उनकी अध्ययन आवश्यकताओं की जानकारी ली।

इसके साथ ही, उन्होंने बाल भवन में चल रहे सिलाई केंद्र, बुटिक और क्रेच का निरीक्षण कर इन सुविधाओं के संचालन में गुणवत्ता और अनुशासन बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि ये केंद्र महिलाओं, युवतियों और बच्चों के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इसके बाद उपायुक्त हैरिटेज पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने पार्क की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था की स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क में लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए, ताकि सुबह और शाम के समय टहलने आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पार्क की नियमित देखरेख, घास की कटाई और बैठने की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जाए, क्योंकि पार्क नागरिकों के दैनिक जीवन का अहम हिस्सा हैं।

उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य फतेहाबाद को स्वच्छ, सुरक्षित और विकासशील बनाना है। सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की अनुपालना समयबद्ध तरीके से की जाए।

निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उपायुक्त को वर्तमान कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी भी दी।

निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया, एसडीएम राजेश कुमार, नगराधीश गौरव गुप्ता, जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता बलविंद्र नैन, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता एनके भोला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# जोनल यूथ फेस्टिवल अनुगूंज की गूंज काफी समय तक सुनाई देगी : डा. कविता

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रेवाड़ी।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर के ज़ोनल यूथ फेस्टिवल (रेवाड़ी जोन) इस बार नगर के केएलपी कॉलेज में 5 से 7 नवम्बर 2025 तक आयोजित होगा।

यहां आयोजित प्रेसवार्ता में उक्त कॉलेज की प्राचार्या प्रो. कविता गुप्ता ने बताया कि यह आयोजन की मेजबानी इस वर्ष हमारे कॉलेज को दी गई, यह हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है। यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि पहली बार किसी कॉलेज को ज़ोनल स्तर का युवा महोत्सव आयोजित करने का दायित्व मिला है।

डा. कविता ने उक्त कार्यक्रम के नाम को लेकर कहा कि अनुगूंज यानी इको यानी प्रति ध्वनि रहा और हम इस कार्यक्रम को आगामी वर्षो के लिए यादगार बनाना चाहते हैं। उन्होंने इस आयोजन में कॉलेज प्रबंधन और सभी टीम सदस्यों के सहयोग और विद्यार्थियों की ओर से की जा रही निष्ठापूर्ण तैयारियो को सराहा। उक्त उत्सव की आयोजन सचिव डॉ. बिंदु अरोड़ा ने बताया कि इस महोत्सव में 21 कॉलेज भाग ले रहे हैं। 42 विभिन्न प्रतियोगिता श्रेणियों में छात्र - छात्राएं अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# महिला विश्व कप जीत ने डब्ल्यूपीएल के मिशन को और मजबूत किया : टंडन

**यूटीसीए ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को ऐतिहासिक जीत पर दी बधाई**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** यूनियन टेरिटरी क्रिकेट एसोसिएशन (यूटीसीए) ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम को आईसीसी महिला विश्व कप में शानदार जीत दर्ज करने पर हार्दिक बधाई दी है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है और उन लाखों युवा बालिकाओं के लिए प्रेरणा है जो भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखती हैं।

बीसीसीआई की ओर से वर्ल्ड कप फाइनल देखने के लिए यूटीसीए अध्यक्ष एवं डब्ल्यूपीएल गवर्निंग काउंसिल के सदस्य संजय टंडन, यूटीसीए अध्यक्ष सारांश टंडन और यूटीसीए की एपेक्स काउंसिल के अन्य सदस्य विशेष रूप से आमंत्रित किए गए थे।

यूटीसीए महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। पिछले 26 अक्टूबर को आयोजित एजीएम में यह घोषणा की गई थी कि यूटीसीए जल्द ही विमेंस चंडीगढ़ प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीसीएल) की शुरुआत करेगा, यह देश की पहली राज्य-स्तरीय महिला क्रिकेट लीग होगी, जो डब्ल्यूपीएल पर आधारित है। इस पहल का उद्देश्य युवतियों को एक पेशेवर मंच प्रदान करना है, ताकि वे अपने क्रिकेट करियर को नई दिशा दे सकें।

संजय टंडन ने कहा, ÷भारतीय टीम की विश्व कप जीत ने यूटीसीए के मिशन को और ऊर्जा दी है। हमें विश्वास है कि यह ऐतिहासिक विजय और अधिक युवा लड़कियों को मैदान में उतरने और आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी।









# कुएं से युवक का शव मिलने से हड़कंप, शव कुछ दिन पुराना

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़।** सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया। जब कुएं में एक युवक का शव मिला। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही थाना 36 पुलिस और मोहाली पुलिस मौके पर पहुंची।और जांच पड़ताल शुरु कर दी। शव मिला वह थाना 36 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत से मिला।जानकारी के अनुसार पता चला कि पुलिस को सोमवार सूचना मिली थी कि कजहेडी के सामने वाले ग्राउंड सरकारी स्कूल के आसपास एक कुएं में शव पड़ा है। पुलिस ने शव को निकालने के लिए काफी मस्कत करनी पड़ी।और रस्सी के साथ शव को बाहर निकाला। जिसकी पहचान मोहाली कुम्हड़ा के रहने वाले 21 वर्षीय अनिल के रूप में हुई है।जो कि 29 अक्टूबर से गायब था। जिसकी रिपोर्ट थाना मोहाली में दर्ज है। पुलिस ने मामले में कुछ आरोपियों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। मामले में पता चला कि प्यार का इजहार का मामला लग रहा है। मोहाली पुलिस ने कुछ आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। बॉडी पूरी तरह से गल चुकी थी।वही मोहाली पुलिस ने मिले शव को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही असली मौत के कारणों का पता चल पाएगा।













अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)

# टेरिटोरियल आर्मी के लिए रिक्रूटमेंट रैली नवंबर 17 से 30 नवंबर लुधियाना में होने वाली है

अर्थ प्रकाश/ प्रदीप पाल

**लुधियाना 3 नवंबर** - टेरिटोरियल आर्मी ग्रुप हेडक्वार्टर वेस्टर्न कमांड ने टेरिटोरियल आर्मी के लिए रिक्रूटमेंट रैली की घोषणा की है, जो 17 नवंबर से 30 नवंबर, 2025 तक लुधियाना में होने वाली है।

यह मौका पंजाब (पठानकोट और SAS नगर को छोड़कर), हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, चंडीगढ़ और NCT दिल्ली के निवासियों के लिए है। रिक्रूटमेंट प्रोसेस मेरिट के आधार पर निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से किया जाएगा। इस रैली में सोल्जर (जनरल ड्यूटी)-716, क्लर्क-02, शेफ कम्युनिटी-06, ईआर-02, आर्टिसन मेटलर्जी-01, हाउस कीपर-01, टेलर-02 और मेस कीपर-01 शामिल हैं। यह शेड्यूल 17 नवंबर, 2025 को शुरू होगा, जिसमें पंजाब, हरियाणा और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेशों के क्लर्क और 103 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) सिख एलआई लुधियाना सहित सभी इन्फैंट्री बटालियन जोन-1 के ट्रेड्समैन शामिल होंगे। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली बाद की तारीखों में रैली में शामिल होंगे। हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ के लिए 18 नवंबर को, अमृतसर, फतेहगढ़ साहिब और बरनाला के लिए 21 नवंबर को, गुरदासपुर, रोपड़ और कपूरथला के लिए 22 नवंबर को, मनसा, फिरोजपुर और मलेरकोटला के लिए 23 नवंबर को, बठिंडा, होशियारपुर और एस.बी.एस. के लिए 15 नवंबर को, लुधियाना, लुधियाना, संगरूर, संगरूर और सिरसा के लिए 17 नवंबर को, लुधियाना, संगरूर, सिरसा ... नगर के लिए 25 नवंबर, संगरूर, मोगा और फरीदकोट के लिए 26 नवंबर, तरनतारन, पटियाला और जालंधर के लिए 28 नवंबर, फाजिल्का और लुधियाना के लिए 29 नवंबर और मुक्तसर के लिए 30 नवंबर को परीक्षा होगी। उम्मीदवारों को सुबह 02:00 AM बजे रिपोर्ट करना होगा, सुबह 05:00 AM के बाद एंट्री नहीं मिलेगी। एलिजिबिलिटी क्राइटेरिया में भर्ती की तारीख को उम्र 18 से 42 साल होनी चाहिए, साथ ही कम से कम ऊंचाई 160 cm, वजन 50 kg, और छाती का माप 77 cm और फैलाव 5 cm होना चाहिए। एजुकेशनल क्वालिफिकेशन में सोल्जर (जनरल ड्यूटी) के लिए 10वीं पास होना ज़रूरी है, जिसमें कुल 45% नंबर और हर सब्जेक्ट में 33% नंबर हों, सोल्जर (क्लर्क) के लिए 12वीं पास होना ज़रूरी है, जिसमें हर सब्जेक्ट में 50% नंबर और इंग्लिश और मैथ/अकाउंट्स/बुककीपिंग में 50% नंबर हों, और सोल्जर (ट्रेड्समैन) के लिए 10वीं पास (हाउस कीपर और मेस कीपर के लिए 8वीं पास) होना ज़रूरी है। ज़रूरी डॉक्यूमेंट्स में डोमिसाइल सर्टिफिकेट, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, जाति सर्टिफिकेट, 20 रंगीन पासपोर्ट साइज़ फोटो, ओरिजिनल मार्कशीट, PAN और आधार कार्ड की कॉपी और सिंगल या मैरिड सर्टिफिकेट, जैसा भी लागू हो, शामिल हैं। एग्जाम एरिया में मोबाइल फोन, घड़ी और इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना मना है, जो कैंडिडेट फिजिकल और मेडिकल टेस्ट में सफल होंगे, उन्हें रिटन एग्जाम देना होगा।





## बाबा श्याम के रंग में रंगे सैकड़ों श्याम भक्तों के जयकारों से गूंज जगरांव शहर

### -भक्तों ने फूलों की बारिश से निशान यात्रा का स्वागत किया

अर्थ प्रकाश/ प्रदीप पाल / जगराओं 3 नवंबर। बाबा श्याम जी के जन्मोत्सव को समर्पित, रविवार को श्याम भक्तों द्वारा एक भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। इस निशान यात्रा के दौरान, सुंदर ढंग से सजे रथ पर सवार श्री खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में भक्त निशान झंडे लेकर यात्रा में शामिल हुए। रविवार शाम को जगराओं रेलवे स्टेशन पर श्री खाटू श्याम जी की पूजा और जोत उज्जवल करने के बाद निशान यात्रा की शुरू हुई। इस यात्रा में, रथ पर सवार श्री खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए भक्त देर रात तक शहर में सड़कों के दोनों किनारों पर इंतजार करते देखे गए। इस यात्रा में भजन गायकों नीरज चढ़ा ने श्री खाटू श्याम जी का गुणगान किया।



खाटू श्याम के दरबार में भक्त उनके भजनों और धार्मिक मंत्रों की धुन पर नाचते-झूमते चल रहे थे। यह निशान यात्रा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर पुरानी दाना मंडी चौक, लाजपत राय रोड, कमल चौक, झांसी रानी चौक, रायकोट रोड से होते हुए मॉडल टाउन माता चिंतपूर्णी मंदिर में खत्म हुई। इस निशान यात्रा का रास्ते भर भक्तों ने भव्य स्वागत किया। जयकारे की गूंज के बीच रास्ते भर फूलों की बारिश की गई। श्री अग्रसेन समिति ने लगाया कड़ी कचोरी का भंडारा और बाबा खाटू श्याम जी का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। निशान यात्रा में शामिल हुए श्याम भक्तों के लिए कड़ी कचोरी का विशाल भंडारा लगाया गया। श्री अग्रसेन समिति संस्था के चेयरमैन अनमोल गर्ग और उपाध्यक्ष दीपक गोयल ने कहा कि निशान यात्रा जिसमें भक्त अपने हाथों में ध्वज (निशान) लेकर भगवान कृष्ण और बाबा खाटू श्याम के सम्मान में मंदिर तक जाते हैं। यह यात्रा भक्ति और विजय का प्रतीक है, जहाँ भक्त अपनी मन्नतें पूरी होने पर या खुशी में बाबा खाटू श्याम को निशान चढ़ाते हैं। यह निशान चढ़ाना भक्तों की गहरी आस्था और बलिदान का प्रतीक माना जाता है, जो कि धर्म की जीत के लिए श्याम बाबा द्वारा किए गए बलिदान का प्रतिनिधित्व करता है। इस मौके संस्था के अध्यक्ष कमलदीप बंसल, खजांची वैभव जैन, महासचिव मोहित गोयल और संगठन महामंत्री अमित बंसल, सचिव पुनीत बंसल , कार्यकारिणी मेंबर, , मोहित बंसल रोहित गोयल , अंकुश मित्तल, संजीव बंसल , संदीप बब्बर , वंश बब्बर, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. राजिंदर शर्मा, अग्रवाल समाज के चेयरमैन अनमोल गर्ग, हर्ष सिंगला, श्री अग्रसैन समिति के कमल बेसिल, डॉ. बीबी सिंगला, एड. बलदेव कृष्ण गोयल, पूर्व पार्षद हनी गोयल, विनोद गर्ग, हरविंदर बेसिल, विनय गुप्ता, युधिष्ठर सेन, उदय बंसल, संजीव बंसल काला, संजीव बेसिल निक्कू, रोहित कुमार, वनीत कुमार, कमल किशोर, राकेश गुप्ता, अशोक सिंगला आदि मौजूद थे।

## न्यूज ब्रीफ

### पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह थाना सदर डीएसपी स्पेशल क्राइम कुलवंत सिंह से मिलने पहुंचे

**-बलकौर सिंह ने गांव गिद्दड़विंडी के कबड्डी खिलाड़ी तेजपाल सिंह हत्या मामले का जिक्र करते हुए भावुक हो गए**

अर्थ प्रकाश/ 3 नवंबर जगराओं /रायकोट गांव मोही में एक जमीन विवाद के सिलसिले में पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह सोमवार को थाना सदर और डीएसपी स्पेशल क्राइम कुलवंत सिंह से मिलने पहुंचे।



इस दौरान उन्होंने मौके पर इस विवाद पर कोई खुली चर्चा नहीं की, लेकिन जाते-जाते पंजाब सरकार और पुलिस प्रशासन पर जमकर तंज कसे। बलकौर सिंह ने कहा कि जब भी पुलिस किसी आरोपी से हथियार बरामद करती है, तो वह उसकी जड़ तक नहीं जाती, यह पता नहीं करती कि हथियार कहां से आया और किससे खरीदा गया उसके पस कैसे पहुंचा। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस अक्सर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाती है और जांच को अधूरा छोड़ देती है। उन्होंने राज्य में बढ़ रहे कत्लों पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि यह सब कुछ पंजाब सरकार की नाकामी को उजागर करता है। बलकौर सिंह ने गांव गिद्दड़विंडी के कबड्डी खिलाड़ी तेजपाल सिंह हत्या मामले का जिक्र करते हुए भावुक होकर कहा — मैं हर कत्ल को अपने बेटे की हत्या से जोड़कर देखता हूं। तेजपाल भी अपने परिवार का इकलौता बेटा था, उसके जाने का दर्द वही समझ सकता है जिसने अपना बेटा खोया हो। सूत्रों के मुताबिक, बलकौर सिंह ने रायकोट इलाके में करीब तीन कनाल जमीन खरीदी थी जो काफी समय से खाली पड़ी हुई थी। इसी जमीन के फ्रंट हिस्से को लेकर विवाद चल रहा है, और उसी विवाद के समाधान के लिए वे सोमवार को थाना सदर जगराओं पहुंचे थे।

### डेरा बस्सी के अर्धनारीश्वर मंदिर में धूमधाम से मनाया गया तुलसी विवाह समारोह



अर्थ प्रकाश/ डेरा बस्सी, 3 नवम्बर — साधु नगर डेरा बस्सी की गली नंबर 7 स्थित अर्धनारीश्वर शिव मंदिर में सोमवार को तुलसी विवाह का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ हिस्सा लिया। मंदिर की प्रबंधक श्रीमती मोना शर्मा ने बताया कि शिवजी के पावन दिवस पर तुलसी माता का विवाह शालिग्राम जी से वैदिक विधि अनुसार संपन्न कराया गया। विवाह से पहले मंदिर की कीर्तन मंडली, साधु नगर, मोहन नगर और डेरा बस्सी क्षेत्र की महिलाओं ने ढोलक की थाप और भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली। गलियों में श्रद्धालु महिलाओं ने अपने घरों के बाहर खड़े होकर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। हर वर्ष की तरह इस बार भी यह कार्यक्रम पूर्ण रूप से धार्मिक और गैर-राजनीतिक रहा। मंदिर को विवाह समारोह की तरह सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्ति और आनंद में डूब गया। प्रसिद्ध भजन गायक श्री संजय सांवरिया ने भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित महिलाओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस अवसर पर नगर कौंसिल प्रधान श्रीमती आशू उपनेजा और श्री नरेश उपनेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे और शिव प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद का वितरण किया गया। इस पावन अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं, श्रद्धालुओं और कीर्तन मंडलियों ने भाग लेकर धार्मिक एकता और श्रद्धा का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।

### सिमरन कौर ने दशमेश खालसा कॉलेज ज़ीरकपुर का बढ़ाया गौरव



अर्थ प्रकाश /जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। दशमेश खालसा कॉलेज, ज़ीरकपुर, मोहाली की फैशन एवं टेक्सटाइल डिज़ाइन में डिप्लोमा की छात्रा सिमरन कौर ने सत्र 2025-26 के क्षेत्रीय युवा एवं लोक मेले में ऑन-साइट पेंटिंग प्रतियोगिता में 53 प्रतिष्ठित एवं बड़े कॉलेजों के विद्यार्थियों के साथ कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद दूसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज पहुँचने पर प्राचार्य डॉ. कर्मबीर सिंह एवं समस्त स्टाफ ने छात्रा का हार्दिक स्वागत किया और कड़ी मेहनत से उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएँ दीं। उल्लेखनीय है कि सिमरन कौर पंजाबी विश्वविद्यालय, पटियाला में आयोजित होने वाली अंतर-क्षेत्रीय प्रतियोगिता में रोपड़-फतेहगढ़ साहिब ज़ोन की ओर से प्रतियोगिता का हिस्सा होंगी।

### केरल : चलती ट्रेन से 19 वर्षीय युवती को धक्का, सहेली पर भी हमला; नशे में धुत आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश /तिरुवनंतपुरम। केरल में एक चलती ट्रेन से 19 वर्षीय युवती को धक्का देकर बाहर फेंक दिया गया। घटना के बाद युवती गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे तिरुवनंतपुरम मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी ने युवती की सहेली पर भी हमला किया, लेकिन वह दरवाजा पकड़कर बच गई। पुलिस ने नशे की हालत में धुत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना रविवार रात की है, जब अलुवा से तिरुवनंतपुरम जा रही केरल एक्सप्रेस ट्रेन वर्कला और कडक्कवूर स्टेशन के बीच अयंती पुल के पास पहुंची। पलोडे निवासी 19 वर्षीय युवती शौचालय से बाहर निकल रही थीं, तभी पनाचमूडु निवासी सुरेश कुमार (48) ने उन्हें अचानक धक्का दे दिया। पीड़िता ट्रेन से नीचे गिर गईं और उनके सिर व पेट में गंभीर चोटें आईं। वह अपनी सहेली के साथ यात्रा कर रही थीं। आरोपी सुरेश कुमार ने सहेली पर भी हमला किया और उसे भी धक्का देने की कोशिश की, लेकिन उसने ट्रेन का दरवाजा मजबूती से पकड़ लिया। अन्य यात्रियों ने तुरंत प्रतिक्रिया दी और अर्चना को ऊपर खींचकर बचा लिया। यात्रियों ने तत्काल रेलवे पुलिस को सूचना दी।

## मनीष तिवारी और एच.एस. लकी ने पंजाब यूनिवर्सिटी में भूख हड़ताल को समर्थन दिया

**एंटी-प्रोटेस्ट एफिडेविट को तुरंत रद्द करने और लोकतांत्रिक सीनेट स्ट्रक्चर को बहाल करने की मांग**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ / वीरेन्द्र सिंह।** पंजाब यूनिवर्सिटी में चल रहा विरोध प्रदर्शन आज पांचवें दिन में प्रवेश कर गया, जिसमें क्रप्स्ट के सेक्रेटरी अभिषेक डागर अपनी अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रखे हुए हैं। इस विरोध प्रदर्शन ने बड़े पैमाने पर ध्यान आकर्षित किया है, और इसमें यूनिवर्सिटी अधिकारियों द्वारा लगाए गए एंटी-प्रोटेस्ट एफिडेविट को रद्द करने और पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट के लोकतांत्रिक ढांचे की सुरक्षा की मांग की जा रही है।

छात्रों और उनकी जायज़ मांगों के प्रति मज़बूत एकजुटता दिखाते हुए, चंडीगढ़ से संसद सदस्य मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस. लकी आज शाम 5 बजे विरोध स्थल पर जाकर अपना पूरा समर्थन देंगे।

दोनों नेताओं ने छात्रों और सीनेट के खिलाफ अधिकारियों द्वारा की जा रही अलोकतांत्रिक कार्रवाइयों पर गहरी चिंता व्यक्त की है, जो लंबे समय से एक प्रतिनिधि और भागीदारी वाली संस्था के रूप में काम कर रही है और यूनिवर्सिटी के कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करती है।

एच.एस. लकी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी पंजाब यूनिवर्सिटी की लोकतांत्रिक भावना की रक्षा के लिए छात्रों और अकादमिक समुदाय के साथ मज़बूती से खड़ी है। 'एफिडेविट के ज़रिए असहमति को दबाना और लोकतांत्रिक संस्थानों को खत्म करना अस्वीकार्य है। यूनिवर्सिटी को तुरंत एंटी-प्रोटेस्ट एफिडेविट वापस लेना चाहिए और सीनेट के सही कामकाज को बहाल करना चाहिए,' उन्होंने कहा।

मनीष तिवारी ने दोहराया कि पंजाब यूनिवर्सिटी की अकादमिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक भागीदारी की एक समृद्ध विरासत है, जिसे हर कीमत पर संरक्षित किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऐसे अलोकतांत्रिक उपाय न केवल छात्रों के अधिकारों पर अंकुश लगाते हैं बल्कि देश भर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए एक खतरनाक मिसाल भी कायम करते हैं।

चंडीगढ़ कांग्रेस नेतृत्व ने यूनिवर्सिटी प्रशासन और उच्च अधिकारियों से छात्रों के साथ बातचीत करने, कठोर एफिडेविट वापस लेने और लोकतंत्र की उस भावना को बनाए रखने का आग्रह किया है जो दशकों से पंजाब यूनिवर्सिटी की पहचान रही है।

## छज्जावाल में श्री गुरु नानक देव जी के गुरपर्व को नगर कीर्तन का आयोजन किया गया



अर्थ प्रकाश / 3 नवंबर जगराओं गांव छज्जावाल में श्री गुरु नानक देव जी महाराज के अवतार के गुरपर्व को पवित्र मानते हुए गांव छज्जावाल में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें पंज प्यार गात्र वाले, बाबा फतेह सिंह, क्लब ने झाड़ और काली सेवा की, कमेटी प्रोड्यूसर जग मिया देगी, हिस्वास मिस डेमी, हरजीत सिंह मरार, पूर्व अध्यक्ष दर्शन सिंह सज्जर सिंह चाहिल, केवल सिंह, गुरविंदर सिंह खाबरा, चमकौर सिंह फोटोग्राफर आदि मौजूद थे.

## सन्नी एंकलेव 2 निवासियों ने सोसायटी की समस्याओं को लेकर नगर परिषद को दी लिखित शिकायत

**समस्याओं का हल करवाने की मांग की**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)**



जीरकपुर । चंडीगढ़ अंबाला रोड पर स्थित सन्नी एंकलेव 2 निवासियों ने अपनी सोसायटी की समस्याओं को लेकर नगर परिषद को लिखित शिकायत दी है और समस्याओं का हल करने की मांग की है। सोसायटी की तरफ से मांग पत्र देने गए सोसायटी निवासी संतोष कुमार, मनोज कुमार झा, भोला राम, कृष्ण लाल व बलवंत सिंह ने बताया के उनकी उनकी सोसायटी के नजदीक गुलनार मीडोज नामक सोसायटी, ओसिस बैंकविट व स्टेवेल नामक होटल है। जिनके द्वारा यहां उनकी सोसायटी में खाली पड़े प्लॉट में सीवरेज का दूषित पानी गिराया जा रहा है। जिस कारण उनकी सोसायटी में बदबू व गंदगी फैली हुई है। इसके जबकि वह इस सवंधी उनको कई बार बोल भी चुके है। वहीं गुलनार सोसायटी जोकि हाईराइज सोसायटी है उन्होंने अपना सीवरेज भी उनकी सीवरेज लाइन से जोड़ लिया है। जिस कारण सीवरेज अक्सर ओवरफ्लो रहता है। इसके इलावा उनकी सोसायटी में पड़ी करीब एक एकड़ लैंड में पानी के लिए सरकारी ट्यूबवेल लगाया हुआ, जहां खाली पड़ी जगह में रात के समय काफी अंधेरा रहता है। जिस कारण वहां लवारिश कुत्ते, व नशेड़ी युवक आ जाते है। जिस कारण सोसायटी की महिलाओं बजुर्गों व बच्चों को काफी परेशानी होती है। जिसके लिए उन्होंने नगर परिषद से यहां स्ट्रीट लाइट्स लगाने की मांग की है। सोसायटी निवासियों ने बताया के ट्यूबवेल के लिए छोड़ी पंचायती जमीन पर कुछ लोगों व पास के बिल्डरों द्वारा कबजा किया जा रहा है। जिसके लिए नगर परिषद को लिखा गया है के पंचायती जमीन की पैमाइश करवाई जाए और लोगों के कब्जे से पंचायती जमीन को छुड़वाया जाए। लोगों ने बताया के कुछ वर्ष पहले भी यहां रास्ते को लेकर काफी हंगामा हुआ था। जिस कारण सोसायटी निवासियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी थी। लोगों ने बताया उक्त शिकायतों के लिए उन्होंने नगर परिषद को लिखित शिकायत देकर उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द हल करने की मांग की है। हालंकि नगर परिषद अधिकारियों ने उन्हें अस्वाशन दिया तो दिया है। लेकिन लोगों का कहना है के यहां कोई झगड़ा होने से पहले प्रसाशन इस में जल्द से जल्द कुछ करें और लोगों को राहत दे। क्योंकि वह लोग हरेक टैक्स सरकार को देते हैं। जिसके बदले सरकार व प्रसाशन कि जिम्मेवारी बनती है के वह सोसायटी निवासियों को सुविधाएं दे और गंदगी फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। जिस के चलते उन्होंने प्रसाशन को लिखित शिकायत दी है।

आज हमारे पास लिखित शिकायत आई है। कल ही टीम भेजकर चैक करवा लिया जाएगा। जो भी जायज मांग लोगों की होगी उसे जल्द से जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

परमिंदर सिंह भट्टी, कार्यकारी अधिकारी जीरकपुर।

## ससुराल पक्ष सात लोगों पर दहेज प्रताड़ना व जान से मारने की धमकी का मामला दर्ज

अर्थ प्रकाश/ जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)। थाना ज़ीरकपुर पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके पति और ससुराल पक्ष के छह सदस्यों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया है। यह मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 115(2), 85, 316(2), 351(2) और 351(3) के तहत दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने जीरकपुर पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 18 फरवरी 2022 को मनदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय कश्मीर सिंह निवासी गांव रेल माजरा, जिला एस.बी.एस. नगर (पंजाब) के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति मनदीप कुमार, सास प्रकाश कौर, जठानी बीना देवी, जेठ भिखू, ताई सास बिमला देवी और बुआ सास अंबे देवी ने उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि उसके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी में एक छोटी गाड़ी दी थी, लेकिन ससुराल पक्ष बड़ी गाड़ी और पैसों की मांग करते रहे। जब उसने इंकार किया, तो उसे गालियां दी गईं और मारपीट की गई। महिला ने बताया कि करीब एक साल पहले भी ससुराल वालों ने उसके साथ बुरी तरह मारपीट की थी, जिसके बाद उसके पिता उसे अपने घर ले आए थे। बाद में पंचायत के हस्तक्षेप से वह फिर ससुराल चली गई, लेकिन प्रताड़ना बंद नहीं हुई। शिकायत में उल्लेख है कि 27 अप्रैल 2025 को पति और अन्य परिजनों ने मिलकर उसके साथ फिर मारपीट की। उसने जब अपने पिता को बुलाया, तो ससुराल पक्ष ने उनके साथ भी झगड़ा किया और हमला करने की कोशिश की। किसी तरह पिता उसे और उसके सात महीने के बच्चे को सुरक्षित लेकर जीरकपुर ले आए। पीड़िता ने कहा कि उसे और उसके बच्चे को ससुराल पक्ष से जान का खतरा है। पुलिस ने शिकायत पर जांच करते हुए आरोपियों — पति मनदीप कुमार, सास प्रकाश कौर, जठानी बीना देवी, जेठ भिखू, ताई सास बिमला देवी और बुआ सास अंबे देवी — के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## जहरीली शराब मामले में कोर्ट ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री जोगी रमेश और उनके भाई को न्यायिक हिरासत में भेजा

अर्थ प्रकाश /विजयवाड़ा। जहरीली शराब मामले में गिरफ्तार वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री जोगी रमेश और उनके भाई जोगी रामू को अदालत ने सोमवार को 13 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रविवार को गिरफ्तार किए गए जोगी बंधुओं को सोमवार तड़के मजिस्ट्रेट के समक्ष उनके आवास पर पेश किया गया। पुलिस रिमांड रिपोर्ट पर दलीलें सुनने के बाद मजिस्ट्रेट ने सुबह 5 बजे दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इसके बाद पुलिस दोनों को विजयवाड़ा जेल ले गई। जहरीली शराब मामले की जांच कर रहे विशेष जांच दल (एसआईटी) ने रविवार तड़के एनटीआर जिले के इब्राहिमपट्टनम स्थित उनके आवास से जोगी रमेश को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही उनके भाई रामू को भी गिरफ्तार कर लिया। एसआईटी ने जोगी रमेश और उनके भाई से विजयवाड़ा स्थित आबकारी विभाग के कार्यालय में 12 घंटे तक पूछताछ की। आधी रात के आसपास उन्हें मेडिकल जांच के लिए सरकारी अस्पताल ले जाया गया और बाद में मजिस्ट्रेट के आवास पर उनके सामने पेश किया गया। इस मामले के मुख्य आरोपी अडेपल्ली जनार्दन राव के बयान के आधार पर एसआईटी ने पूर्व मंत्री से पूछताछ की। राव ने आरोप लगाया था कि नकली शराब जोगी रमेश के निर्देशों पर बनाई गई थी। पिछले महीने वायरल हुए एक वीडियो में जनार्दन राव ने कहा कि उन्होंने टीडीपी के नेतृत्व वाले एनडीए के सत्ता में आने के तुरंत बाद नकली शराब का उत्पादन बंद कर दिया था, लेकिन जोगी रमेश ने इस साल अप्रैल में उन्हें फोन कर नकली शराब बनाने के लिए कहा था। मुख्य आरोपी ने यह भी दावा किया कि जोगी रमेश ने उसे अफ्रीका में एक डिस्टिलरी खोलने के लिए तीन करोड़ रुपए देने का आश्वासन दिया था। जनार्दन राव ने पुलिस को बताया कि 2023 में जब जोगी रमेश मंत्री थे तो उन्होंने इब्राहिमपट्टनम में नकली शराब का उत्पादन शुरू किया था। अफ्रीका रवाना होने से पहले उसने 23 सितंबर को इब्राहिमपट्टनम स्थित जोगी रमेश से उनके घर पर मुलाकात की थी। जोगी रमेश की गिरफ्तारी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में नकली शराब मामले की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग वाली याचिका दायर करने के एक दिन बाद हुई।

## हिन्दुस्तान ज़िंक का इकोजेन 75 प्रतिशत कम कार्बन फुटप्रिंट के साथ ग्रीन मेटल में अग्रणी

**सस्टेनेबल भविष्य के लिए इकोजेन औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा देने और भारत के विकसित भारत के दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण मेटल**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

3 नवंबर 2025। विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक और वैश्विक स्तर पर शीर्ष पाँच चांदी उत्पादकों में से एक, हिन्दुस्तान ज़िंक, अपने अग्रणी कम कार्बन जिंक ब्रांड, इकोजेन के साथ सस्टेनेबल नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है। एशिया के पहले कम कार्बन जिंक के रूप में, इकोजेन पारंपरिक जिंक की तुलना में 75 प्रतिशत से अधिक कम कार्बन तीव्रता प्रदान कर हरित विनिर्माण में नए मानक स्थापित करता है और भारत के प्रमुख विकास क्षेत्रों जैसे ऑटोमोटिव, रिन्यूएबल एनर्जी और इंफ्रास्ट्रक्चर में कम कार्बन सप्लाई चेन को बढ़ावा देगा।

रिन्यूएबल एनर्जी के उपयोग से उत्पादित और हिन्दुस्तान ज़िंक के आरईएसीएच प्रमाणन द्वारा समर्थित, यह उत्पाद रेस्पोसिंबल मैन्यूफेक्चरिंग के ग्लोबल स्टेण्डर्ड के अनुरूप है। अनुमान है कि स्टील को गैल्वेनाइज करने में इकोजेन के हर टन के उपयोग से लगभग 400 किलोग्राम कार्बन उत्सर्जन को रोका जा सकेगा।

इकोजेन, हिन्दुस्तान ज़िंक की अपने मुख्य परिचालनों में सस्टेनेबिलिटी को शामिल करने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जो जिम्मेदार संसाधन उत्पादन में एक परिवर्तनकारी कदम है। उन्नत तकनीक को रिन्यूएबल एनर्जी के साथ जोड़कर, हिन्दुस्तान ज़िंक अपने परिचालनों को ग्लोबल सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों के साथ संरेखित करना और सकारात्मक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाना जारी रखता है। जैसे-जैसे दुनिया भर के उद्योग कम कार्बन वाली सामग्रियों की ओर बढ़ रहे हैं, जलवायु के अनुकूल धातुओं की मांग बढ़ रही है। इकोजेन भारत में निर्मित, उच्च-प्रदर्शन, कम कार्बन वाला जिंक समाधान प्रदान करके इस आवश्यकता को पूरा करता है जो गुणवत्ता, विश्वसनीयता या मजबूती से समझौता किए बिना औद्योगिक डीकार्बोनाइजेशन का समर्थन करता है और साथ ही विकसित भारत के विजन में योगदान देता है।

हिन्दुस्तान ज़िंक के सीईओ, अरुण मिश्रा ने कहा कि हमारे लिए सस्टेनेबिलिटी और नवाचार केवल रणनीतिक प्राथमिकताएँ ही नहीं हैं, बल्कि ये हमारे संचालन का आधार भी हैं। इकोजेन, प्रौद्योगिकी और सतत नवाचार के माध्यम से पारंपरिक उद्योगों की पुनर्कल्पना में एक महत्वपूर्ण प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। जिंक उत्पादन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करके, हम विश्व में सभी ग्राहकों को उनके सस्टेनेबिलिटी लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम बना रहे हैं, साथ ही जिम्मेदार खनन और विनिर्माण प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं। हमारा ध्यान ऐसे उत्पादों के विकास पर केंद्रित है जो कम कार्बन वाली अर्थव्यवस्था में वैश्विक परिवर्तन को सक्षम और अधिक गति प्रदान करें।'

एशिया, यूरोप, अमेरिका और अन्य 40 से अधिक देशों में फैले अपने आपूर्ति नेटवर्क के साथ, हिन्दुस्तान ज़िंक इकोजेन को वैश्विक स्तर पर अपनाने के लिए अच्छी स्थिति में है। अपनी मजबूत अंतरराष्ट्रीय उपस्थिति का लाभ उठाते हुए, कंपनी का लक्ष्य इकोजेन को सतत विकास के लिए प्रतिबद्ध उद्योगों के लिए पसंदीदा कम कार्बन जिंक समाधान के रूप में स्थापित करना है। विश्व स्तरीय उत्पादन सुविधाओं, रिन्यूएबल एनर्जी उपयोग और एक मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के संयोजन से, हिन्दुस्तान ज़िंक अपने ग्राहकों को जिम्मेदारी से उत्पादित सामग्री प्रदान करने पर केंद्रित है।

एकीकृत उत्पादन में वैश्विक अग्रणी के रूप में हिन्दुस्तान ज़िंक दक्षता, नवाचार और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए, परिष्कृत जिंक और चांदी सहित अपने विविध पोर्टफोलियो का विस्तार जारी रखे हुए है। इकोजेन के साथ, हिन्दुस्तान ज़िंक सस्टेनेबल मेटल्स में अग्रणी कंपनी के रूप में अपनी भूमिका की पुष्टि करता है, भारत को कम कार्बन अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर एवं जिम्मेदार विनिर्माण में नए वैश्विक मानक स्थापित करता है।